


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 158 | सोमवार, 20 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 05 रुपया




## सार संक्षेप

### नॉन-कम्युनिकेशन मीटरों ने बढ़ाई टेंशन, उपभोक्ता परिषद ने की यह खास मांग

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही स्मार्ट मीटर परियोजना को लेकर उपलब्ध आंकड़ों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदेशभर में लगभग 92.90 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन इनमें से 1,73,163 मीटर (लगभग 1.88%) नॉन-कम्युनिकेशन की स्थिति में बताए गए हैं।

इसका अर्थ है कि ये मीटर अपेक्षित रूप से केंद्रीय प्रणाली से डेटा का आदान-प्रदान नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को पूरे मामले की समीक्षा करके एक निश्चित समय सीमा में सुधार के लिए कहना चाहिए और ऐसा न होने पर स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को तत्काल बंद कर देना चाहिए, आने वाले समय में इस पर पैसा खर्च करना फिजूल साबित होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा स्मार्ट मीटर परियोजना का मूल उद्देश्य रियल-टाइम डेटा, सटीक बिलिंग, पारदर्शिता और उपभोक्ता सेवाओं में सुधार है। यदि बड़ी संख्या में मीटर ही संचार नहीं कर पा रहे हैं, तो परियोजना के प्रमुख उद्देश्यों की प्रभावशीलता प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे राजस्व प्रबंधन, बिलिंग, तकनीकी निगरानी तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### मानसून सत्र से पहले बोलीं मायावती- संसद में शोर नहीं, जनहित के मुद्दों पर हो बहस राम मंदिर चढ़ावा मामले का भी किया जिक्र

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संसद में बार-बार के हंगामे और स्थगन की बजाय जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में मायावती ने कहा कि देश इस समय महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, पेपर लीक समेत कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में संसद का समय इन समस्याओं के समाधान खोजने में लगाया जाना चाहिए।

बसपा प्रमुख ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर व्यापक जनचर्चा और आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इसकी गूंज सड़कों से लेकर अदालत तक सुनाई दे रही है और संसद में भी इस विषय पर चर्चा होने की संभावना है।

### 'NCPI को चुनाव आयोग से मिली मान्यता': सुदीप बंद्योपाध्याय का विपक्ष पर निशाना, सर्वदलीय बैठक से किया था वॉकआउट

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों की मौजूदगी का विपक्षी दलों ने विरोध किया। इस पर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी को चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद टीएमसी के 19 अन्य बागी टीएमसी सांसदों के साथ एनसीपीआई में शामिल हुए बंद्योपाध्याय ने दावा किया कि एनसीपीआई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का सबसे बड़ा घटक दल भी है। उन्होंने कहा, "मैंने कभी सर्वदलीय नेताओं की बैठक के दौरान वॉकआउट होते नहीं देखा। एनसीपीआई को चुनाव आयोग की मान्यता प्राप्त है। काकोली घोष दस्तीदार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सभी दस्तावेज सौंपने जा रही हैं।"

# मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, विधायी एजेंडे पर मंथन

## तृणमूल-शिवसेना मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र से एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार ने आगामी विधायी एजेंडा रखा। तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों और शिवसेना (उबाठा) से जुड़े मामलों पर विपक्ष ने विरोध जताते हुए कुछ देर के लिए बैठक का बहिष्कार किया। बैठक में कई नए विधेयकों के साथ राम मंदिर चढ़ावा, सोनम वांगचुक का अनशन और पेपर लीक जैसे मुद्दे भी उठे।

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के आरंभ से एक दिन पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय



बैठक में सरकार के विधायी एजेंडे और विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) में बगावत से जुड़े मामलों को लेकर पूरे विपक्ष ने कुछ समय के लिए वॉकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया।

विपक्ष का कहना था कि तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के मामले में लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष अंतिम फैसला अभी लंबित है। ऐसे में इस समूह को नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के रूप में सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित करना उचित नहीं था।

# यूपी में मानसून का कहर, 31 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट; सरयू, गंगा, शारदा और यमुना उफान पर

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से प्रदेश की प्रमुख नदियां भी उफान पर हैं। सरयू, गंगा, शारदा और यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। गोरखपुर में छह घंटे में 110 मिमी बारिश हुई है, जबकि 31 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 24 जुलाई तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

रविवार को राजधानी लखनऊ समेत अधिकांश जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई, जबकि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सभी 75 जिलों में वर्षा की संभावना जताई है। इनमें 31 जिलों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के असर से पूरे प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बलिया में सरयू नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच

जलस्तर बढ़ने से रत्नेश्वर महादेव मंदिर जलमग्न हो गया, जबकि दशाश्वमेध घाट की सीढ़ियां भी पानी में डूब गई हैं। कानपुर में गंगा



गई है, जिससे करीब 100 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नदी किनारे तेज कटान से मकान नदी में समा रहे हैं।

लखीमपुर खीरी में शारदा नदी की कटान से एक और मकान ढह गया। वाराणसी में गंगा का

चेतावनी स्तर तक पहुंचने के बाद प्रशासन ने नौकायन पर रोक लगा दी है। प्रयागराज में संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं को नदी से दूर रहने की सलाह दी जा रही है, वहीं मथुरा-वृंदावन में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

## राज्यसभा में आज अमित शाह पेश करेंगे वंदे मातरम् बिल

### अपमान करने पर हो सकती है 3 साल तक की जेल

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम् बिल पेश करेंगे। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है।



यदि यह विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाता है तो राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम में संशोधन लागू होगा और वंदे मातरम् का अपमान या उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालना दंडनीय अपराध बन जाएगा।

प्रस्तावित कानून के अनुसार, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गान की तरह कानूनी संरक्षण दिया जाएगा। अभी राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम के तहत राष्ट्रीय गान के सम्मान से जुड़े स्पष्ट प्रावधान हैं, लेकिन राष्ट्रीय गीत के लिए ऐसी समान कानूनी व्यवस्था नहीं है। सरकार का कहना है कि इस संशोधन के बाद राष्ट्रीय गीत भी अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रीय गान की तरह कानूनी संरक्षण के दायरे में आ जाएगा।

विधेयक के अनुसार यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर वंदे मातरम् का अपमान करता है, उसके गायन में बाधा डालता है या राष्ट्रीय गीत गा रही सभा में व्यवधान उत्पन्न करता है, तो उसे तीन वर्ष तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। यह प्रावधान वर्तमान में राष्ट्रीय गान जन गण मन के सम्मान से जुड़े कानून के समान होगा।

यह विधेयक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई को राज्यों को जारी किए गए निर्देशों के बाद लाया जा रहा है।

# यूपी के हर जिले में लगेंगे 1000+ बायोगैस प्लांट

## गोबर से गैस-खाद और कमाई; ग्रामीणों को मिलेगा अनुदान, जानिए सरकार का पूरा प्लान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को गो आधारित ग्रीन इकोनॉमी का राष्ट्रीय मॉडल बनेगी। प्रत्येक जिले में 1,000 से अधिक मिनी बायोगैस प्लांट स्थापित करने की तैयारी है। इस परियोजना के तहत स्थायी (फिक्स) और पोर्टेबल दोनों तरह के प्लांट लगाए जाएंगे। सरकार ग्रामीणों को प्लांट लगाने के लिए अनुदान देने की रूपरेखा भी तैयार कर रही है। परियोजना में आईआईटी दिल्ली तकनीकी साझेदार होगा, जबकि 15 से अधिक अग्रणी कंपनियों ने इसके क्रियान्वयन में रुचि दिखाई है।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अनुसार इस योजना का उद्देश्य गोशालाओं को केवल पशु संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि ""रूरल रिसोर्स एंड एनर्जी हब"" के रूप में विकसित करना है। यहां गोबर से बायोगैस, बायो-सीएनजी, जैविक खाद और भविष्य में कार्बन क्रेडिट जैसी गतिविधियों की पूरी वैल्यू चेन तैयार की जाएगी।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा,



आय और रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे। योजना के तहत एक मिनी बायोगैस प्लांट पर 25 हजार से 40 हजार रुपये तक का खर्च आएगा। आईआईटी दिल्ली प्लांट की तकनीक, स्थापना, संचालन और रखरखाव के साथ युवाओं के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं निजी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियां तकनीकी सहयोग और परियोजना के विस्तार में भागीदारी करेंगी, जिससे आधुनिक तकनीक गांवों तक पहुंचेगी।

सरकार इस परियोजना के जरिए प्रदेश में ग्रीन टेक्नीशियन की नई पीढ़ी तैयार करने की भी योजना बना रही है। आईआईटी दिल्ली के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को बायोगैस प्लांट लगाने, संचालित करने और रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सीएम योगी बोले- आपदा प्रबंधन हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए, मुख्यालय के नए भवन का किया लोकार्पण

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपदा के प्रति पहले से सतर्कता, तैयारी और जागरूकता जन-धन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपदा प्रबंधन हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। असामान्य आचरण से नुकसान बढ़ता है, जबकि थोड़ी सी अवेयरनेस बड़ी हानि को नियंत्रित कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नवीन मुख्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हाल ही में खराब मौसम के कारण एक ही दिन में हुई 111 मौतों पर गहरा दुख और नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ सहित फतेहपुर, प्रयागराज, जौनपुर और आजमगढ़ जैसे कई जनपदों में अचानक बदले मौसम से ये मौतें हुईं, जिन्हें बेहतर समन्वय से रोका जा सकता था। उन्होंने अधिकारियों को आपदा से बचाव के लिए 'अर्ली वार्निंग सिस्टम' को तुरंत प्रभावी बनाने और आपसी कोऑर्डिनेशन के साथ काम करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

सीएम ने कहा कि प्रायः आपदा व जनधन की व्यापक हानि के बाद हम लोग सक्रिय होते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं लेकिन आपदा के प्रति पहले से सतर्कता, तैयारी व जागरूकता जनधन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। दैनिक जीवन, स्कूली पाठ्यक्रम व परिवार में संवाद के जरिए इसके बचाव के बारे में बताने की आवश्यकता है। सीएम ने बचपन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय स्कूल व परिवारों में चर्चा होती थी कि आग, भूकंप, बाढ़ के दौरान क्या सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि इन घटनाओं में असामान्य आचरण नुकसान पहुंचाता है, लेकिन जागरूकता के जरिए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए तो जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने घटनाओं को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति को खतरनाक बताया। उन्होंने प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। जिन आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें इस भर्ती में प्राथमिकता देंगे। होमगार्ड को भी आपदा मित्र का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। यह फर्स्ट रिस्पांडर हैं। सरकार इन्हें अच्छी सुविधा, मानदेय, पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, घटना-दुर्घटना होने पर परिजनों को लगभग 35-40 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराती है।

## 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता': ईरान के समझौते से पीछे हटने पर बोले ट्रंप

एजेंसी समाचार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच हुए अंतरिम समझौते (एमओयू) का पालन नहीं करने के तेहरान के फैसले से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका की प्राथमिकता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है।

एक अमेरिकी समाचार चैनल को दिए संक्षिप्त फोन साक्षात्कार में ट्रंप से ईरान के उस एलान पर सवाल किया गया, जिसमें उसने



कहा था कि वह पिछले महीने अमेरिका के साथ हुए अंतरिम समझौते का पालन नहीं करेगा। इस पर ट्रंप ने कहा, "मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।" उन्होंने कहा कि इस युद्ध का मुख्य उद्देश्य ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देना है।

अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन को लेकर छिड़े ताजा संघर्ष के चलते दोनों देशों में मतभेद बढ़ गए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद समझौता जून के मध्य में हुआ था। इसका उद्देश्य अमेरिका और इस्राइल की ओर से फरवरी में शुरू किए गए युद्ध को समाप्त करना था।

## ग्राम प्रधान और जिला पंचायत अध्यक्ष की तरह ब्लॉक प्रमुख भी बने प्रशासक, जारी किया गया आदेश

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में ग्राम प्रधानों व जिला पंचायत अध्यक्षों की तरह ब्लॉक प्रमुखों को भी प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के सभी ब्लॉक प्रमुखों का पांच वर्षीय कार्यकाल 19 जुलाई को समाप्त हो गया। इसके साथ ही प्रदेश की सभी क्षेत्र पंचायतों का निर्वाचित कार्यकाल भी खत्म हो गया। इससे नई क्षेत्र पंचायतों के गठन और ब्लॉक प्रमुखों के चुनाव तक मौजूदा ब्लॉक प्रमुखों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। प्रशासक नियुक्त किए जाने से क्षेत्र पंचायतों में विकास कार्यों, वित्तीय स्वीकृतियों और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## मानसून सत्र में सरकार पेश करेगी पांच नए विधेयक

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में पांच नए विधेयक पेश करने जा रही है। इनमें आयकर और एमएसएमई सुधार, सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने और जन्म-मृत्यु पंजीकरण कानून में बदलाव से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। 18वीं लोकसभा के आठवें सत्र के दौरान सरकार आयकर (संशोधन) विधेयक, 2026 और सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। इन दोनों विधेयकों के जरिए पहले जारी अध्यादेशों की जगह कानून बनाया जाएगा। इसके अलावा सरकार जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 भी सदन में पेश करेगी।





संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को केंद्र सरकार राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' के अपमान को दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक विधेयक पेश करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन)' विधेयक, 2026' को सदन में पेश करेंगे। यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में संशोधन करेगा। मौजूदा कानून के तहत राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का अपमान करना अपराध है, जिसके लिए तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। प्रस्तावित संशोधन के तहत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को भी राष्ट्रगान के समान कानूनी संरक्षण दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति 'वंदे मातरम्' के गायन में बाधा डालता है या किसी भी रूप में उसका अपमान करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। सरकार यह विधेयक ऐसे समय ला रही है, जब देशभर में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रगान के समान कानूनी दर्जा और सुरक्षा देने की दिशा में यह कदम उठा रही है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय सभी राज्यों को पत्र लिखकर निर्देश दे चुका है कि जहां भी सरकारी कार्यक्रमों में 'जन गण मन' गाया जाए, वहां 'वंदे मातरम्' का गायन या वादन भी अनिवार्य रूप से किया जाए।

## वांगचुक मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई: अंतरिम आदेश देने से किया इनकार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और विवेक तंखा कोर्ट रूम में मौजूद रहे। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा भी अदालत में पक्ष रखे। अदालत ने कोई अंतरिम आदेश पारित करने से मना कर दिया। अदालत ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही सोनम वांगचुक के साथ मौजूद उनकी पत्नी व अन्य लोगों को अलग रेस्ट रूम देने के लिए निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि उन्हें सोनम से मिलने का एक्सेस दिया जाएगा। यह सुनवाई उनकी पत्नी गीतांजलि आंग्मो की ओर से दायर याचिका पर हुई। वहीं, सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल में चिकित्सा देखभाल मिल रही है।

अपने वकील और अपने डॉक्टर से मिलने से मना कर दिया गया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल



जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर हैं। सोनम वांगचुक की तरफ से कपिल सिब्बल ने बहस की शुरुआत की, सिब्बल ने कहा कि हम रिहाई चाहते हैं। हमने मेदांता हॉस्पिटल से बात की है। हमें

चेतन शर्मा ने कहा कि हम इस मैटर को डील कर रहे हैं, कृपया 16 जुलाई के आदेश को देखा जाए, जिसमें कहा गया है कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा नियमित जांच की जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल हस्तक्षेप किया जाए।

## एक नजर



### चलती कार बनी आग का गोला, बाल बाल बचे सवार

**बहेड़ी।** हाइवे पर बसे गांव गुड़वारा में प्राथमिक विद्यालय के निकट एक कार में आग लग गयी । सतर्कता के चलते उसमें बैठे तीन युवक साफ बच गये। सूचना पाकर आनन फानन फायर स्टेशन प्रभारी योगेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। कस्बा रिछा निवासी मो साहिल कार से अपने दो साथियों के साथ गाँव जोखनपुर के रास्ते बहेड़ी आ रहे थे। गुड़वारा गाँव के पास बोनट से धुंआ निकलते देख उन्होंने कार रोकी तो चिंगारी उठते दिखी। आनन फानन सभी कार सवार उतरे ही थे कि अचानक कार से तेज लपटें उठीं और कार धू धू कर जलने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड के साथ ही पी आर वी के जवान भी मौके पर पहुँच गये। आग से कार पूरी तरह तबाह हो गई।

# स्मैक के कच्चे माल की बड़ी खेप पकड़ी, चार तस्कर गिरफ्तार

## एएनटीएफ ने करीब पांच कुंतल एसिटिक एनहाइड्राइड किया बरामद, हरियाणा से पश्चिम बंगाल तक फैला था नेटवर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) बरेली इकाई को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने स्मैक तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले करीब 4.98 कुंतल एसिटिक एनहाइड्राइड प्रिकर्सर केमिकल के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो वाहन, पांच मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है। सभी के खिलाफ थाना शाही में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एएनटीएफ प्रभारी विकास यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बदायूं निवासी वासिद, अमरोहा निवासी जोगेश सिंह, तेजपाल सिंह और अरुण कुमार शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हरियाणा के मेवात क्षेत्र से एसिटिक एनहाइड्राइड खरीदकर लाए थे। योजना के अनुसार इस केमिकल को बदायूं के रास्ते पश्चिम बंगाल में सक्रिय बड़े तस्करों तक पहुंचाया जाना था, जहां इसका इस्तेमाल स्मैक बनाने में किया जाना था। जांच में यह भी पता चला कि गिरोह का संचालन जोगेश सिंह कर रहा था। वह लंबे समय से साथियों के साथ मिलकर प्रिकर्सर केमिकल की अवैध आपूर्ति कर रहा था। इस कारोबार से होने वाली कमाई सभी आरोपी आपस में बांट लेते थे। एएनटीएफ ने कार्रवाई के दौरान 498.35 किलोग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड, दो वाहन, पांच मोबाइल फोन और 1,080 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और पूरे सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी है, ताकि तस्करी की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया जा सके।

## बैनामे के बावजूद जमीन पर कब्जा पाने की जद्दोजहद

**बहेड़ी।** आवासीय भू खंड को खरीद कर उसका बैनामा करा लेने के बावजूद एक महिला अपना कब्जा हासिल करने को अधिकारियों के चक्कर काट रही है पर अभी तक उसे उसका हक नहीं मिल सका है। क्षेत्र के गाँव परेवा तथा हाल में मोहल्ला लोधीपुर निवासी स्वाति पत्नी द्वारा एसडीएम गोपाल शर्मा को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक उसने अपने मोहल्ले के पीछे बसे गाँव लोदीपुर निवासी रामा देवी पत्नी पप्पू लाल से 66.914 वर्ग मीटर भूमि 2.75 लाख में खरीदकर उसका बैनामा भी करा लिया था। आरोप है कि वह जब अपनी क्रय की गई भूमि पर कब्जा लेने पहुंची तो बिक्रेता पक्ष के कुछ लोग जान से मारने की नीयत से हमलावर हो गये। पीड़िता ने जमीन पर कब्जा दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि वह इससे पूर्व तीन बार समाधान दिवस में अपना दर्द बयां कर चुकी है।

## संक्षेप समाचार

### महिला की मौत का कारण अस्पष्ट, बिसरा किया प्रिजर्व

**बहेड़ी।** कथित तौर पर कैंसर ग्रस्त एक महिला के निधन के बाद उसे दफना दिए जाने और फिर महिला के मायके पक्ष की ओर से हत्या का आरोप लगाकर जिला प्रशासन से शिकायत करने मामले में एक सप्ताह बाद कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाने तक की घटना कोई मूर्त रूप नहीं ले सकी। मौत का कारण पोस्टमार्टम में स्पष्ट न होने की वजह से बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। मालूम हो कि मोहल्ला बाजार, मुंडिया रेलवे फाटक निवासी मो. ताहिर की पत्नी तबस्सुम का निधन बीती 12 जुलाई को हो गया था। उसे कैंसर रोग से ग्रस्त बताया गया था। परिजनों व मोहल्ले के लोगों की मौजूदगी में उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया। घटना के बाद हल्द्वानी निवासी मृतका के भाई इल्यास अहमद की ओर से जिलाधिकारी से मृतका को जहर देकर मार देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई। डी एम द्वारा मामले को एस एस पी को संदर्भित किया गया तो उनके आदेश पर बीते दिन कब्र से मजिस्ट्रेट व परिजनों की मौजूदगी में शव निकालकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया था। कोतवाल दिनेश शर्मा ने बताया कि महिला की मौत का कारण अस्पष्ट होने के कारण बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। आगे, रिपोर्ट के आधार पर ही कोई कदम बढ़ाया जा सकता है।

### खम्भे में उतरा करेंट, चपेट में आकर गोवंश की मौत



**बरेली।** रविवार गुलाब नगर बजरिया में सड़क पर करंट उतरने के बाद एक गोवंश सांड की मौके पर ही मौत हो गई घटना लगभग साढ़े 12 बजे की बताई जा रही है जिसकी सूचना मिलते ही नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर निगम की टीम एवं वाहन मौके पर भेजा। वहीं किला थाना प्रभारी ने भी मामले का संज्ञान लिया और उनके निर्देश पर चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। करंट की चपेट में आए गोवंश का सुरक्षित तरह से रेस्क्यू कराकर वहां से हटवाया गया तथा संबंधित विभागों के समन्वय से स्थिति को सामान्य कराया गया। समय पर हुई इस त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। नगर आयुक्त संजीव मौर्य, किला पुलिस, नगर निगम की टीम एवं सभी संबंधित अधिकारियों का क्षेत्रवासियों ने हार्दिक आभार व्यक्त किया साथ ही बिजली विभाग से मांग की के वह बिजली के तारों एवं खभों की जांच कारण जिससे हाथ से की पूर्णावती ना हो सके।

### मंदिर हटाने पर बवाल! महंत रामदास बोले- स्थानांतरण हुआ तो करूंगा आत्मदाह, अखाड़ों ने प्रशासन को दी चेतावनी

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के चाण्डयपुर स्थित श्री ब्रह्मदेव महाराज मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर के स्थानांतरण के विरोध में अब तमाम अखाड़े और संत समाज खुलकर महंत रामदास के समर्थन में उतर आए हैं। भमोरा थाना क्षेत्र के चाण्डयपुर में स्थित श्री ब्रह्मदेव महाराज जी के मंदिर के स्थानांतरण को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। मंदिर के महंत रामदास को विभिन्न अखाड़ों और संत समाज का समर्थन मिल रहा है। संतों और अखाड़ों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मंदिर का स्थानांतरण किया जाता है तो उसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। इस दौरान मंदिर के महंत रामदास ने भावुक होते हुए कहा कि यदि मंदिर को जबरन स्थानांतरित किया गया तो वह आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। महंत के इस बयान के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और श्रद्धालुओं में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। अखाड़ों के संतों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर से जुड़े मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाए और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाए। वहीं, इस पूरे मामले पर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# छह महीने पुरानी सीसी सड़क फिर खोदी गई, लोगों ने उठाए योजना और गुणवत्ता पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में फैयाज बिल्डिंग से कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सीसी सड़क को पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से खोद दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि यह सड़क करीब छह से सात महीने पहले ही बनाई गई थी। नई सड़क को दोबारा तोड़े जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण से पहले संबंधित विभागों के बीच समन्वय होता और पाइपलाइन का कार्य पहले ही पूरा करा लिया जाता, तो नई सड़क को नुकसान नहीं पहुंचता। उनका आरोप है कि बिना समुचित योजना के विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे सरकारी धन के साथ-साथ आम जनता को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क खोदे जाने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़क की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराई जाए, ताकि आने-जाने में कोई परेशानी न हो। फिलहाल लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि संबंधित विभाग सड़क को कितनी जल्दी दोबारा बनवाता है और भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# छुट्टी की मांग पर भड़के आउटसोर्स सफाई कर्मचारी, ठेकेदारों के खिलाफ खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों ने साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलने और कथित शोषण के विरोध में रविवार को प्रदर्शन किया। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारी कोतवाली पहुंचे और दो ठेकेदारों के खिलाफ तहरीर देकर निष्पक्ष जांच व कानूनी कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे पूरे महीने लगातार ड्यूटी कराई जाती है और छुट्टी मांगने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। संघ के शाखा अध्यक्ष आशीष कुमार वाल्मीकि के अनुसार नगर निगम के कई वार्डों में आउटसोर्स सफाई कर्मियों से बिना साप्ताहिक अवकाश दिए नियमित सफाई कार्य कराया जा रहा है। उनका आरोप है कि रविवार को भी कर्मचारियों को ड्यूटी करने के लिए बाध्य किया जाता है। यदि कोई कर्मचारी अवकाश की बात करता है तो उसे डराया-धमकाया जाता है और काम से निकालने की चेतावनी दी जाती है। कर्मचारियों का कहना है कि रविवार सुबह कई सफाई कर्मियों ने जबरन ड्यूटी पर बुलाए जाने की जानकारी संघ को दी। इसके बाद जब संबंधित ठेकेदारों से संपर्क किया गया तो कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया। संघ ने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान अपमानजनक और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया तथा शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। संघ ने अपनी शिकायत में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता-2020 और उत्तर प्रदेश शासन के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को भी साप्ताहिक अवकाश मिलना उनका अधिकार है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की जा रही है।

### युवाओं को तनाव दे रही पुलिस की नौकरी

**बरेली।** पुलिस की नौकरी अब युवाओं को रास नहीं आ रही है। नई पीढ़ी के कुछ लोग इस नौकरी का तनाव झेलने से कतरा रहे हैं तो कुछ तरक्की की डगर पर कदमताल कर रहे हैं। यही वजह है जो नए दरोगा सिपाही इस्तीफा देकर दूसरी नौकरियों का रुख कर रहे हैं। डेढ़ साल में बरेली जिले में तैनात 35 पुलिसकर्मियों ने इस्तीफा दे दिया है। कुछ ने निजी कारणों से नौकरी छोड़ी तो कई ने दूसरे विभागों में चयनित होने पर नौकरी को अलविदा कहा है। एक जनवरी 2025 से 17 जुलाई 2026 तक 35 लोग पुलिस की नौकरी छोड़ चुके हैं। दरोगा सचिन राठी ने कैबिनेट सचिवालय में डीएफओ पद पर चयन होने के कारण पुलिस की नौकरी से इस्तीफा दे दिया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्द्रपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# उत्तर प्रदेश ताइक्वान्डो संघ की कमान ईशान ग्वाल को, कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष मनोनीत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** फरीदपुर के दिवंगत भाजपा विधायक एवं शिक्षाविद् डॉ. प्रो. श्यामबिहारी लाल के पुत्र ईशान ग्वाल को उत्तर प्रदेश ताइक्वान्डो संघ (पंजीकृत) का मनोनीत अध्यक्ष बनाया गया है। खेल संगठन में मिली इस अहम जिम्मेदारी को उनके सार्वजनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत माना जा रहा है। संघ के महासचिव अनिल कुमार ने 13 जुलाई 2026 को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ईशान ग्वाल के नेतृत्व में प्रदेश में ताइक्वान्डो को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ईशान अपने पिता की जनसेवा और खेलों के प्रति समर्पण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। मनोनीत अध्यक्ष बनने के बाद ईशान ग्वाल ने इसे अपने जीवन का सम्मानपूर्ण और भावनात्मक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि युवाओं और खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का माध्यम है। उनका प्रयास रहेगा कि ताइक्वान्डो की पहुंच प्रदेश के प्रत्येक जिले, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़े और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण व प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने संघ के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पारदर्शिता, टीमवर्क और समर्पण के साथ उत्तर प्रदेश को ताइक्वान्डो के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। ईशान ग्वाल के मनोनयन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। खेल जगत से जुड़े लोगों ने उम्मीद व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में ताइक्वान्डो को नई पहचान मिलेगी और प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

# हत्या के मामले में आंवला पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो नामजद आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लाठी भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई को ग्राम करुआताल निवासी कुँवरपाल ने तहरीर देकर बताया था कि उनके भतीजे धर्मेंद्र के साथ कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। धर्मेंद्र को बचाने पहुंचे उनके भाई पूरनलाल पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान पूरनलाल के साथ गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में थाना आंवला में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई। रविवार को मुखबिर की सूचना पर भमोरा रोड स्थित करुआताल मोड़ के पास हनुमान मंदिर के निकट से यादराम (34) और भानू प्रताप (20) निवासी ग्राम करुआताल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि वारदात में प्रयुक्त लाठी को गांव के पास एक यूकेलिप्टस के खेत में फेंक दिया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लाठी बरामद कर ली। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मृतक के पुत्र धर्मेंद्र और आरोपियों के भाई के बीच धान की रोपाई के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें बीच-बचाव करने आए पूरनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।




कार्यक्रम

बरेली में प्रेस वार्ता कर बोले सपा नेता – शिक्षा संस्थानों को विवादों से दूर रखे सरकार, विद्यार्थियों का भविष्य सर्वोपरि

# जौहर विवि पर कार्रवाई को लेकर सपा का हमला, सरकार पर लगाए प्रतिशोध की राजनीति के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं बहेड़ी विधायक अताउर रहमान, जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने रविवार को बरेली स्थित पार्टी कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर रामपुर के मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर प्रदेश सरकार की कार्यशैली की आलोचना की। अताउर रहमान ने कहा कि जौहर विश्वविद्यालय हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और उच्च शिक्षा से जुड़ा संस्थान है। उनका कहना था कि यदि किसी मामले में कानूनी या प्रशासनिक विवाद है तो उसका समाधान न्यायालय और कानून के दायरे में होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष से जुड़े संस्थानों के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई कर रही है, जिससे शिक्षा का माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार पेपर लीक और परीक्षाएं रद्द होने जैसी घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और समाजवादी पार्टी छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों से जूझ रही है, लेकिन सरकार इन विषयों पर ध्यान देने के बजाय अन्य मुद्दों को प्रमुखता दे रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को राजनीतिक विवादों का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि सरकार को शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी अवैध गतिविधि का समर्थन नहीं करती, लेकिन प्रत्येक मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और समान कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े किसी भी कदम से विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रेस वार्ता में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर



फाइलों पर साइन करते एसपी।

### नये पुलिस अधीक्षक ने संभाला चार्ज

**रामपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा विधिवत कार्यभार ग्रहण किया ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, एवं सभी क्षेत्राधिकारी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।

### ईंट-पत्थर फेंकने का विरोध करने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ओसी गांव की रहने वाली तसनहा शाह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पड़ोस के कुछ लोग आए दिन उनके घर पर ईंट–पत्थर फेंकते हैं। आरोप है कि प्रार्थिनी के घर मुस्कान, हसीना और फरीना आए दिन ईंट पत्थर फेंकते रहते है। 17 जुलाई की सुबह आरोपियों द्वारा किए गए पथराव में पीड़िता की 5 वर्षीय बेटी जैनब के सिर पर गंभीर चोट लग गई ।जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली–गलौज की, मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# सावन को लेकर बिजली के खंभों को पॉलीथिन लगाकर किया कवर

## कोसी पुल, आंबेडकर पार्क, विकास भवन और मंदिरों के आस-पास लगे खंभों पर लगाए गए कवर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिले में आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है। कांवड़ यात्रा वाले मार्गों व शिवालयों के पास बिजली के खंभों को पॉलीथिन लगाकर कवर किया गया। वहीं, कांवड़ मार्ग चकाचक होंगे। इसके लिए डीएम अजय कुमार द्विवेदी की ओर से संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि इस कार्य में लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस बार जिले के प्रमुख मार्गों को कांवड़ मार्ग के लिए चिह्नित किया गया है। इसके साथ ही गंगा घाटों पर लगने वाले कांवड़ मेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। जिले के शिवालयों पर भी होने वाले जलाभिषेक की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने ऊर्जा निगम और जिला पंचायत राज विभाग समेत अन्य विभागों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है।



थाना सिविल लाइंस के सामने खंभे पर लगा पॉलिथिन कवर।

### शिवभक्तों के लिए विशेष इंतजाम

सावन मास और आगामी शिवरात्रि पर्व को देखते हुए विद्युत विभाग पूरी तरह सक्रिय है। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हाईवे पर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों पर पॉलीथिन लपेटने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। यह कदम बरसात के मौसम में खंभों में करंट उतरने के खतरे को रोकने के लिए उठाया गया है, जिससे कांवड़ियों को संभावित दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। विद्युत विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश पर यह कार्य किया जा रहा है। हाईवे के सभी संवेदनशील और मुख्य मार्गों पर स्थित खंभों को कवर किया जा रहा है, ताकि करंट लगने की किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण कर रही है। इसका उद्देश्य क्षेत्र से गुजरने वाले लाखों कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरे का सामना न करने देना है।

कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए कोसी पुल, आंबेडकर पार्क, थाना सिविल लाइंस, शिवालयों के बाहर लगे खंभों को पालिथिन लगाकर कवर किया गया है इसके अलावा शहर में भी कार्य कराया जा रहा है। – इ.सतेंद्र चौहान, अधीक्षण अभियंता।

# तेंदुए के हमले में युवक घायल, ग्रामीणों में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव सीतारामपुर में रविवार को खेत पर गए एक युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया।हमले में युवक के पैर में गहरे घाव हो गए। ग्रामीणों ने शोर मचाकर किसी तरह तेंदुए को भगाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

गांव सीतारामपुर निवासी अरुण सैनी रविवार को अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान पास के जमुना-जमनी जंगल से निकला तेंदुआ अचानक उन पर झपट पड़ा। तेंदुए के पंजों के वार से अरुण के पैर में गंभीर चोटें आईं। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।ग्रामीणों ने घायल अरुण सैनी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में जंगली जानवर लगातार जंगल से निकलकर खेतों और आबादी की ओर पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। वन दरोगा प्रिंस कुमार ने बताया तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की जाएगी। शीघ्र पिंजरा लगाकर कैद किया जाएगा।उधर ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को शीघ्र पकड़ने, प्रभावित क्षेत्र में नियमित गशत कराने और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।सावधानीः वन विभाग और स्थानीय लोगों का कहना है,बारिश के मौसम में खेतों और जंगल के आसपास अकेले जाने से बचें। सुबह और शाम के समय विशेष सतर्कता बरतें तथा जंगली जानवर दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचना दें।

## काशीपुर मार्ग पर नाला निर्माण बना दुकानदारों की परेशानी, कार्य में तेजी की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग पर प्रस्तावित नाला निर्माण का कार्य स्थानीय दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। नाले की खुदाई होने से मार्ग पर आवागमन प्रभावित है, जिससे दुकानों तक ग्राहकों का पहुंचना मुश्किल हो रहा है। इससे व्यापार भी प्रभावित होने लगा है ।दुकानदारों का कहना है कि नाला निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। खुदाई के बाद लंबे समय तक निर्माण पूरा नहीं होने से राहगीरों और व्यापारियों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर रास्ता संकरा होने से वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है ।दुकानदार मोहम्मद शफी, अबरार हुसैन, मेघराज सिंह सैनी, भजनलाल और चंद्र सहित अन्य व्यापारियों ने जिलाधिकारी से नाला निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द निर्माण पूरा नहीं कराया गया तो व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और लोगों की परेशानियां भी बढ़ती रहेंगी। दुकानदारों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

### सत्यपाल सिंह बादल ने दिया इस्तीफा

**रामपुर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेया सचिव एड .सत्यपाल सिंह बादल ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी राजनीतिक कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पर हो रहे अत्याचार और शोषण के मुद्दे पर समाजिक संगठन ही मुखरता से जमीनी स्तर पर आवाज उठता है।



# जौहर विवि की इमारतों में कोई नहीं है कमी:आसिम

- जेल रोड स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नगराध्यक्ष आसिम खां राजा ने कहा कि जिल प्रशासन ने जो गलती है उसका उनको एहसास हुआ है। जौहर विवि के बाहर लगा कैंप को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि जौहर विवि के शिलान्यास को लेकर आज तक बनाई गई सारी इमारतों में फुल कानून दायरे में है, इसमें कोई कमी नहीं है और न ही कोई बकाया है। इनकम टैक्स द्वारा नोटिस दिया गया उसका जवाब दाखिल कर दिया गया है।

जौहर विवि के समर्थन में देश-प्रदेश में जो बयानात सामने आए हैं उनका शुक्रिया अदा करते है लेकिन कुछ लोगों ने यह भी कहा है कि सपा के पूर्व सांसस एसटी हसन और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि सरकार जौहर विवि को अधिग्रहण करें। यह बयान गलत है पूर्व सांसद इस बयान को तुंरत ही वापस लें। अगर कोई पार्टी की गाइडलाइन मिली है तो वह बताएं। कहा कि आरडीए, जौहर विवि की स्थापना के वक्त नहीं था। इसको आजम खां ही लेकर आए। विवि पूरी तरह लीगल है। एक-एक जमीन का हिस्सा और रजिस्ट्री, बयनामा हैं। उन्होंने कहा कि जौहर विवि को बचाने के लिए छात्र-छात्राएं और पूर्व छात्र-छात्राएं मैन गेट पर धरने पर है। यह धरना उनका जायज है यह उनके भविष्य का सवाल हैं। धरने पर शनिवार को सपा से जुड़े पदाधिकारियों ने समर्थन किया। प्रेसवार्ता में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, जिलाध्यक्ष अजय सागर, ओमेंद्र चौहान, अनुराधा चौहान, प्रमोद गंगवार, अखिलेश गंगवार, विजय सिंह, हरज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।



सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते सपाई। –जागरण मोर्चा

# गर्भ में पल रहे मासूम की मौत, कराया पोस्टमार्टम

- भाभी ने देवर पर लगाया पेट पर लात मारने का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गर्भ पल रहे मासूम की मौत होने के मामले में भाभी ने देवर पर पेट में लात मारने का आरोप लगाया है। जिससे कि मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

थाना टांडा क्षेत्र के नया गांव निवासी गुलफशा पत्नी जफर की 20 दिन पहले परिवार में किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। बात इतनी बढ़ गई थी कि मारपीट हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। लेकिन एक पक्ष की ओर से राजीनामा की दबाव बनाया जाने लगा। लेकिन दूसरे पक्ष ने सहमति नहीं जताई। इसी बीच शनिवार को गुलफशा की हालत बिगड़ गई। उसे आनन फानन में उपचार के लिए तोपखाना गेट स्थित अस्पताल माया में भर्ती कराया। जहां बड़े आपरेशन से उसने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद बच्ची को मां के पास लिटा दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थाना टांडा की पुलिस भी आ गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।



जिला अस्पताल की चौकी पर बैठे उपनिरीक्षक। –जागरण मोर्चा

20 दिन पहले भाभी– देवर का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस मामले में पीड़िता ने तहरीर दी। शनिवार को पीड़िता ने बड़े आपरेशन से बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर ही बच्ची की मौत हो गई। पीड़िता ने देवर पर पेट में लात मारने का आरोप लगाया है। शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। –मनोज कुमार, उपनिरीक्षक।

# चोरी के आरोप पर युवक ने कीटनाशक खाया, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा गांव का है। गांव निवासी युवक गनपत अपनी बहन के घर से आ रहा है। आरोप है गांव के ही कुछ लोग उसे रास्ते में मिले और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। युवक ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी भड़क गए। आरोपियों में गांव पहुंचकर युवक पर मोबाइल चुराने का आरोप लगाया। अगले दिन आरोपियों ने पुलिस अधीक्षक के यहां मोबाइल चोरी करने का प्रार्थना पत्र युवक के खिलाफ दिया। मोबाइल चोरी के झूठे आरोपों के बाद युवक सदमे में आ गया। इस दौरान युवक ने जहरीला पदार्थ खरीद कर खा लिया। कुछ देर के बाद युवक की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया।

मुरादाबाद में युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। उधर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दौकपुरी टांडा गांव निवासी मुरारी लाल दिवाकर और सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बताया पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आम के वृक्षों की कटाई-छंटाई में दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के टाण्डा लालपुर मार्ग स्थित बिजली घर के समीप एक बाग में 240 आम के वृक्षों की शाख–ताराशी के मामले में वन विभाग की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वन रक्षक की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बाग की कटाई की सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर 220 वृक्षों की पूर्ण शाख–ताराशी और 20 वृक्षों की आंशिक क्षति पाई। इस घटना में दो स्थानीय व्यक्तियों पर आरोप लगाया गया है। वनकर्मियों के अनुसार,13 जुलाई को गशत के दौरान मुखबिर की सूचना पर टाण्डा क्षेत्र में पहुंची टीम ने यह घटना देखी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाग की लोपिंग बब्बू खां उर्फ शाहनवाज पुत्र अहमद नवी निवासी टाण्डा महौल्ला भीमापुरी और अनवार खां पुत्र मुनव्वर खां निवासी इमलीवाला मदरसा पडाऊ द्वारा कराई। कोतवाली प्रभारी को दिए आवेदन में वन कर्मी ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं सहित भारतीय वन अधिनियम की धारा तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम की धारा के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## सूफी लियाकत हुसैन शाह का उर्स का समापन

**मिलक/रामपुर।** हसील के ग्राम भैसोड़ी शरीफ उर्फ मुर्शिदनगर स्थित दरगाह हज़रत सूफी लियाकत हुसैन शाह उर्फ मुन्ने मियां का 19 वां सालाना उर्स गुस्ल शरीफ के साथ संपन्न हो गया। सुबह 11 बजे खानकाहे हसनी, अज़ीज़ी, लियाकती के सज्जादानशीन हज़रत सूफी जावेद हुसैन शाह की अगुवाई में संदल शरीफ का जुलूस निकाला गया। जुलूस गांव की गलियों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा। इसके बाद दरगाह पर गुस्ल शरीफ की रस्म अदा की गई। गुस्ल के बाद महफ़िल-ए-समा का आयोजन हुआ और मुल्क में अमन-चैन की दुआ के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन हुआ। उर्स के आखिरी दिन भी देश-विदेश से आए हज़ारों जायरीनों ने शिरकत की। आज से जायरीनो की वापसी का सिलसिला शरू हो गया सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



# विवि मैनगेट पर छात्र-छात्राओं ने दिया अनिश्चितकालीन धरना




जौहर विवि के मैनगेट पर धरना देते छात्र–छात्राएं। –जागरण मोर्चा

- बारिश के बीच गेट पर डटे रहे छात्र-छात्र, की नारेबाजी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जौहर विवि के गेट पर छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। छात्रों की मांग है कि प्रशासन द्वारा 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के फैसले को निरस्त किया जाए। सपा नेता आजम खां ने मोहम्मद अली जौहर विवि में 40 में से 38 भवनों को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया है। प्राधिकरण ने इन इमारतों को बिना नक्शे के अवैध रूप से निर्मित माना है और इन्हें खुद हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया है।

रविवार को इस फैसले के खिलाफ धरने पर बैठ गए। छात्रों के धरने की बैठने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। धरने पर बैठे छात्रों की तीन मांगे है जिसमें प्रशासन द्वारा 40 में से 38 भवनों को ध्वस्तीकरण के फैसने को निरस्त किया जाए। इसके अलावा विवि के गेट पर शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की काउंसलिंग बंद कराई जाए। छात्र-छात्राओं का कहना है कि जब तक यह मांगें पूरी नहीं हो जाती है तब तक यह धरना जारी रहेगा।

# चौकीदारों पर हुए जानलेवा हमले के खुलासे के करीब पहुंची पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र में आसफपुर रोड स्थित एनएफ इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में सो रहे दो सगे भाइयों पर अज्ञात हमलावर ने पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दोनों की जेबें खंगालकर मौके से फरार हो गया था। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना के खुलासे में जुट गई।

कोतवाली क्षेत्र के लश्करगंज गांव निवासी अकरम और अय्यूब, पुत्रगण बली मोहम्मद शुक्रवार रात आसफपुर रोड स्थित एनएफ इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के बाहर चौकीदारी कर रहे थे, इसी दौरान दोनों सगे भाई दुकान के बाहर सो गए। आधी रात को अज्ञात व्यक्ति ने दोनों भाइयों पर पत्थर से वार कर घायल कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी उनकी जेबें खंगालकर फरार हो गया ।शनिवार सुबह लोगों ने दोनों को लहूलुहान हालत में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी थी। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन, हल्का इंचार्ज अतिशय जैन, कांस्टेबल राहुल तथा प्रमोद कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि पुलिस घटना का खुलासा करने के बहुत करीब पहुंच चुकी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

अनदेखी | बीमारी का लोगों में फैल रहा खतरा, सिर्फ खानापूर्ति

# जिला अस्पताल में खुले में पड़े हैं सीरिंज और बोतलें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल परिसर में जनरल वेस्ट के निस्तारण को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल से निकलने वाला कचरा को खुले स्थान पर फेंका जा रहा है। इस कचरे में इस्तेमाल की गई सिरिंज, संक्रमित दस्ताने, ग्लूकोज की बोतलें, पाइपलाइन, सैनिटरी पैड और अन्य मेडिकल अपशिष्ट शामिल हैं, जो न केवल अस्पताल परिसर की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। रविवार को कर्मचारी द्वारा खुले में जनरल वेस्ट सामग्री फेंकी गई है।

जिला अस्पताल में रोगी सही होने के बजाए बीमार हो रहे हैं क्योंकि यहां पर जगह-जगह खुले में सीरिंज और बोतलें पड़ी हुई है। जिससे रोगियों में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। यह आलम तब है कि रोजाना अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। रविवार को इमरजेंसी वार्ड के पीछे बनी स्टॉफ की पार्किंग है उसके पीछे पड़े कचरे में इस्तेमाल की गई सिरिंज, संक्रमित दस्ताने, ग्लूकोज की बोतलें, पाइपलाइन, सैनिटरी पैड और अन्य मेडिकल फेंक गए है जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।



इमरजेंसी वार्ड के पीछे खुले में पड़े जनरल वेस्ट के अपशिष्ट। –जागरण मोर्चा

यह मेरे संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसा है तो उसको वहां से हटवाकर जनरल वेस्ट रूम में फेंकवाया जाएगा। – डॉ.बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

# छप्पन भोग का भी कोई मोल नहीं, अगर उसमें भाव नहीं: राधिका अग्रवाल

## पहले ही दिन श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गौ सेवा परिवार फाउंडेशन (रजि.) द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को उत्सव पैलेस, कोसी मार्ग में अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। पहले ही दिन कथा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भर गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीनाथ जी की रसकथा का श्रवण किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मानक यजमान राधिका अग्रवाल ने व्यास पीठ का विधिवत पूजन किया। तत्पश्चात केशो शरण परिवार के सदस्यों ने व्यास पीठ पर विराजमान गोवर्धन श्री राधाकृष्ण महाराज का पटका पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचन में गोवत्स श्री राधाकृष्ण महाराज ने कहा कि यदि भक्ति में भाव नहीं है, तो छप्पन भोग का भी कोई मूल्य नहीं है। ठाकुर जी सर्वप्रथम भक्त के भाव को देखते हैं। महाराज ने इस प्रसंग को स्पष्ट करते हुए संत कुम्भनदास की एक प्रेरणादायी कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि एक बार कुम्भनदास ने देखा कि ठाकुर एक गुजरी की टोकरी से रोटी उठाकर खा रहे हैं। उन्होंने आश्चर्य से पूछा कि मंदिर गोसाई के द्वारा प्रतिदिन छप्पन भोग और अनेक प्रकार के मेवा-पकवान अर्पित किए जाते हैं, फिर भी आप इस साधारण रोटी को क्यों ग्रहण कर रहे हैं। इस पर ठाकुर ने उत्तर दिया कि वह गूजरी पूरे दिन उनका नाम स्मरण करते हुए प्रेम और समर्पण के साथ भोजन बनाती है।

मंदिर की व्यवस्थाओं के कारण उसकी रोटी मंदिर तक नहीं पहुंच सकती, इसलिए स्वयं ठाकुर को अपने भक्त के पास आना पड़ता है। महाराज ने कहा कि भगवान को बाहरी वैभव नहीं, बल्कि भक्त का निष्कलुष प्रेम और भाव प्रिय है। इस अवसर पर सीए आलोक अग्रवाल खेतान, घनश्याम अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, प्रतीक सक्सेना, तरणदीप सिंह, एड. सचिन अग्रवाल, भारत भूषण अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कोसी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में आयोजित महोत्सव में प्रवच्चन देते महाराज।


उत्सव पैलेस में आयोजित रसकथा महोत्सव में शामिल भक्त।

### जैसा अन्न होता है, वैसा ही मन होता

उन्होंने वर्तमान समय की रसोई संस्कृति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि घर की माताएं एवं बहनें प्रेम, श्रद्धा और भगवान को समर्पित भाव से भोजन तैयार करें तथा यह भावना रखें कि यह अन्न सबसे पहले ठाकुर जी के भोग के लिए है, तो परिवार का आचार-विचार और पूरा वातावरण स्वत: पवित्र हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न होता है, वैसा ही मन होता है। कथा के अंत में महाराज ने बताया कि आगामी दिवस की कथा में श्रीनाथ के प्राकट्य, उनकी दिव्य लीलाओं एवं महान भक्तों के जीवन प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन किया जाएगा। कथा उपरांत आरती का सौभाग्य कीर्ति शर्मा एवं सुनीत पाल को प्राप्त हुआ। पहले ही दिन कथा प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा दिखाई दिया। पूरे पंडाल में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण रहा तथा श्रद्धालु महाराज श्री के प्रवचनों का रसपान कर भाव-विभोर हो गए।

# पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जुलाई कोकरेंगे जनसुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आगामी 23 जुलाई को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का जनपद में आगमन प्रस्तावित है।

इस उच्चस्तरीय दौरे में आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह तथा सदस्य बृजेश कुमार, सन्तोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया एवं एसपी सिंह सम्मिलित रहेंगे।

निर्धारित समय-सारणी के अनुसार, आयोग द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित कर संबंधित विषयों पर आपत्ति व सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। तदुपरान्त, अपराह्न 2:30 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद के संबंधित अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ विकास खण्ड व विभिन्न ग्रामों में समीक्षा बैठक एवं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

## सार संक्षेप

### कोसी नदी के बांध पर स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

**स्वार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के महासंकल्प को गति देते हुए रविवार को स्वार के रुस्तम नगर में कोसी नदी बांध के किनारे व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। विद्या भारती सेवा क्षेत्र शिक्षा के संयोजक व जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। रविवार सुबह 6 बजे से ही कोसी नदी बांध के किनारे पौधरोपण का कार्य शुरू हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुरादाबाद से आए स्वयंसेवक प्रभात गुप्ता की मौजूदगी में विभिन्न प्रकार के औषधीय, आध्यात्मिक और फलदार पौधे रोपे गए। अभियान के तहत राजकीय उद्यान पौधशाला विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सहयोग से लगभग 2000 फलदार पौधे छात्रों, पूर्व छात्रों, आचार्यों और अभिभावकों को वितरित भी किए गए।बांध के किनारे न केवल पौधे लगाए गए, बल्कि भविष्य के लिए हरियाली सुनिश्चित करने हेतु खुरपे से खुदाई कर जामुन की गुठली और आलू बुखारा के बीज भी बोए गए। इसके अलावा आध्यात्मिक महत्व के बेल, औषधीय गुणों से भरपूर अर्जुन, बकायन, जामुन और पुष्पों के लिए पीला कनेर के पौधे रोपे गए।


पौधरोपण करते स्वयंसेवक।

### मारपीट में पति व दूसरी पत्नी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**भोट।** पति द्वारा दूसरी शादी करने के बाद गांव में ही अलग मकान में रह रही पहली पत्नी के घर में घुसकर मारपीट व धमकाने में पति व दूसरी पत्नी समेत चार लोग फंस गए हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है जिसके बाद से ही वह गांव में ही अपनी नौ वर्ष की पुत्री के साथ अलग मकान में रह रही है। 17 जुलाई को उसके पति तथा दूसरी पत्नी ने उसे घर से निकालने का प्रयास किया। उसके द्वारा शिकायत के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर आकर दोनों पक्षों को समझाकर चली गयी थी। आरोप है कि उसी दिन रात में करीब एक बजे आरोपी व उसकी पत्नी तथा दो अन्य लोग दिवार फांदकर घर में घुस गए। घर में मौजूद उसकी मां और उसको जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में उसकी मां के कान में गंभीर चोट आयी है। चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों के मौके पर एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


सफाई अभियान में हिस्सा लेते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### रामगंगा तट पर चला व्यापक स्वच्छता अभियान

**रामपुर। नमामि** गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति, रामपुर द्वारा हर रविवार एक घंटा श्रमदान अभियान के तहत विकासखंड शाहबाद के ग्राम मादरपुर मड़ी स्थित रामगंगा नदी तट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।अभियान में स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नदी तट को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान रामगंगा तट पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथीन एवं अन्य ठोस अपशिष्ट को एकत्रित कर उसका वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण कराया गया। अभियान के दौरान लगभग 60 किलोग्राम प्लास्टिक, पॉलीथीन एवं अन्य ठोस अपशिष्ट एकत्रित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल रामगंगा के निर्माण का संकल्प लिया तथा आमजन से अपील की कि वे नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी प्रतिभागियों को गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं निर्मल नदियों का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में एक घंटा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान से जुड़े, तो स्वच्छता को एक प्रभावी जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है।उन्होंने बताया कि जिला गंगा समिति द्वारा प्रत्येक रविवार को इसी प्रकार स्वच्छता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है, ताकि रामगंगा नदी की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को और अधिक गति मिल सके।अभियान में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों, क्लीनअप रामपुर, क्लीनअप पटवाई, नगर निकाय के सफाई कर्मियों तथा ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### संगठन की उन्नति के लिए एकजुट होकर प्लेटफार्म पर आएं: डा. नरेश पाल

**रामपुर।** संपर्क, संवाद एवं संघर्ष के माध्यम से हम पत्रकारों के सम्मान की रक्षा के लिये हम निरंतर संगठन की शक्ति बढाते जा रहे हैं। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव सॅगठन एवं राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रदेशों के प्रभारी डा. नरेश पाल सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि अब ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन देश का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन बन चुका है।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा एक शाम पत्रकारों के नाम कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम मंचसीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री डॉ. नरेश पाल सिंह ने कहा कि संगठन का जन्म सन 1982 में बलिया जिले के गढ़वार कस्बे में सात लोगों की उपस्थिति में हुआ। 1986 में संगठन के रजिस्ट्रेशन के साथ ही लखनऊ में सैकड़ो ग्रामीण पत्रकारों का सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अब्दुल सलाम, वीरेन्द्र सक्सेना, दुर्गेश कुमार, हरिशंकर कश्यप, राजकुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा एडवोकेट ने कहा कि हम सबको संगठन की उन्नति के लिए एक जुट होकर काम करना पड़ेगा जिससे भविष्य में यदि पत्रकारों पर कोई किसी तरह का अनुचित करवाई होती है मुकाबला कर सके। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। सभी पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र, मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया गया।



होटल जैनिथ में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार को सम्मानित करते अतिथि।

# जौहर विवि प्रकरण की समान कानून और निष्पक्ष कार्यवाही हो : अमिताभ ठाकुर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के संबंध में प्रस्तावित प्रवर्तनात्मक कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी, एवं उपाध्यक्ष रामपुर विकास प्राधिकरण को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा कि पूरी कार्यवाही संविधान, प्राकृतिक न्याय तथा विधि के शासन के अनुरूप की जाए।



उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्माण में विधिक अनियमित्ता है तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। किंतु वही मानदंड प्रदेश के अन्य सभी समान मामलों में भी समान रूप से लागू होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि निर्माण वर्षों से अवैध था तो उस अवधि में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि यदि किसी प्रकार का ध्वस्तीकरण किया जाता है तो विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य निर्दोष हितधारकों के हितों की समुचित सुरक्षा की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, आवास विभाग को भी पत्र की प्रति भेजते हुए अनुरोध किया है कि यही प्रवर्तन नीति प्रदेश में सभी समान निर्माणों के संबंध में समान, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से लागू किया जाए।

# यूनियन के अध्यक्ष जुहैब, उपाध्यक्ष बनीं नीलम



सिविल लाइंस स्थित काफी कार्नर में जिलाध्यक्ष के संग खड़े मनोनित पदाधिकारी।

- मुरादाबाद मंडल के चुनाव अधिकारी की देखरेख में हुई प्रक्रिया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कोऑपरेटिव बैंक वर्क्स यूनियन यूनिट के चुनाव के जिलाध्यक्ष मो.जुहैब, जबकि उपाध्यक्ष नीलम को बनाया गया है। रविवार को प्रातः 11 बजे कॉफी कॉर्नर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों, सेवा संबंधी समस्याओं तथा संगठन की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इसके बाद आलोक कुमार श्रीवास्तव, मंडलीय मंत्री, मुरादाबाद मंडल ने चुनाव अधिकारी के रूप में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। चुनाव शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान एवं हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संघर्षशील भावना के साथ कार्य करेगी। संगठन को नई उंचाइयों तक पहुंचाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मो. जुहैब ने कहा कि कर्मचारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव एकजुट रहने का आह्वान किया।

### कार्यकारिणी में यह है शामिल

अध्यक्ष, मो. ज़ुहैब, मंत्री रमेश चंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नीलम, मारिया खान, विशाल कुमार, सिकंदर अफजल, उप मंत्री संतोष कुमार, संयुक्त मंत्री सुनील कुमार मौर्य, शाहबाज़ खान, पूरनलाल, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह, संगठन मंत्री मो. बिलाल, मीडिया प्रभारी मोहम्मद रिज़वान, विधि मंत्री : रवि कुमार कश्यप, प्रचार मंत्री मोहम्मद जमाल खान, जबकि कार्यकारिणी सदस्य में अमर सिंह, अब्दुल रज्जाक, अविनाश भारती, सूरजभान, संपत लाल, शाखा प्रतिनिधि शहज़ेब खान शाखा दादियाल, शाह ज़मान शाखा केमरी, मोहम्मद फैयाज़ शाखा पनवड़िया, मोहम्मद जावेद शाखा बाज़ार खाता, यूसुफ अली खान शाखा पुराना गंज, अब्दुल रब शाखा काशीपुर, सैयद रियाज़ मियां शाखा मिलक खानम, अब्दुल रज्जाक शाखा रुस्तम नगर, . गुलफाम खान शाखा खोद, फुरकान मियां शाखा सिविल लाइन, नाज़िश खान शाखा गुइया तालाब, विनोद कुमार मुख्यालय शाखा, चमन सिंह शाखा सड़क स्थल, जितेंद्र सिंह शाखा टांडा, मोहम्मद शरीफ शाखा सफदरगंज शामिल रहे।

# ध्वस्तीकरण के आदेश को लिया जाए वापस: मुकर्रम रजा इनायती

- जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने कहा कि अन्यायपूर्ण, अनुचित आदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर विवि यूनिवर्सिटी के चांसलर आजम खां ने अथक परिश्रम संघर्ष और देश और कौम के पिछड़ेपन को दूर करने की दिशा में केवल एक प्रयास ही नहीं बल्कि भारत देश के निर्माण और प्रगति मजदूरों, किसानों और अल्पसंख्सको के होनहार बच्चों की हिस्सेदारी तय करने की एक कोशिश है। जौहर विवि की 38 इमारतों को ध्वस्त करने के अन्यायपूर्ण और अनुचित है इसलिए आदेश को पूरी तरह से वापस लिया जाए।




इमाम नायब इमाम शहर मौलवी फैजान खां ने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी की 38 इमारतों को तोड़ें जाने के आदेश पर कहा हम हुकूमत से अपील करते हैं कि यूनिवर्सिटी की इमारतों पर जुर्माना लगाकर टुटने से बचाए। यह यूनिवर्सिटी कौम की अमानत है। यह बच्चों का भविषय है यूनिवर्सिटी सालों बाद कायम होती है यह रामपुर की पहचान है और यह जगे आजादी के सिपेहसालार मौलाना मोहम्मद अली जौहर के नाम से मनसूब है सरकार से मांग की है कि यूनिवर्सिटी बच्चों का भविष्य है इसे कायम रखा जाए।

# बूथ सम्मेलन की तैयारियों में जुटे भाजपाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** नगर मंडल में आगामी बूथ सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शिशु मंदिर छपर्रा पर एक कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला मंत्री एवं विधानसभा संयोजक राजकुमार चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक व स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई को होने वाले बूथ सम्मेलन के लिए सभी सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी और मंडल कार्यकारिणी अपने-अपने बूथ अध्यक्षों के साथ सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इसके साथ ही सभी सेक्टरों पर डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के प्रमाण पत्र वितरण, शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठक और 'मन की बात' कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर जिला मंत्री, मंडल प्रभारी अमृता रंधावा, डोली रंधावा, पंकज सैनी, रोहतास, हरि सिंह लोधी, राजेंद्र दिवाकर, प्रमोद मौर्या, सुनील दिवाकर, गजेंद्र दिवाकर, मदनलाल मौर्य, रिंकू सैनी, रवि सैनी, प्रेम सिंह सैनी, राकेश कश्यप और अतर सिंह मौर्य सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सम्मेलन को लेकर बैठक में शामिल भाजपाई।

# एग्जामिनेशन परीक्षा पास कर नगर का नाम किया रोशन

- नगर और आसपास क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** नगर के खाता नगरिया निवासी असद मियां ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। असद की इस उपलब्धि से स्वजन के साथ-साथ नगर और आसपास के क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन द्वारा घोषित फाइनल परीक्षा के परिणाम में असद मियां ने प्रथम अटेम्प्ट में ही सफलता हासिल की। परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास करना असद की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है असद ने बताया कि 12वीं के बाद से ही उनका लक्ष्य अधिवक्ता बनने का था। इसके लिए उन्होंने नियमित कोचिंग के साथ-साथ सेल्फ स्टडी की। परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल कर पाया। सफलता की खबर मिलते ही खाता नगरिया स्थित असद के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्वजन ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।



तैयारियां — बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# बूथ अध्यक्ष भाजपा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी: अर्जुन रस्तोगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** 38 मिलक शाहबाद विधानसभा में 22 जुलाई को पटवाई में आयोजित होने वाले मिलक विधानसभा, बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

नगर मंडल प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ से बूथ अध्यक्षों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की जाए। अर्जुन रस्तोगी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और संगठन की मजबूती का आधार भी। अर्जुन रस्तोगी ने कहा कि 22 जुलाई को पटवाई में होने वाला बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनाव की संगठनात्मक शुरुआत का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं उत्साह के साथ सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में सम्मेलन की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा बूथ स्तर पर संपर्क अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, विजयपाल राजपूत, आशीष गंगवार, प्रदीप कुमार जाटव, तरूण सागर, संजय रस्तोगी, अमरजीत मांटा, मोर सिंह पटेल, बृजेश गंगवार, शुभम गंगवार, सोमपाल राठौर, सैया सक्सेना, जीवाराम प्रजापति, दिनेश पांडे, राजकुमार प्रजापति, महावीर मोर्या, वीरपाल गंगवार, नेमचंद्र प्रजापति, महेश कश्यप, वसंत कुमार , सुरेन्द्र गंगवार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों की लेकर बैठक करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

# तुर्क वाले बयान पर सांसद जियाउर्रहमान बर्क का पलटवार

## बोले- टोपी हमारी पहचान, संभल को चाहिए उद्योग, रोजगार और विकास की नई सौगात

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभल दौरे के दौरान दिए गए संबोधन पर समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। दीपा सराय स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री के भाषण, विकास परियोजनाओं और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर कई सवाल उठाए। साथ ही जिले में उद्योग, रोजगार और उच्च शिक्षा से जुड़ी नई परियोजनाएं शुरू करने की मांग की।


सांसद जियाउर्रहमान बर्क संभल।

सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि मुख्यमंत्री जब भी संभल या मुरादाबाद आते हैं तो विकास की योजनाओं की अपेक्षा अपने भाषणों में तुर्क शब्द का उल्लेख अधिक करते हैं, जबकि यहां की जनता उद्योग, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार जैसी घोषणाओं की उम्मीद करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को तुर्कों का इतिहास भी पढ़ना चाहिए। उनके अनुसार तुर्कों ने देश पर शासन करने के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने संभल के मौलाना इस्माइल और अब्दुल कय्यूम का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने ताजमहल, लालकिला और कुतुब मीनार जैसे ऐतिहासिक स्मारकों का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता।

अपनी टोपी का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि यह उनकी पहचान और सम्मान का प्रतीक है तथा कोई भी इसे उनसे नहीं छीन सकता। मुख्यमंत्री के 100 साल बाद भी कब्र से निकाल लेंगे संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा समाज में भय और नफरत का वातावरण पैदा करती है। उन्होंने कहा कि देश संविधान के अनुसार चलता है और सभी को बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी तथा पूर्व राष्ट्रपति डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आदर्शों पर चलना चाहिए।

विकास कार्यों का जिक्र करते हुए सांसद ने मुख्यमंत्री द्वारा संभल में करीब 500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि इनमें अधिकांश योजनाएं पहले से घोषित थीं और नई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा नहीं की गई। उन्होंने जिले में एक बड़े अस्पताल, विश्वविद्यालय, नए स्कूल-कॉलेज, उद्योगों की स्थापना और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर भी सांसद ने नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके आवास पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और प्रशासन उनके साथ उत्पीड़नपूर्ण रवैया अपना रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को विकास की नई सौगात मिलने की उम्मीद थी, लेकिन जिले को कोई बड़ी नई परियोजना नहीं मिली।

## सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

चन्दौसी। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से पंजाबी कालोनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, अमित साहनी, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, रमेश ग्रेवाल, जेपन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मैंने सुंदर कांड कराया है, मेरा हनुमान घर आया है, रोजी मदान ने है दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बृजेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, राकेश चौबे, गुलशन अरोरा, सुदर्शन वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, संजीव शर्मा, पीएन शर्मा, सुमित पारासरी, जगत पाल सिंह, अशोक पाठक, सर्वेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।


सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

## सार संक्षेप

### हल्की बूंदाबांदी से गर्मी से मिली राहत, बाजारों में पसरा सन्नाटा, मौसम हुआ सुहावना

बहजोई। रविवार को सुबह से हुई हल्की-हल्की बूंदाबांदी ने पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस और गर्मी से लोगों को राहत दिलाई। मौसम के अचानक बदले मिजाज से वातावरण खुशनुमा हो गया। वहीं, रुक-रुक कर होती बारिश के कारण नगर के प्रमुख बाजारों में अपेक्षाकृत सन्नाटा पसरा रहा और दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही कम देखने को मिली। बारिश के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। इसका असर बाजार की रौनक पर साफ दिखाई दिया। कपड़ा, जूता, जनरल स्टोर और अन्य प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम रही। व्यापारियों का कहना है कि मौसम सुहावना होने से लोगों ने खरीदारी के बजाय घरों में रहना ही उचित समझा, जिससे कारोबार प्रभावित हुआ। हालांकि, किसानों और आम नागरिकों ने हल्की बारिश का स्वागत किया। लोगों का कहना है कि बूंदाबांदी से गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम के बदले रुख से लोगों के चेहरों पर राहत जरूर दिखाई दी, लेकिन बाजारों की रौनक फीकी पड़ गई।


बहजोई के बाजार में सन्नाटा।


कलर बैल्ट प्राप्त करने के बाद खड़े खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

### बैल्ट प्राप्त कर खिलाड़ियों के चेहरे पर आई मुस्कान

चन्दौसी। चन्दौसी ताइक्वांडो अकेदमी में कलर बैल्ट प्रमोशन टेस्ट में उत्तीर्ण 12 खिलाड़ियों को बैल्ट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें दृष्टि, दक्षदीप को यैलो, आराध्या, शिखा व अशद रजा को ग्रीन, रघुराज, आराध्या ठाकुर, चीनू को ब्लू व अनुष्का को ब्लू वन, शिवांश, ध्रुव व आदित्य को रेड बैल्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रैफरी व महिला ब्लैक बैल्ट कोच रेखा मौजूद रही। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि परीक्षा का आयोजन जून माह में हुआ था। जिसका परिणाम आने पर रविवार को उत्तीर्ण खिलाड़ियों को बैल्ट देकर सम्मानित किया गया। बैल्ट पाकर सभी खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।

### 21 जुलाई को सम्भल आएगा राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग

बहजोई (सम्भल)। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का जनपद सम्भल का भ्रमण कार्यक्रम 21 जुलाई को प्रस्तावित है। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जनसुनवाई कर आमजन से स्थानीय ग्रामीण निकायों से संबंधित विषयों पर सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार आयोग की जनसुनवाई मंगलवार, 21 जुलाई को अपराह्न 3 :30 बजे से सायं 5 :30 बजे तक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। इसमें जनपद के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अपील की गई है, ताकि आयोग ग्रामीण निकायों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जनभावनाओं को जान सके। जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राम औतार सिंह उपस्थित रहेंगे। उनके साथ आयोग के सदस्य बृजेश कुमार (सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश), संतोष कुमार विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश), डा. अरविंद कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त आईएएस) तथा एस.पी. सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन ने जनपद के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पक्षों से निर्धारित समय पर जनसुनवाई में पहुंचकर अपने सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, जिससे आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करने में स्थानीय स्तर से प्राप्त सुझावों को शामिल कर सके।

## जिला न्यायालय में हुआ पौधारोपण

चन्दौसी। साक्षी एडवोकेट यूनिटी की ओर से जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनिल बाबू लोहिया ने कहा कि प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के संकल्प को नई गति देने के लिए रविवार को संगठन की संयोजिका रंजना शर्मा के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया। जिसमें तुलसी, पीपल, गुलाब, जामुन व बेल आदि को पौधो का रोपण किया गयआ। संयोजिका रंजना शर्मा ने बताया कि प्रकृति सरल है, उसे सरलता, सीधा बहुत पसंद है। इस अवसर पर विनय पाल सिंह, अजय सक्सेना, सफिया कादिर, राहुल मिश्रा, शिप्रा शर्मा, रवि मौर्य, अमरपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त अध्यक्ष व कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ

- रोटरी क्लब अमन का शपथ ग्रहण समारोह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। रोटरी क्लब अमन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संजीवनी पैलेस में किया गया। जिसमें प्रबुद्ध नागरिरकों, समाजसेवियों व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में शिरकत की। समारोह की मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौर रही। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने वंदे मातरम का गायन किया। जिससे पूरा सभागार देशभक्ति के माहौल से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में बीते सत्र के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान क्लब के सभी सदस्यों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि बीते वर्ष में क्लब ने कई ऐतिहासिक सेवा कार्य किए हैं। सचिव राहुल अग्रवाल ने कहा कि क्लब की ओर से स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शइविर व अन्य सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने नए अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय को रोटरी कॉलर पहनाकर क्लब की कमान व अधिकारिक जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय ने अपने नए बोर्ड और कार्यकारिणी के सदस्यों के नामों की घोषणा की। इसके बाद मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौर ने पूरी टीम को समाज सेवा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर टीटेश काका, पूजा किशोर, फूल प्रकाश, भुवनेश वार्ष्णेय, कविता गुप्ता, लोकेश वार्ष्णेय, शुभा कागजी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


शपथ ग्रहण करतें रोटरी क्लब अमन के पदाधिकारी।


कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चें।

# बूंदाबादी से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी व उमस से भी मिली राहत

- बूंदाबादी होने से किसानों के चेहरे खिले, अब करेंगे धान की रोपाई

जागरण मोर्चा, कार्यलय

चंदौसी। बूंदाबादी होने से मौसम सुहावना होने के साथ-साथ गर्मी व उमस में काफी राहत मिली है। रविवार को पूरे दिन बूंदाबादी होने से लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी हुई। बूंदाबादी से किसानों के चेहरे खिले हैं, अब किसान अपनी धान की पौध लगाने में व्यस्त हो गए हैं।

पिछले कुछ दिन से आसमान में बादल आए थे, मगर बारिश नहीं हो रही थी। रविवार की सुबह से ही बूंदाबादी शुरू हो गई, दोपहर 12 बजे एक घंटे तक बारिश हुई। इसके बाद पुनः बूंदाबादी होने लगे। बूंदाबादी होने से मौसम एक बार फिर सुहावना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी व उमस से काफी राहत मिली है। लोग उमस व गर्मी से बेहोल बने हुए थे। बूंदाबादी होने से शहर की सड़कों पर जलभराव तो नहीं हुआ, मगर कुछ स्थानों पर कीचड़ जैसी समस्या होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग घरों से छाता लेकर ही बाहर निकले। बूंदाबादी होने से बाजारों में चहल-पहल कम नजर आई। वहीं गांव काजी बेहटा निवासी किसान विकास कुमार सिंह ने बताया कि बूंदाबादी होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। अब किसान अपनी धान की रोपाई भी कर पाएंगे।


गोशाला रोड़ पर बूंदाबांदी के बीच गुजरते वहान।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यलय

संभल/बहजोई। थाना बहजोई क्षेत्र के गांव छपरा निवासी एक विधवा महिला ने अपनी विवाहित पुत्री की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना बहजोई में तहरीर दी है। महिला ने पति, सास, ससुर और दो ननदों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता की मां सुमन पत्नी स्वर्गीय टिल्लू, निवासी ग्राम छपरा, थाना धनारी, जनपद सम्भल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बड़ी पुत्री निशा (21 वर्ष) का विवाह 13 फरवरी 2025 को थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बहरौली ताहरपुर निवासी रजनेश पुत्र सत्यपाल के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में उसने अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार दो बीघा जमीन बेचकर दान-दहेज व नकद राशि दी थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति रजनेश, ससुर सत्यपाल पुत्र भजनलाल, सास हरमुखी पत्नी सत्यपाल तथा ननद बीता और मीरा अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोपियों द्वारा एक लाख रुपये नकद, सोने की चेन तथा प्रार्थिनी के नाम की जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया जाता था। मांग पूरी न होने पर निशा के साथ मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। तहरीर के अनुसार करीब तीन माह पूर्व दोनों पक्षों के बीच पंचायत कराकर समझौता कराया गया था, लेकिन कुछ दिन बाद आरोपियों ने फिर से दहेज की मांग और उत्पीड़न शुरू कर दिया।

मृतका की मां का आरोप है कि 17 जुलाई की रात करीब नौ बजे निशा ने फोन कर कहा था कि उसे तुरंत ससुराल से ले जाया जाए, अन्यथा ससुराल वाले उसकी हत्या कर देंगे। रात अधिक होने के कारण उसने अगले दिन आने की बात कही। आरोप है कि 18 जुलाई की सुबह सूचना मिली कि निशा की मौत हो गई है। जब परिजन गांव बहरौली ताहरपुर पहुंचे तो विवाहिता का शव टीनशेड के नीचे जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि निशा के जबड़े पर चोट के निशान थे तथा घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग घर से फरार मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को मृतका की मां ने थाना बहजोई पहुंचकर पति रजनेश पुत्र सत्यपाल, ससुर सत्यपाल पुत्र भजनलाल, सास हरमुखी पत्नी सत्यपाल तथा ननद बीता और मीरा, निवासी ग्राम बहरौली ताहरपुर, थाना बहजोई, जनपद सम्भल के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का पक्ष : थाना बहजोई पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।


शिव धाम मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

### भंडारे में पहुंच श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

चन्दौसी। श्री शिव धाम मंदिर का 49वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा की पालकी व सुंदर कांड का आयोजन किया गया। रविवार को मंदिर परिसर में भंड़ारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मंदिर में साईं बाबा की प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गोला गंज स्थित श्री शिव धाम मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह मनाया जा रहा है। जिसमें पूर्व में बाबा की पालकी निकाली गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में श्री सुंदर कांड का आयोजन किया गया। रविवार को मंदिर परिसर व बाबा की प्रतिमा को सुंदर तरीके से सजाया गया। इसके पश्चात बाबा की पूजा-अर्चना के बाद आरती संपन्न कराई गई। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शीला मग्गो, जितेंद्र मग्गो, अजीत ठाकुर, हरेंद्र कोहली, राजू चड्ढा, जवाहरलाल ग्रोवर, गगन बजाज, योगेश गोल्डन नवीन श्रीवास्तव, मोनू खुराना, विपिन आहूजा, कमल टाल, नीलम यादव, गोल्डी साहनी, रचना चड्ढा, मीनू चड्ढा, नीलम साहनी, रेखा शर्मा, काकू वेदी, महेंद्र गुप्ता, नितिन रस्तोगी, सुमित डुडेजा आदि लोग मौजूद रहे।

### समारोह पूर्वक मनाई गई मंगल पांडे की जयंती

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरुकता अभियान की ओर से क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे की जयंती विनायक गार्डन कालोनी में समारोह पूर्वक मनाई गई। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्रा ने कहा कि मंगल पांडे ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका और ब्रिटिश हुकूमत को अपने निडर व्यक्तित्व से भारतीयों की ताकत का अहसास कराया। मंगल पांडे द्वारा शुरू किए गए विद्रोह के कारण सभी भारतीयों के मन में आजादी पाने की आग भड़क उठी थी। क्रांतिकारी मंगल पांडे ने 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 22 वर्ष की आयु में ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में भर्ती हुए उन्हें बैरकपुर की सैनिक छावनीमें बंगाल नेटिव इंफेंट्री यानी बीएनआई की 34वीं रेजीमेंट में रखा गया। तत्काल अंग्रेज अधिकारी ने उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया। मंगल पांडे ने अंग्रेज अधिकारियों से घिरा देखा तो गोली चला दी। जिसमें एक अंग्रेज अधिकारी घायल हो गया। उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट मार्शल किया गया। उन्हें 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई।

समस्या | अधिक पैदावार, कमजोर मांग और सीमित सप्लाई ने बिगाड़ा बाजार का संतुलन

# आलू के दामों में गिरावट से किसान हो रहे परेशान


कोल्डस्टोरेज में सूखते आलू।


किसान मोहम्मद असलम, किसान मोहम्मद आसिम।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। जनपद में आलू के लगातार गिरते दाम किसानों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। अधिक उत्पादन, अन्य राज्यों में भी आलू की बढ़ी पैदावार और मांग में कमी के चलते किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। हालत यह है कि लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

जिले के किसानों का कहना है कि पहले संभल से बड़ी मात्रा में आलू की सप्लाई दूसरे राज्यों में होती थी, लेकिन इस बार वहां भी पर्याप्त उत्पादन होने के कारण मांग घट गई है। इसके चलते स्थानीय मंडियों में आलू की आवक तो अधिक है, लेकिन खरीदार कम होने से कीमतों में लगातार गिरावट बनी हुई है।

किसानों के अनुसार इस समय सामान्य किस्म का आलू 600 से 700 रुपये प्रति क्विंटल, चिपसोना 800 से 900 रुपये तथा सूर्या किस्म का आलू करीब 1000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। जबकि किसानों का कहना है कि एक किलो आलू तैयार करने में करीब 10 से 11 रुपये की लागत आती है। ऐसे में उन्हें कम से कम 15 रुपये प्रति किलो का भाव मिलना चाहिए, तभी लागत निकलने के साथ कुछ लाभ मिल सकेगा।

किसान मोहम्मद आसिम ने बताया कि डीएपी, यूरिया और अन्य कृषि दवाओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जबकि आलू का भाव लगातार घट रहा है। ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। उन्होंने सरकार से किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। किसान मुहम्मद असलम ने कहा कि वर्तमान में आलू बेचने पर प्रति किलो दो से तीन रुपये तक का घाटा उठाना पड़ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार को आलू के उचित मूल्य और निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए।

आलू मंडी में काम करने वाले श्रमिक शारिक अब्बास ने बताया कि किसानों को उचित दाम नहीं मिलने से वे आलू बाजार में कम ला रहे हैं। इससे मंडियों में कारोबार प्रभावित हो रहा है और मजदूरों के सामने भी रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। व्यापारी राम केहर आर्या ने बताया कि इस वर्ष आलू की पैदावार अधिक हुई है, जबकि उठान अपेक्षाकृत कम है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज पहले ही भर चुके हैं। मांग कमजोर रहने के कारण बाजार में सुधार नहीं हो पा रहा है और किसानों को केवल भंडारण का खर्च ही निकल पा रहा है।

प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि संभल में लगातार आलू का रकबा बढ़ रहा है। कोल्ड स्टोरेज की क्षमता बढ़ने से अधिकांश आलू भंडारित किया गया है, लेकिन जिन राज्यों में इसकी मांग रहती थी वहां इस बार मांग कम होने से सप्लाई प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न किस्मों के अनुसार दामों में अंतर है। पुखराज और ख्याति जैसी किस्में औसतन 600 से 650 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही हैं, जबकि चिपसोना और सूर्या जैसी बेहतर किस्मों को 1000 रुपये प्रति क्विंटल तक का भाव मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही बाहरी राज्यों से मांग नहीं बढ़ी और बाजार में उठान में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में किसानों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

### भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति संगठन का परिवार लगातार हो रहा है मजबूत

मिलक। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति संगठन का विस्तार निरंतर जारी है। इसी क्रम में मुड़िया कला में आयोजित एक बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में रशीद अहमद (बिलासपुर) को तहसील अध्यक्ष, इरफान अली को युवा जिला सचिव, शरीफ अहमद को तहसील महासचिव तथा इजाज अहमद (मुड़िया कला) को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने, किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष लालाराम गंगवार, मंडल अध्यक्ष (मुरादाबाद) विनोद पटेल, मजदूर संघ के मेंहदी हसन, जमील अहमद, दानिश अंसारी, कार्यकाल प्रभारी शाहिद भाई, जिला संगठन मंत्री रामदास गंगवार (फौजी) सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### माध्यमिक शिक्षक संघ चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने रखी अपनी प्राथमिकताएं

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने शिक्षकों के समक्ष अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए सलिल मोहन ने शिक्षक संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत संगठन आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों से चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडलीय प्रत्याशियों सुनीत गिरी और मयंक त्यागी ने भी शिक्षकों के समक्ष अपनी प्राथमिकताओं को रखा। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जिम्मेदारी मिलती है तो शिक्षकों के अधिकारों, सेवा संबंधी समस्याओं तथा शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। बैठक में प्रधानाचार्य मधुबाला त्यागी, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष राजीव शर्मा, अनिल चौहान, आफताब आलम, प्रधानाचार्य नोमान अली, अरशद अली, डॉ. राखी रस्तोगी, गुलजारी सिंह, सुमित शर्मा, विजय पाल सिंह, डॉ. संजीव कुमार, अफजल अली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# दुखद: ट्रिपलिंग कर रहे तीन युवकों की दर्दनाक मौत

### आयशर कैंटर को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक कैंटर से टकरा गई

- ओवरटेक बना मौत का कारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। गजरौला-बछरायूं मार्ग पर ओवरटेक के दौरान रॉयल एनफील्ड बाइक आगे चल रहे कैंटर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में कैंटर चालक और परिचालक भी घायल हो गए।

एसपी लखन सिंह यादव के अनुसार रॉयल एनफील्ड बाइक पर तीन युवक सवार होकर गजरौला की ओर से आ रहे थे। आगे चल रहे आयशर कैंटर को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त




थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े, जबकि कैंटर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल को क्षतिग्रस्त करता हुआ सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में बाइक सवार कासिम (23 वर्ष) पुत्र मुमताज, सरफराज उर्फ छोटू (35 वर्ष) पुत्र मुश्ताक तथा शारिक (25 वर्ष) पुत्र सरताज, निवासी मोहल्ला कटरा, थाना मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कैंटर चालक वसीम पुत्र फहीमुद्दीन और परिचालक फरीद पुत्र कालू, निवासी मोहल्ला पेशथाना, थाना बछरायूं, घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मौके पर कानून-व्यवस्था सामान्य है और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

### जैन मंदिर में हुआ आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश

गजरौला। आज पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश गजरौला के जैन मंदिर में हुआ आचार्य श्री का मंगल विहार लखनऊ से दिल्ली के ऋषभ विहार की ओर चल रहा है इसी क्रम में आज गजरौला जैन समाज द्वारा भव्य रूप से महाराज श्री का विहार करते हुए गजरौला जैन मंदिर में ढोल बाजे के साथ मंगल प्रवेश कराया सभी भक्तगणों ने बढ़-चढ़कर आचार्य श्री की अगवानी करी और आनंद में वातावरण बना रहा। आचार्य श्री ने सभी को अपना मंगल आशीर्वाद दिया। महाराज श्री का आहार मैदा मिल गजरौला में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में आसपास के शहरों से आयो जैन समाज के लोगों ने भी अपना सहयोग करा। शाम को आचार्य श्री का मंगल विहार गजरौला जैन मंदिर से दिल्ली के ओर हुआ इस अवसर पर योगेश जैन (अध्यक्ष जैन समाज अमरोहा) शरद जैन सौरभ जैन ..मण्डल अध्यक्ष भाजपा (अल्पसंख्यक मोर्चा) शुभम जैन (टीपू) रोहित जैन. अंशुल जैन, किशन चंद्र जैन, तुषार जैन, नवीन जैन आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### स्कूल जाने वाले मार्ग पर पसरी कीचड़ व गंदगी छात्र-छात्राएं निकलने को मजबूर



कीचड़ में से होकर स्कूल जाते बच्चे।

हसनपुर। तहसील क्षेत्र के एक गांव में काफी समय से पसरी कीचड़ व गंदगी को लेकर ग्रामीण परेशान हो रहे है, वहीं स्कूली छात्र-छात्राएं गंदगी से निकलने को मजबूर हो रहे है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से रास्ता बनवाने की की मांग। तहसील क्षेत्र के गजरौला ब्लॉक के गांव आलमपुर में स्कूल जाते छात्र-छात्राओं का एक वीडियो रविवार की दोपहर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, हालांकि वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में छात्र-छात्राएं गंदे पानी व कीचड़ से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं ग्रामीण अंकुश का कहना है कि यह रास्ता जिसकी लंबाई 130 मीटर है जो गांव में संजू के मकान से प्राइमरी स्कूल तक जाता है। काफी समय से गंदगी से गन्दगी से अटा पड़ा है। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही रास्ता नहीं बनवाया गया तो उच्च अधिकारियों के यहां धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। शिकायत करने वालों में अंकुश चौहान, अंकुल चौहान, मनिंदर चौहान, संजू चौहान, कपिल आदि ग्रामीण थे।

### चोरों ने दो गांव के तीन घरों से सोने चांदी के आभूषण व नगदी चोरी, पुलिस ने किया मौका मुआयना



चोरों द्वारा मकान में किया गया नकब

हसनपुर। चोरों ने शनिवार रात दो गांव के तीन घरों से नगदी व आभूषण चोरी कर लिए, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना कर पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार चोरों ने मंगरौली निवासी अमित के घर से सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र व दो हजार रुपया आदि चोरी कर लिए, पीड़ित के अनुसार चोर दीवार फांदकर घर में घुसे थे। वही गांव निवासी धीरज के घर की दीवार में नकब लगाकर चोरो ने पीतल के बर्तन, 9 हजार रुपए चोरी व अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं पड़ोसी गांव मंगरौला निवासी राजवीर के यहां से 1500 रुपया, एक जोड़ी सोने के कुंडल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इस दौरान आंगन में सो रहे परिवारों के लोगों को मामले की जानकारी नहीं हुई। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार का भंडाफोड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। जिले के बिलारी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के कथित अवैध भंडारण और कारोबार के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संयुक्त निरीक्षण टीम की जांच में एक घर से बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर बरामद होने के बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई।

एफआईआर के अनुसार, 4 जुलाई 2026 को पूर्ति निरीक्षक और लिपिक की संयुक्त टीम ने ग्राम गुरेर, विकास खंड कुंदरकी, तहसील बिलारी स्थित विजयपाल पुत्र मलखान की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर कोई गैस सिलेंडर नहीं मिला, लेकिन मौके पर मौजूद अजय पुत्र विजयपाल ने बताया कि गैस सिलेंडर उनके घर पर रखे हैं।

इसके बाद टीम ने विजयपाल और उनके पुत्र अजय की मौजूदगी में घर की तलाशी ली। जांच के दौरान एचपी कंपनी के 14 घरेलू सिलेंडर, भारत गैस के 18 घरेलू सिलेंडर, दो भरे हुए घरेलू सिलेंडर, दो खाली पांच किलो वाले सिलेंडर तथा एक खाली कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद हुआ।

एफआईआर में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि संबंधित गैस एजेंसियों से नकद भुगतान कर सिलेंडर प्राप्त किए जाते थे और उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद उनकी डिलीवरी की जाती थी। हालांकि निरीक्षण के समय बरामद सिलेंडरों के संबंध में कोई अभिलेख, दस्तावेज या वाउचर प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और वितरण से जुड़ा प्रतीत होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 तथा अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रैनाथ सिंह को सौंपी गई है।

# पंचायत में न पहुंचने पर युवक को दबगों ने चाकू से गोदकर की फायरिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय




हसनपुर। नगर के एक मोहल्ले में पंचायत में न पहुंचने पर दबंगों द्वारा युवक को चाकू से गोद कर घायल कर दिया और फायरिंग कर मौके से फरार हो गए वहीं घायल के परिजनों का आरोप है कि दबंगों द्वारा फायरिंग भी की गई है। घटना की जानकारी होते ही नगर में सनसनी फैल गई। वहीं घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घायल के परिजनों का आरोप है कि पूर्व में पुलिस से कई बार शिकायत की गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा दबंगों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की (बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात्रि नगर के मोहल्ला लाल मस्जिद खेवान निवासी यासीन पुत्र इकरार घर से निकलकर कुछ ही दूरी पर पहुंचा तो दबंगों द्वारा उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया हमले के दौरान उसके सिर पर कई बार किए गए (वहीं उसे चाकू से भी गोद कर घायल किया गया, वहीं घायल कर हमलावरों द्वारा उसे पर फायरिंग भी की गई जिससे वह बाल बाल बचा। घटना के बाद दबंग मौके से फरार हो गए। घायल यासीन को परिजन कोतवाली लेकर पहुंचे जहां पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एक सभासद पति अपने यहां पंचायत में बुलाने का दबाव बना रहा था, वहीं उन्होंने बताया कि दबंग नशे एवं सट्टे का कारोबार करते हैं और पुलिस से उनकी मिली भगत है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है।

### कोतवाली गेट पर जेठानी देवरानी का हाई वोल्टेज ड्रामा, एक घायल

हसनपुर। घरेलू कलह और पुरुषों की शराब की लत के चलते रविवार को कोतवाली गेट पर जेठानी देवरानी में बेरहमी से मारपीट हो गई, इस हिंसक झड़प में देवरानी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार परिवार के पुरुषों की शराब की लत के कारण घर में अक्सर गाली-गलौज और मारपीट होती थी, जिससे लंबे समय से कलह चल रहा था। रविवार को भी इसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ, जिसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे थे (कोतवाली के गेट पर पहुंचते ही दोनों पक्षों में फिर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते जेठानी ने देवरानी मनवती पर हमला कर उसे काफी पीटा, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हंगामा देख पुलिस तुरंत हरकत में आई और महिला कांस्टेबलों ने बीच-बचाव कर घायल महिला को बचाया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि एक आरोपी जेठानी को हिरासत में ले लिया गया है। घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### आंगन में झाड़ू लगा रही महिला को सांप ने डंसा हालत गंभीर सीएचसी से हायर सेंटर रेफर



घायल महिला।

हसनपुर। रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में आंगन में झाड़ू लगा रही महिला को सांप ने डंसा लिया, परिजनों ने नगर के सीएचसी में कराया भर्ती हालत गंभीर चिकित्सकों ने किया हायर सेंटर रेफर। रहरा थाना क्षेत्र के गांव खेलिया की मढ़िया निवासी कल्लो पत्नी चिरंजी रविवार की सुबह आंगन में झाड़ू लगा रही थी झाड़ू लगाते समय कुछ कूड़ा दीवार की बराबर में पड़ा हुआ था जिसे पीड़िता हाथ से निकलने लगी तो अचानक सांप ने हाथ की उंगली में डंक मार दिया। परिजन तुरंत महिला को लेकर नगर के सीएचसी पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों के द्वारा महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# यूपी कांग्रेस प्रभारी मंडल में कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश, 23 को अमरोहा व संभल में दौरा

- यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम का पहला मुरादाबाद मंडल में दौरा
- चुनावी नब्ज भी टटोलेंगे, विधानसभा सीटों पर समीकरणों पर भी चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। यूपी कांग्रेस के नए प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम मुरादाबाद मंडल में पहला राजनैतिक दौरा करेंगे। कांग्रेस प्रभारी अमरोहा व संभल में 23 जुलाई को आएंगे। बैठक कर कार्य कर्ताओं में जोश भरेंगे।साथ ही विस चुनाव की तैयारियों से लेकर मौजूदा सियासी हालातों पर भी मंथन करेंगे।पार्टी प्रभारी के दौरे को लेकर कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई है।



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के नए प्रभारी बने राजेन्द्र पाल गौतम का मुरादाबाद क्षेत्र में पहला दौरा होगा। कांग्रेस नेताओं की माने तो प्रभारी 23 जुलाई को मंडल में दौरे पर रहेंगे। मुरादाबाद क्षेत्र में यह उनका पहला दौरा होगा।

कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य मरगूब आलम के अनुसार कांग्रेस प्रभारी दो जिलों का 23 जुलाई को दौरा करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। पहले सुबह अमरोहा व फिर संभल में जिला व शहर संगठन व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद का कार्यक्रम है। इस दौरान प्रभारी संगठन की जमीनी हकीकत, चुनावी तैयारी,बूथ स्तर पर ताकत की टोह लेंगे। साथ ही जिले में विधानसभा सीटों पर सियासी समीकरण की संभावनाएं भी तलाशेंगे इस दौरान उनके संग अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव नासिर चौधरी समेत अन्य भी नेता होंगे। कांग्रेस प्रभारी के दौरे को देखते हुए संभल में हाजी आरिफ व शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम समेत कांग्रेसी नेता तैयारियों में जुट गए है। रविवार को संभल में एआईसीसी समेत अन्य नेताओं ने तैयारी बैठक की।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की हुई बैठक

हसनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में सभी व्यापारियों द्वारा एक मत होकर निर्णय लिया गया कि आगामी व्यापारी महासम्मेलन में नगर से अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भाग लेने के लिए रवाना होंगे। शनिवार की देर रात्रि नगर के पुराने डाकघर के निकट स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मनोज कुमार अग्रवाल को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया और सभी व्यापारियों द्वारा उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि आगामी 9 अगस्त को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें नगर से अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भाग लेने के लिए रवाना होंगे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज गोयल ने की तथा संचालन नगर महामंत्री विवेक शर्मा द्वारा किया गया।

# शादी से इनकार पर युवती को तेजाब से जलाने की धमकी, मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर एक युवती को कथित रूप से तेजाब से जलाने की धमकी देने और घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

एफआईआर के अनुसार, लोकोशेड चंद्र नगर, थाना सिविल लाइंस निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि करीब तीन-चार वर्ष पहले उसका रिश्ता कपिल सैनी निवासी सिरकोई (जनपद मुरादाबाद) से चल रहा था, लेकिन उसने शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद से आरोपी लगातार उसे विभिन्न तरीकों से परेशान कर रहा था।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसके मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजता था और करीब पांच-छह माह पहले उसके मामा के घर पहुंचकर उसे जान से मारने तथा किसी अन्य स्थान पर रिश्ता नहीं होने देने की धमकी भी दी थी।

शिकायत में कहा गया है कि 15 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे आरोपी कथित रूप से युवती के घर में जबरन घुस आया और मारपीट करते हुए कहा कि यदि उसने उससे शादी नहीं की तो वह तेजाब से उसका चेहरा जला देगा। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने हाथ में पकड़ी एसिड जैसी बोतल उसकी ओर फेंकी, लेकिन युवती किसी तरह बच गई। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकला। जाते समय उसने दोबारा जान से मारने और अंजाम भुगतने की धमकी भी दी।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर मोबाइल पर बात करते समय एमबीसी से टकराई कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हसनपुर। सैद नगली थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे मोबाइल पर बात करते समय अचानक कार अनियंत्रित होकर साइड में लगी एमबीसी से टकरा गई चालक बाल बाल बचा लेकिन कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सैद नगली थाना क्षेत्र के हाजीपुर तराश के निकट मेरठ निवासी सुबोध कुमार अपनी पत्नी व10 वर्षीय बेटे के साथ कानपुर जा रहे थे (प्रैसे ही उनके मोबाइल पर फोन आया तो वह चलती कार में मोबाइल पर बात करने लगे। अचानक कार अनियंत्रित हो गई। पहले कार अनियंत्रित होकर मेडिएशन की ओर गई लेकिन गति तेज होने के कारण जैसे ही सुबोध कुमार ने कार को मेडिएशन की तरफ से मोडा तो कार अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेसवे की साइड में लगी एमबीसी से जा टकराई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन गनी मत रही की कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर पहुंचे गंगा एक्सप्रेस वे कर्मियों के द्वारा कार को मंगरौला के निकट खड़ा किया गया है।

### बदहाल सफाई व्यवस्था पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



गांव में सफाई अभियान चलाते ग्रामीण।

हसनपुर। ब्लॉक क्षेत्र के गांव दियावली में ग्रामीणों ने गांव की बदहाल सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर गहरा रोष जताया है। रविवार को दोपहर बाद ग्रामीणों ने गांव की बदहाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य रास्ते पर लंबे समय से कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों का निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से इस समस्या की लिखित व मौखिक शिकायत की, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अधिकारियों की बेरुखी से नाराज आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर स्वयं ही गांव में सफाई अभियान छेड़ दिया और फावड़े-तसले लेकर रास्ते की गंदगी हटाने में जुट गए। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान उनकी जायज समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे है, जिसके कारण उन्हें खुद सफाई के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस मौके पर रमेश, देवराज सिंह, निक्कू सिंह, संतोष, शीतल, राजबाला, मिथिलेश, नीरज, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सैलून से लौट रही महिला से छेड़छाड़ और मारने की धमकी, दो भाइयों पर मुकदमा

मुरादाबाद। नागफनी थाना क्षेत्र में सैलून से घर लौट रही एक महिला से कथित छेड़छाड़, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। एफआईआर के अनुसार, बंगलागांव वाल्मीकि बस्ती निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह रात करीब 9:30 बजे सैलून से घर लौट रही थी। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले दो सगे भाइयों ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार, आरोपी बंगलागांव की एक गली में रहते हैं और घटना के बाद वह उनके घर शिकायत करने भी गई, लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया।

## गुस्सा

पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने से कर रहा है इनकार

# नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत परिजनों ने किया हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर स्थित एक अस्पताल में नवजात शिशु के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शिशु की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा हंगामा होने से अस्पताल में काफी भीड़ एकत्र हो गई। काफी देर के बाद अस्पताल संचालक एवं परिजनों में समझौता हो गया और परिजन नवजात के शव को लेकर घर चले गए।

वहीं स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग घटना की जानकारी ना होना बता रहा है। शनिवार की शाम नगर के रहरा मार्ग पर स्थित एक बाल क्लिनिक पर थाना सैद नगली क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने नवजात शिशु को लेकर आया था। जिसका चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई, शिशु की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों द्वारा चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा कांटा घंटों हंगामा होने के कारण अस्पताल में भीड़ लग गई काफी देर के बाद अस्पताल संचालक एवं परिजनों में समझौता हो गया और वह बिना किसी कानूनी कार्रवाई की नवजात शिशु के शव को लेकर घर चले गए।

हालांकि नगर स्थित अस्पतालों में यह कोई नया मामला नहीं है, ऐसी घटनाएं अस्पतालों में होती रहती हैं। वहीं पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने से इनकार कर रहा है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसी किसी भी घटना की कोई जानकारी नहीं है अगर प्रार्थना पत्र मिलता है तो जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हॉस्पिटल पर गलत ऑपरेशन करने का आरोप, कोतवाली गेट पर प्रदर्शन

हसनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही और धन उगाही को लेकर पीड़ित परिवार ने कोतवाली गेट पर किया प्रदर्शन। जनपद सम्भल के गांव मुजाहिदपुर निवासी आराम सिंह ने एक हॉस्पिटल के प्रबंधक और चिकित्सकों पर उनकी गर्भवती पुत्रवधू सुमन का गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाया है।



कोतवाली गेट पर विरोध जताते पीड़ित। -जागरण मोर्चा

तहरीर के अनुसार, 2 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता को नगर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने मोटी रकम ऐंठने के उद्देश्य से जबरन गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया ऑपरेशन के दौरान सुमन ने बेटी को जन्म दिया जिसे नजदीक के एक बाल क्लीनिक पर भर्ती कराया गया था। यहां नवजात की हालत में चिंता जनक है। परिजनों का कहना है कि इलाज के नाम पर कुल 98 हजार रुपये वसूल लिए। छुट्टी के बाद जब महिला की तबीयत बिगड़ी, तो परिजनों ने अनुपशहर के एक अन्य अस्पताल में जांच कराई, जहां सीटी स्कैन रिपोर्ट में गलत ऑपरेशन होने की पुष्टि हुई शिकायत करने पर अस्पताल प्रबंधक ने परिजनों को धमकी देकर भगा दिया, जिससे आक्रोशित होकर परिजनों ने कोतवाली गेट पर प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार ने पुलिस से उक्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और अस्पताल बंद करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाई की गोली से घायल बहन ने भी इलाज के दौरान तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भाई की गोली लगने से घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुधवार रात आरोपित ने शराब के नशे में पहले अपने भांजे को गोली मारी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत गई। बेटे के बचाव में आई मां को भी आरोपित ने गोली मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई। शुक्रवार को सैफई मेडीकल कालेज में महिला की भी इलाज के दौरान मौत गई। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव बख्तपुर निवासी वीरसिंह अपने भांजे आकाश (25) के साथ घर के बाहर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। बाद में दोनों के बीच जमकर गाली गलौज और मारपीट हुई। विवाद के तूल पकड़ने पर आकाश घर से लाठी ले आया, इसके बाद वीर सिंह वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह तमंचा लेकर लौटा और आकाश को गोली मार दी। गोली आकाश के सीने में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर मां संतोषी बेटे को बचाने को दौड़ी,तभी वीर सिंह ने उन पर फायर कर दिया। गोली लगने से संतोषी गंभीर रुप से घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह,सीओ दातागंज आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल संतोषी को मेडीकल कालेज में भर्ती कराया। जबकि आकाश के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। संतोषी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सैफई मेडीकल रेफर कर दिया। जहां शुक्रवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत गई।

# खाटू श्याम जा रहे बाइक सवारों को पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर, बुआ-भतीजे की मौत

## बरीपुरा चौराहे पर भीषण हादसा, युवक व महिला की मौत, किशोरी गंभीर





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के बरीपुरा चौराहे के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बुआ-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



महेशवरी देवी।



सत्यम सिंह।

जानकारी के अनुसार सत्यम (20) पुत्र शिवराज सिंह और महेश्वरी देवी (40) निवासी (गांव का नाम) अपने परिवार के साथ बाइक से खाटू श्याम जा रहे थे। जैसे ही वे बरीपुरा चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यम और महेश्वरी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शिवराज सिंह की बेटी मनु सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं सूचना पाकर पहुंची थाना वजीरगंज पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लेने के प्रयास शुरू कर दिए हैं और मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## संक्षेप समाचार

### बिसौली में नई एसडीएम प्रियंका कुमारी ने संभाला कार्यभार, जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर



**बिसौली।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में स्थानांतरित होकर आई उप जिलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने शनिवार को बिसौली तहसील में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता को समयबद्ध न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर आने वाली शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगवाए जाएं और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसडीएम प्रियंका कुमारी ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक उनका लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पीड़ित और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस दिशा में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याएं बेझिझक प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका समाधान शीघ्रता से किया जा सके। नई एसडीएम के इस सख्त और स्पष्ट रुख से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### मुठभेड़ में दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, सिपाही भी घायल



**बदायूं।** थाना वजीरगंज क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि आरोपी की फायरिंग से एक सिपाही घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई 2026 को वादी ने थाना वजीरगंज में तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला तकिया निवासी परवेज पुत्र छुन्ने ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। इस पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 177/2026 धारा 65(1) बीएनएस, (2) पॉक्सो एक्ट व 3(2)v एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इसी दौरान कुंवरगांव चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिससे सिपाही प्रवेन्द्र कुमार के बाएं हाथ में गोली लग गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उपचार के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### पुलिस ने ट्रक में पकड़ी लाखों की अवैध अंग्रेजी शराब, एक आरोपित गिरफ्तार, चालक फरार



**बदायूं।** थाना हजरतपुर पुलिस ने शनिवार रात गंगा एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब से लदा ट्रक जब्त किया है। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जबकि ट्रक चालक मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात करीब 1 बजे हजरतपुर थाना पुलिस बिहारीपुर गांव के पास गंगा एक्सप्रेस-वे के पिलर संख्या 216 .8 पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में अंग्रेजी ब्रांड की कुल 23,952 बोतले, हॉफ व पौवा बरामद हुए। जिसमें 2016 बोतलें, 5904 हाफ व 16032 पौवा शामिल हैं। पुलिस ने मौके से मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के थाना मुरार के मोहल्ला लोचन नगर निवासी विवेक दुबे को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उधर, पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ में चालक का नाम तौफीक सामने आया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने शराब व ट्रक को जब्त करके आबकारी अधिनियम आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है। एसओ पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 67 लाख 72 हजार रुपये है। जब्त ट्रक में कुछ बोतलें व पौवे टुटे मिले हैं। फरार चालक की तलाश में पुलिस जुटी है।

### सर्पदंश से किशोरी की मौत, घर में सोते समय सांप ने डसा

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक किशोरी की मौत गई। इस घटना से किशोरी के परिवार में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव शेरगंज बिछरुईया निवासी शेरसिंह की बेटी कीर्ति (16) अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। नींद में सांप के डसने का अहसास होने पर किशोरी चिल्लाई, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन उसे बिनावर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां शनिवार देररात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# ईसीसी एजूकेटर संघर्ष मोर्चा का गठन, सत्येंद्र कुमार बने जिलाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** शहर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में रविवार को ईसीसी एजूकेटर संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीराम वर्मा ने की। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

हरीराम वर्मा ने सर्वसम्मति से सत्येंद्र कुमार को जिला अध्यक्ष, रहीसुल हसन को उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार को सचिव, प्राची मिश्रा को कोषाध्यक्ष, रूबीना असलम को संगठन मंत्री और प्रियंका को सोशल मीडिया प्रभारी नामित किया। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

सहसवान ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में रश्मि सक्सेना और उपाध्यक्ष नीलम यादव, सलारपुर में सपना यादव अध्यक्ष व रचना उपाध्यक्ष, म्याऊं में चांदनी उपाध्याय अध्यक्ष, उसावां में माधुरी अध्यक्ष, कादर चौक में सोनी अध्यक्ष व शीलेंद्र उपाध्यक्ष, जगत में शशि अध्यक्ष व पूनम उपाध्यक्ष, इस्लामनगर में रवि प्रकाश अध्यक्ष व मुस्कान उपाध्यक्ष, अम्बियापुर में रूबी माहेश्वरी अध्यक्ष व मानसी सक्सेना उपाध्यक्ष, वजीरगंज में सुमन अध्यक्ष और उझानी में मुशाहिद को अध्यक्ष बनाया गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य एजूकेटरों की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी सदस्य को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सभी पदाधिकारियों से निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए लोगों को भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## पेगा भीकमपुर स्कूल में इनरव्हील क्लब ने खोली लाइब्रेरी, बच्चों में खुशी की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** इनरव्हील क्लब की ओर से कंपोजिट विद्यालय पेगा भीकमपुर में बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई लाइब्रेरी की स्थापना की गई। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने विभिन्न विषयों से संबंधित उपयोगी पुस्तकें भेंट कर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को क्लब की ओर से पुरस्कृत भी किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ा।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुविधा माहेश्वरी ने बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और हाइजीन के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्राओं को सेनिटरी पैड्स भी वितरित किए। इसके अलावा क्लब की ओर से बच्चों को खाने-पीने की सामग्री और स्टेशनरी भी वितरित की गई, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी, प्रतिभा अग्रवाल, मधु शर्मा, डॉ. अर्चना वार्ष्णेय, नीरू अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके समग्र विकास में सहयोग करना रहा।

## पालिका चेयरमैन फात्मा रज़ा ने नई सराय और मेथोडिस्ट चर्च को सड़क व नाली निर्माण की सौगात दी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने वार्ड संख्या-27 स्थित नई सराय तथा वार्ड संख्या-19 के मेथोडिस्ट चर्च में पांच लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित सीसी सड़क, इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया। विकास कार्यों के पूरा होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा का जोरदार स्वागत किया और पालिका का आभार व्यक्त किया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं और विकास की यह गति भविष्य में भी जारी रहेगी। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर पालिका परिषद नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य करा रही है। जहां भी सड़कें जर्जर हैं अथवा जलनिकासी की समस्या है, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जा रहे हैं।

# सूफी शरीफ सरमद के उर्स में सजी अदब की महफिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** नगर के प्रसिद्ध संत सूफी शरीफ सरमद के दो दिवसीय सालाना उर्स के अवसर पर तरही मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आस्था, अदब, इल्म और सूफी परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। उर्स की शुरुआत नमाज-ए-फज्र के बाद कुरानख्वानी से हुई, जिसके बाद रात में नातिया और तरही मुशायरे की महफिल सजी।

मुशायरे की सरपरस्ती सज्जादानशीन सूफी ज़रीफ साहब ने की। कार्यक्रम का आगाज अभीक्ष पाठक 'आहत' ने अपने कलाम से किया। उन्होंने पढ़ा, "जहाँ भी चाहें सजा लें वो अपनी फील्डिंग को, हमारी टीम के कप्तान सूफी सरमद हैं।" इसके बाद मशहूद खां 'हमदम' ने कहा, "अगर बवाल मचाया, रिपोर्ट कर दूँगा, अदब के थाने के दीवान सूफी सरमद हैं।"

श्रीदत्त शर्मा 'मुज्तर' ने अपने अंदाज में कहा, "अगर कलाम कहो, नाप-तौल कर कहना, इसी अदा पे तो कुर्बान सूफी सरमद हैं।" मशकूर अहमद 'नज़्मी' ने पढ़ा, "हम से है इतनी मोहब्बत कि यकीं है नज़्मी, आज भी बज़्म में मेहमान हैं सूफी सरमद।" वहीं अमीरुद्दीन 'अमीर' ने कहा, "अमीर तूने भला सोच भी लिया कैसे, कि तेरे हाल से अंजान हैं सूफी सरमद।" माजिद सलमानी ने पढ़ा, "माल-ए-दुनिया न सही, उक़्बा की दौलत ही सही, निर्धनी हो के भी धनवान हैं सूफी सरमद।" फरीद इदरीसी ने कहा, "नबी की आल से और उनके जांनिसारों से, सुना है आपकी पहचान हैं सूफी सरमद।" फईम अहमद ने अपने कलाम में कहा, "मुद्दतों जिसने जमाने की मेजबानी की, करबला अब तेरे मेहमान हैं सूफी सरमद।" मुशायरे के दौरान सभी शायरों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंद और शायरी प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने देर रात तक सूफियाना कलाम का आनंद लिया।

## सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत, परिवार में कोहराम

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक बुजुर्ग की मौत गई। सर्पदंश के बाद परिजन बुजुर्ग को लेकर सीएचसी बिसौली पहुंचे,जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन निवासी अब्दुल रहमान को उनके घर में सांप ने डस लिया। इसके बाद परिजन उनको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली पहुंचे। जहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग के दम तोड़ते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी दबोचा

**दातागंज।** दातागंज कस्बे में लकड़ी बीनने गई 10 साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले 60 साल के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया आरोपी रामदीन पुत्र तोताराम, निवासी मोहल्ला छोटा पारा, वार्ड संख्या-3 कस्बा एवं थाना दातागंज को उसकी लकड़ी की टाल से गिरफ्तार किया गया। विदित हो, शनिवार की सुबह सात बजे 10 साल की बच्ची के पिता मजदूरी करने गए थे। उनके जाने के बाद बच्ची की मां ने कहा कि वह चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी बीन लाए। बच्ची लकड़ी बीन रही थी, इसी दौरान वहां मौजूद एक टाल का 60 वर्षीय मालिक बच्ची के पास पहुंचा और कहा कि उसकी टाल में काफी लकड़ी हैं। टाल स्वामी ने कहा कि वह तखत के नीचे से लकड़ी निकाल ले। उसकी बातों में आकर बच्ची जैसे ही तखत के नीचे पहुंची कि आरोपी ने उसको दबोच लिया। बच्ची ने शोर मचाया तो आरोपी ने कहा कि वह 200 रुपये देगा वह बस उसकी मर्जी पूरी कर दे। परिजनों को देखकर आरोपी मौके से भाग गया। इस संबंध में एसएचओ वेदपाल सिंह ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




## छत के रास्ते घर में घुसे चोर, नगदी-जेवर समेट ले गए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर में शनिवार की रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए एक लाख रुपये की नगदी और लाखों के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी जयपाल सिंह ने बताया कि शनिवार रात उनका पूरा परिवार मकान की छत पर सो रहा था। जीने के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। देर रात चोर जीने के रास्ते मकान में पहुंचे और जीने का ताला खोलकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने उनके छोटे बेटे के कमरे को निशाना बनाया और वहां रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण समेट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर आराम से फरार हो गए। रविवार सुबह जब परिवार के लोग नीचे पहुंचे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और जीने का दरवाजा खुला मिला। सामान की जांच करने पर नगदी और आभूषण गायब मिले, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही बिल्सी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। इधर, सीओ आलोक सिद्धू ने बताया कि गांव में चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**तैयारी** कांवड़ यात्रा को उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश, 6 जोन व 16 सेक्टर में बंटा जनपद

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त हो कांवड़ यात्रा, सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर प्रशासन सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में रविवार को आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने व्यापक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कांवड़ यात्रा को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर दिया, जबकि जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं जन्तु विज्ञान अरुण कुमार सक्सेना ने इसे धूमधाम से उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कहा गया कि 30 जुलाई 2026 से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कांवड़ियों के मार्ग को सुगम बनाने और किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई को सड़कों के गड्ढे समय से भरने तथा नगर निकायों को नालों को ढकने और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि कांवड़ व डीजे की अधिकतम ऊंचाई 12 फीट और चौड़ाई 10 फीट निर्धारित की गई है, जबकि ध्वनि स्तर 75 डेसीबल से अधिक नहीं होगा। पूरे जनपद को 6 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। कछला गंगा घाट मार्ग पर 422 सीसीटीवी कैमरे और 7 वॉच टावर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ मार्ग पर 32 शिविर स्थापित किए जाएंगे, जहां मोबाइल टॉयलेट, महिला चेंजिंग रूम, स्वास्थ्य शिविर और पेयजल की व्यवस्था रहेगी। कुल 132 शिवालयों में से 68 में जलाभिषेक होगा। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग, गोताखोरों और नावों की भी व्यवस्था की गई है। प्रभारी मंत्री ने बिजली विभाग को ढीले तार ठीक करने और ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। वहीं चिकित्सा विभाग को पर्याप्त दवाओं के साथ स्वास्थ्य शिविर संचालित करने को कहा गया। पुलिस विभाग को कांवड़ियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिनसे 24 घंटे निगरानी की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रत्येक शुक्रवार रात 8 बजे से सोमवार शाम 5 बजे तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिए। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



## गीता सार

**संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः।**
**योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति॥**

**हिंदी अर्थ** : परन्तु हे वीर अर्जुन ! कर्मयोग के बिना कर्म-संन्यास कठिन है और कर्मयोग में स्थित मुनि परब्रह्म को शीघ्र ही प्राप्त हो जाता है।

# फीफा का फंडा

अटलांटा में खेले गए राउंड ऑफ-16 मुकाबले में शुरुआती 78 मिनट में मिस्र ने मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया था। यासेर इब्राहिम के गोल से मिस्र ने बढ़त बनाई, जबकि दूसरे हाफ में मोस्तफा जिको ने स्कोर 2-0 कर दिया। इससे पहले जिको का एक और शानदार गोल वीडियो असिस्टेंट रेफरी की समीक्षा के बाद फाउल बताकर रद्द कर दिया गया था। अर्जेंटीना को पहले हाफ में पेनल्टी भी मिली, लेकिन लियोनल मेसी उसे गोल में नहीं बदल सके। मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शौबीर ने शानदार बचाव किया। हालांकि 79वें मिनट में क्रिस्टियन रोमेरो ने अर्जेंटीना की वापसी की शुरुआत की। 83वें मिनट में मेसी ने बराबरी का गोल दागा और इंजरी टाइम में एंजो फर्नांडीज ने विजयी गोल कर टीम को 3-2 से क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। यह मैच अर्जेंटीना की दमदार वापसी की कहानी रही, लेकिन अब इस मैच के कुछ फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं। फैंस के साथ साथ मिस्र के फॉरवर्ड जिको और कोच होसाम हसन ने मेसी और फीफा अध्यक्ष इनफैनटिनो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मैच खत्म होने के बाद मिस्र ने कई रेफरिंग फैसलों पर सवाल उठाए। विवाद की शुरुआत जिको के उस गोल से हुई, जिसे वीएआर ने बिल्ड-अप में लिसांद्रो मार्टिनेज पर हुए कथित फाउल के आधार पर रद्द कर दिया। इसके बाद मिस्र ने मोहम्मद सलाह पर बॉक्स के अंदर हुए कथित फाउल पर पेनल्टी की मांग की, लेकिन रेफरी ने खेल जारी रखा। यही नहीं, अर्जेंटीना के तीसरे गोल से पहले एलेक्सिस मैक एलिस्टर द्वारा मिस्र के हम्दी फाथी की जर्सी खींचे जाने का भी आरोप लगाया गया। मिस्र का आरोप है कि इस घटना की वीएआर ने जांच तक नहीं की। उनका कहना है कि मोहम्मद सालाह समेत मिस्र के खिलाड़ियों ने रेफरी से अपील की थी, लेकिन रेफरी ने एक नहीं सुनी और वीएआर का सहारा लिया तक नहीं। इन फैसलों से नाराज होकर मिस्र की बेंच ने भी विरोध जताया, जिसमें कोचिंग स्टाफ के एक सदस्य को रेड कार्ड तक दिखाया गया। कोच और कुछ खिलाड़ियों को यलो कार्ड दिखाया गया। मैच के बाद मिस्र के कोच होसाम हसन ने रेफरिंग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'मैं इसे सिर्फ बदकिस्मती नहीं कहूंगा। आज हमारे साथ धोखा हुआ है। हमारे साथ अन्याय हुआ है।' उन्होंने कहा, 'हमें न सम्मान मिला और न ही निष्पक्ष खेल देखने को मिला। हमारे लिए साफ पेनल्टी नहीं दी गई। हमारे दूसरे गोल को रद्द कर दिया गया। हमारी एक और पेनल्टी की अपील पर वीएआर ने जांच तक नहीं की, जबकि सभी ने देखा कि हमारे खिलाड़ी की जर्सी खींची गई थी।' हसन ने यहां तक कह दिया कि अब वह इस विश्व कप के बाकी मैच नहीं देखेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अब इस विश्व कप के बाकी मुकाबले नहीं देखूंगा।



फिल्म 'सतलुज'

# असहज सत्य से दिक्कत क्या है?



**नरेंद्र शर्मा**

मानवाधिकार एक्टिविस्ट जसवंत सिंह खालरा को आखिरी बार उस समय देखा गया, जब सितम्बर 1995 में वह अमृतसर में अपने घर के बाहर अपनी कार धो रहे थे। बाद में पंजाब पुलिस के छह पुलिस अधिकारियों को खालरा के अपहरण व हत्या का दोषी पाते हुए अदालत ने आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। खालरा के साथ ऐसा क्यों किया गया? ऑपरेशन ब्लू स्टार व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या और 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद पुलिस को शक की बिना (पढ़ें संदिग्ध आतंकी) पर किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार दे दिया गया था। पुलिस पर आरोप था कि उसने फर्जी मुठभेड़ में निहत्थे संदिग्धों की हत्याएं कीं और इन हत्याओं को कवरअप करने के लिए हजारों शवों का दाह संस्कार किया।

खालरा पंजाब में 25,000 अज्ञात शवों के दाह संस्कार की खोजबीन कर रहे थे और साथ ही इस बात की भी कि पुलिस ने लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों की भी हत्या की थी, जिन्होंने आतंकरोधी ऑपरेशनों में सहयोग करने से इंकार कर दिया था। सीबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंची कि अकेले तरण तारण जिले में पुलिस ने 2097 लोगों का अवैध दाह संस्कार किया था। 'गुमशुदा' लोगों की तलाश करते हुए खालरा के हाथ अमृतसर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से वह फाइल मिल गई, जिनमें उन लोगों के नाम, आयु व पते थे, जिनकी हत्या करके पुलिस ने दाह संस्कार कर दिया था। खालरा के अतिरिक्त शोध से यह संख्या हजारों में पहुंच गई। संभवतः इस वजह से उन्हें 'खामोश' कर दिया गया। जसवंत सिंह खालरा के इसी एक्टिविज्म पर निर्देशक हनी त्रेहन ने फिल्म 'पंजाब 95' बनाई, जिसमें दिलजीत दोसांझ, अर्जुन रामपाल व सुविंदर विक्की मुख्य कलाकार हैं। लेकिन इस फिल्म को 2022 में जब सीबीएफसी क्लियरेंस के लिए भेजा गया तो विवादों का सिलसिला आरंभ हो गया। सेंसर बोर्ड ने फिल्म में 21 कट लगाने का सुझाव दिया, जिसे निर्देशक ने न चाहते हुए भी उस उम्मीद में स्वीकार कर लिया कि फिल्म को थिएटर में रिलीज करने के रास्ते साफ हो जाएंगे। लेकिन फिल्म की इसके बाद भी अनेक बार समीक्षाएं की गईं और 2025 तक फिल्म में 127 कट लगाने के सुझाव दिए गए। खालरा का नाम बदलने को भी कहा गया, जिन्हें निर्देशक ने यह कहते हुए मानने से इंकार कर दिया कि इतने कट के बाद तो मालूम ही नहीं पड़ेगा कि फिल्म किस विषय पर बनाई गई है। इसी विवाद के चलते फिल्म को सितम्बर 2023 में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में रिलीज नहीं किया जा सका। चूंकि बड़े पर्दे व टीवी की तुलना में कंटेंट विनियमन अधिक लचीले हैं, इसलिए निर्माताओं ने 'पंजाब 95' का नाम 'सतलुज' रखकर उसे जी-5 पर रिलीज कर दिया। लेकिन निर्देशक हनी त्रेहन की उम्मीद के अनुसार मात्र 48 घंटे बाद ही सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जी-5 से फिल्म 'सतलुज' को अपने प्लेटफार्म से हटाने का 'आदेश' दिया, जिसका त्वरित पालन किया गया। गौरतलब है कि हनी त्रेहन ने 3 जुलाई 2026 को ही कह दिया था कि उन्हें आश्चर्य न होगा अगर फिल्म को दो दिन के भीतर ही फिल्म को उतारने का आदेश दे दिया जाए। उनके अनुसार, "मुझे इसकी उम्मीद थी। दो दिन रखा यही बड़ी बात है।" इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा है कि फिल्म को उतारने के लिए इस वजह से कहा गया कि राष्ट्रविरोधी तत्व इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। बहरहाल, सरकार के इस फैसले से फिल्म सेंसरशिप व ओटीटी विनियमन (जिनमें संसदीय तदर्थ समिति ने संशोधनों की सिफारिश की है) एक बार फिर राष्ट्रव्यापी बहस के केंद्र में आ गये हैं। पंजाब में राजनीतिक दलों व सिख संस्थाओं ने 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफार्म से हटाने की निंदा व आलोचना करते हुए कहा है कि यह फिल्म राज्य (पंजाब) के 'काले अध्याय' को उजागर करती है और इतिहास का मुकाबला सेंसरशिप से दबाने की बजाय ईमानदारी से किया जाना चाहिए। सेंसर बोर्ड प्रोपेगंडा फिल्मों जैसे 'कश्मीर फाइल्स', 'केरल स्टोरी' आदि को तो पास कर देता है, लेकिन ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित फिल्मों को हरी झंडी नहीं दिखाता। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा है, "यह केवल सेंसरशिप नहीं है बल्कि हमारी सामूहिक यादों, सच्चाई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है।"

पंजाब में सत्तारूढ़ आप ने भी 'सतलुज' को ओटीटी से हटाए जाने की कड़ी निंदा की है और इसे पुनः स्थापित करने की मांग की है ताकि युवा पीढ़ी पंजाब के इतिहास को बिना 'राजनीतिक सेंसरशिप' के देख सके। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनान का कहना है कि लोगों को मालूम होना चाहिए कि उन दिनों पंजाब में क्या हुआ। उनके अनुसार, "सच दिखाने में बुराई क्या है?" फिल्मोद्योग में बिना किसी की मदद लिए फिल्म की रिलीज के लिए चार वर्ष तक संघर्ष करने वाले दिलजीत दोसांझ का कहना है, "जो चीज एक बार जब इंटरनेट पर आ जाती है तो वह फिर कहीं नहीं जाती। मुझे अंदाजा था कि इस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, इसलिए मैंने फिल्म को डाउनलोड करने की अपील की थी। बहुत लोगों ने इसे डाउनलोड किया भी है...मैंने एक वीडियो देखा, जिसमें एक भाई ने पूरे गांव के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। आज हर घर में लोग जसवंत खालराजी के बारे में बातें कर रहे हैं। ...मैनू बहुत तसल्ली है कि फिल्म पहुंच गई है। फिल्म के डिलीट होने पर मैं उदास नहीं हूं, मैं उदास हूं कि अब 2026 है, और कहानी 1995 की है और हम अब भी वहीं खड़े हैं।" अफसोस है कि भारत को सेंसरशिप पर चर्चा करने की आदत पड़ गई है। भारत में बैन होने वाली पहली फिल्म मूक फिल्म 'भक्त विदुर' थी क्योंकि अंग्रेज सरकार को यह बात पसंद नहीं थी कि मुख्य किरदार की शक्ल महात्मा गांधी से मिलती-जुलती थी। आजादी के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा और आपातकाल के दौरान 'किस्सा कुर्सी का' पर प्रतिबंध विख्यात मिसाल है और अचर्चित मिसालें तो अनगिनत हैं। चुम्बन, तलाक, 'कहानी स्त्री प्रधान है' आदि बेतुके कारणों से फिल्मों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।




इमेज

## श्रीरामचरितमानस



**लछिमन दीख उमाकृत बेषा।**
**चकित भए भ्रम हृदयँ बिसेषा॥**
**कहि न सकत कछु अति गंभीरा।**
**प्रभु प्रभाउ जानत मतिधीरा॥1॥**

**भावार्थ :** सतीजी के बनावटी वेष को देखकर लक्ष्मणजी चकित हो गए और उनके हृदय में बड़ा भ्रम हो गया। वे बहुत गंभीर हो गए, कुछ कह नहीं सके। धीर बुद्धि लक्ष्मण प्रभु रघुनाथजी के प्रभाव को जानते थे॥1॥

आषाढ़ माह

# जब प्रकृति भी देती साधना का संदेश

**आर. सी. शर्मा**

उत्तर भारतीय पंचांग के मुताबिक 30 जून 2026 से और दक्षिण भारत, महाराष्ट्र तथा गुजरात आदि के अमांत पंचांग के मुताबिक 15 जुलाई 2026 से आषाढ़ माह शुरू होगा। पहले वर्ष में यह वर्षा का महीना लगता है, जब भी हम कहीं आषाढ़ माह का जिक्र सुनेंगे तो सबसे पहले हमारे जेहन में मानसून की बारिश का चित्र घूम जाएगा। लेकिन भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में आषाढ़ माह सिर्फ बारिश का महीना नहीं है बल्कि यह आत्मचिंतन, संयम और साधना का भी महत्वपूर्ण माह है। इसलिए कहते हैं आषाढ़ माह में तो प्रकृति भी साधना का संदेश देती है। दरअसल यह कहने के पीछे कारण यह है कि तपती धरती पर जब वर्षा की रिमझिम फुहार पड़ती है और सूखी नदियां बहने लगती हैं, खेतों में हरियाली लौट आती है, तो हर तरफ एक आंतरिक खुशी और उल्लास की लहर दौड़ जाती है। भारतीय ऋषियों ने इस प्राकृतिक परिवर्तन को मनुष्य के भीतर होने वाले परिवर्तन से जोड़ा था और उनका स्पष्ट संदेश था- जैसे धरती वर्षा से नई ऊर्जा पाती है, वैसे ही मनुष्य भी आत्मचिंतन और साधना के जरिये नया जीवन पा सकता है। इसलिए आषाढ़ माह का भारत के आध्यात्मिक जगत में एक आत्मचिंतन माह के रूप में बहुत महत्व है। इस माह में अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होते हैं। यह मन, शरीर और समाज तीनों के संतुलन का महीना है। यही कारण है कि इस महीने को भारतीय संस्कृति में विशेष सम्मान प्राप्त है। प्राचीन भारत में ऋषि, मुनि पूरे वर्ष तीर्थयात्रा और ज्ञान उपदेश जैसे समाज सेवा में लगे रहते थे। मगर वर्षा ऋतु आते ही वे कहीं एक जगह रुककर अपने शिष्यों के साथ वेद, उपनिषद्, योग और दर्शन पर निरंतर वृहद चर्चा और शिक्षा शुरू कर देते थे। इसी परंपरा को वर्षावास या चातुर्मास भी कहते हैं, जो आषाढ़ माह में देवशयनी एकादशी से शुरू होता है, जो इस साल 25 जुलाई 2026 को है। वास्तव में वर्षावास जो कि आषाढ़ माह से शुरू होता है, उसके लिए माहौल आषाढ़ माह के पहले दिन से ही बनने लगता है। जहां तक आज के समय की बात है तो आज तो हम इतना सूक्ष्म नहीं सोचते, लेकिन प्राचीनकाल में ऋषि, मुनि इसलिए वर्षाकाल में यानी आषाढ़ माह से अपनी यात्राएं स्थगित कर देते थे, क्योंकि वर्षा के दिनों में असंख्य सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं, जो लगातार इंसान के यात्रा अतिक्रमण से नष्ट हो सकते हैं। इसलिए प्राचीनकाल में वर्षा के समय जो लोग जहां होते थे, वहीं रहकर आत्मचिंतन और साधना की कोशिश करते थे। इसलिए आषाढ़ माह को लंबी साधना की शुरुआत का महीना कहा जाता है।

## तिथि विशेष

# राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

भारत में प्रतिवर्ष 9 जुलाई को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्वामी विवेकानंद द्वारा वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में भाग लेने भारत से अपनी ऐतिहासिक यात्रा आरंभ करने की स्मृति में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों, व्यक्तित्व और ओजस्वी भाषणों से न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास, ज्ञान और राष्ट्रसेवा का संदेश भी दिया। इसलिए यह दिवस विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थी किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। आज के विद्यार्थी ही कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक, उद्यमी और जनप्रतिनिधि बनकर देश के विकास की दिशा तय करते हैं। इसलिए उनका सर्वांगीण विकास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनमें नैतिकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं का भी विकास होना आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर निहित शक्तियों का विकास करना है। उनका प्रसिद्ध संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको' आज भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वर्तमान में विद्यार्थियों के सामने डिजिटल तकनीक, सोशल मीडिया, प्रतियोगी परीक्षाओं का बढ़ता दबाव और बदलते करियर विकल्प जैसी अनेक चुनौतियां हैं। ऐसे में समय प्रबंधन, मानसिक संतुलन, निरंतर अध्ययन और कौशल विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है। नई शिक्षा नीति भी विद्यार्थियों को केवल परीक्षा-केंद्रित शिक्षा नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, नवाचार, शोध पर बल देती है।



कहानी किस्सों से भी ज्यादा खौफनाक

# बंधुआ मजदूरों के शोषण की सत्यकथा

**विजय कपूर**

रोजगार की जरूरत और तलाश छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के रहने वाले नारायण को पुरानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर ले आई, जहां संयोग से उसकी मुलाकात शिव त्यागी व प्रदीप बाल्यान से हुई। उन्होंने नारायण को आश्वासन दिया कि वह उनकी फैक्ट्री पर अगर मजदूरी करेगा तो उसे अच्छा वेतन मिलेगा, रहने व खाने की भी सुविधा मिलेगी, जिससे वह अपना वेतन बचाकर अपने घर भेज सकेगा। नारायण को यह ऑफर (बल्कि प्रलोभन उचित शब्द होगा) अच्छा व आकर्षक लगा, उसने हामी भरी और इस तरह वह जिला मुज़फ्फरनगर में तितावी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव मंडी में स्थित अंकित बाल्यान की फैक्ट्री पर पहुंच गया। इस डिस्पोजेबल प्लेट व कटोरी बनाने वाली फैक्ट्री के अंदर पहुंचते ही नारायण के सारे सपने चकनाचूर हो गए, उसकी तो दुनिया ही बदल गई। क्योंकि उसका पहचान पत्र जला दिया गया और उसका मोबाइल फ़ोन भी छीन लिया गया ताकि वह अपने परिवार या किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क न कर सके।

इस तरह नारायण को बंधुआ मज़दूर बना लिया गया। लेकिन यहां वह अकेला नहीं था। उसे इस फैक्ट्री के अंदर अपने जैसे 12 अन्य बंधुआ मजदूर मिले, जिनमें से एक अर्जुन उर्फ टोपी का, मजदूरों के अनुसार, नवम्बर 2025 में कत्ल कर दिया गया था (देखें बॉक्स)। इन सभी श्रमिकों को नारायण की तरह सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डा आदि से लालच देकर लाया गया था और इनके भी मोबाइल फ़ोन छीन लिए गए थे तथा पहचान पत्र नष्ट कर दिए गए थे। ये श्रमिक बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ के थे, साथ ही इनमें से एक नेपाल का भी था। ये सभी पिछले कई महीनों से बंधुआ मज़दूरी करने के लिए मजबूर थे, कोई 18 माह से तो किसी को 2 वर्ष से भी अधिक समय इस स्थिति में हो गया था। फैक्ट्री के अंदर जेल से भी बुरे हालात थे। बंधुआ श्रमिकों से दिन रात काम कराया जाता था, जबकि खाने के लिए दिन में एक बार सिर्फ़ सूखी हुई रोटी दी जाती थीं। कोई आपत्ति करता या घर वापस जाने की बात करता तो उसे लोहे के सरिये से बुरी तरह से पीटा जाता। वहां से भागना लगभग असंभव था क्योंकि चौकीदारों के अतिरिक्त पिट बुल नस्ल के कुत्ते भी इस काम के लिए लगाए गए थे कि कोई भाग न पाए। आखिरकार जिला जोधपुर के एक श्रमिक ने हिम्मत दिखाई और वह फैक्ट्री की दीवार फांदकर पुलिस के पास पहुंचने में कामयाब हो गया। तितावी पुलिस व ग्रामीण एसओजी ने एसपी देहात अक्षय संजय के नेतृत्व में 23 जून 2026 को फैक्ट्री पर छापा मारा और 12 बंधुआ मजदूरों को रिहा कराया। शिव त्यागी व प्रदीप बाल्यान को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि लेख के लिखे जाने तक फैक्ट्री मालिक अंकित बाल्यान फरार था। अधिकारियों का कहना है कि अब जांच के दायरे में अवैध बंधक बनाना, बंधुआ मज़दूरी, वेतन न देना, पहचान पत्रों को नष्ट करना, धमकी, रिहा कराए गए मजदूरों का पुनर्वास और अर्जुन की तथाकथित हत्या को शामिल किया गया है। खोए हुए व्यक्तियों के रिकार्ड्स भी चेक किए जा रहे हैं। यहां से रिहा कराए गए श्रमिक बहुत ही दयनीय स्थिति में थे। उनके शरीर पर चोटों के निशान स्पष्ट देखे जा सकते थे। वह शोषित थे और कुपोषित भी। उन्होंने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्हें रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों से नौकरी, नियमित वेतन, फ़ूड व रहने के लिए जगह देने के प्रलोभन से लाया गया था। फैक्ट्री के अंदर घुसते ही उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए, पहचान पत्र नष्ट कर दिए गए और उन्हें अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया गया। उत्तराखंड में नैनीताल के निवासी रामू को रोज़गार देने के बहाने ढाई माह पहले फैक्ट्री में लाया गया था। उसने बताया, "हमारे साथ कैदियों जैसा व्यवहार किया जाता था। हमें गेट से बाहर कदम रखने की अनुमति नहीं थी। हमें चोकर से बनी सूखी रोटी खिलाई जाती थीं। अगर किसी से कोई गलती हो जाती या कोई सवाल करता तो उसे लोहे की छड़ से पीटा जाता और हमें चोट पहुंचाने अक्सर भाले का इस्तेमाल किया जाता था। हम निरंतर डर के साए में सांस ले रहे थे। विरोध के मामूली प्रयास पर भी सज़ा मिलती थी। किसी को मालूम नहीं था कि कब उसकी पिटाई होने लगे।" उत्तर प्रदेश के औरैया में रहने वाले शिवम् कुमार ने अपने शरीर पर चोटों के निशान दिखाते हुए बताया कि उसे तो अब ठीक से याद भी नहीं है कि वह कितने माह से 'कैद' में था। सीतापुर के जगदीश के लिए इस 'कैद' का सबसे कठिन हिस्सा अपने परिवार से दूर रहना था। उसने बताया, "जब भी हम अपने घर की बात करते तो हमें यातनाएं दी जातीं। ग्यारह माह हो गए थे मुझे अपने परिवार से बात किए हुए। अक्सर मुझे लगता था कि मैं अपने परिवार को अब कभी देख नहीं पाऊंगा।" शिवम् की मां रानी के अनुसार जनवरी से उसका कोई पता परिवार को नहीं था। मेरा बेटा काम के सिलसिले में गुरुग्राम गया था।



इमेज

## वायरल

# ईरान का अनोखा गांव, जहां सड़क नहीं-छतें ही रास्ता

सोचिए एक ऐसा गांव, जहां सुबह उठकर आप जब घर से बाहर कदम रखें तो सीधे किसी की छत पर पहुंच जाएं। जहां बच्चों के खेलने का मैदान, आने-जाने का रास्ता और स्थानीय बाजार, सब कुछ लोगों के घरों की छतों पर ही सजता हो। जी हां, यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं बल्कि हकीकत है। ईरान के उत्तर में बसा मसुलेह गांव अपनी इसी अनोखी वास्तुकला के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। पहाड़ों की ढलान पर बसे इस खूबसूरत गांव में एक भी पारंपरिक सड़क नहीं है, फिर भी यहां की जिंदगी बेहद सुकून और रफ्तार से चलती है। मसुलेह ईरान के गिलान प्रांत में रश्त शहर से करीब 60 किमी दूर अल्बोर्ज पहाड़ों पर बसा बहुत पुराना गांव है। ये गांव फूमैन से लगभग 36 किमी दक्षिण-पश्चिम में पड़ता है। गांव की सबसे बड़ी खूबी इसका सीढ़ीदार डिजाइन है। यह गांव पहाड़ों की ढलान पर इस तरह बसाया गया है कि नीचे बने घर की मजबूत छत, ठीक उसके ऊपर बने घर के लिए रास्ता, आंगन और सड़क का काम करती है। यही वजह है कि इसे दुनिया का छतों वाला गांव कहा जाता है।






## X का एक्सरे

मेरे हिसाब से अब ईरान के साथ समझौता खत्म हो चुका है। अब तेहरान से कोई बातचीत करना समय की बर्बादी है, क्योंकि इससे कुछ हासिल नहीं होगा। अमेरिकी अधिकारी चाहें तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उससे कोई नतीजा निकलेगा। अब इस मुद्दे पर मेरा धैर्य समाप्त हो चुका है।



**डोनाल्ड ट्रंप**

चंपत राय का इस्तीफा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने लिया और पूरे घटनाक्रम में उनकी ही प्रमुख भूमिका रही। बैठक में चंपत राय की ओर से सौंपे गए इस्तीफे की प्रति भी सार्वजनिक नहीं की गई। ट्रस्ट डीड में इस्तीफे की जो प्रक्रिया और नियम निर्धारित हैं, उनका इस मामले में पालन नहीं किया गया।



**महंत दिनेंद्र दास**

संजू सैमसन को जितनी स्पष्टता दी जानी चाहिए थी, वह मैंने उन्हें दे दी है। वह बातचीत एक मुख्य कोच और खिलाड़ी के बीच हुई है। उस बातचीत में क्या कहा गया, यह मैं सार्वजनिक रूप से साझा नहीं करूंगा। हम पूरी तरह स्पष्ट हैं कि संजू ने भारत के लिए, खासकर विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है।



**गौतम गंभीर**

अध्यक्ष बदलना कोई गुड्डे-गुड्डी का खेल नहीं है। हाईकमान अपना फैसला नहीं बदलेगा। वड़िंग के नाम पर सभी जिला अध्यक्ष सहमत हैं। राजा वड़िंग की प्रधानगी में ही कांग्रेस 2027 विधानसभा चुनाव में उतरेगी। सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और चरणजीत चन्नी से मेरी बात हुई है, उनसे भी जल्द मुलाकात होगी।



**भूपेश बघेल**

# पेपर लीक के विरोध में शक्तिफार्म में युवाओं का प्रदर्शन

## सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने पर जताया आक्रोश, शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




शक्तिफार्म। नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और कथित अनियमितताओं के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना दे रहे इंजीनियर, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस द्वारा धरना स्थल से हटाए जाने के विरोध में रविवार शाम शक्तिफार्म के सुभाष चौक पर युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र-युवाओं ने सांकेतिक धरना देकर केंद्र सरकार के ढिखलाफ नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष मिथुन पहाड़ ने किया। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता के लिए आवाज उठा रहे हैं। ऐसे व्यक्ति को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं माना जा सकता। मिथुन पहाड़ ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देने वाले छात्रों का विश्वास तब टूटता है जब परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर शिक्षा और छात्रों के भविष्य जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज बुलंद करें। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार सामने आ रही परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के बावजूद सरकार जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई तो युवाओं का विश्वास पूरी व्यवस्था से उठ जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान राकेश ढाली, पवन मंडल, प्रियांशु मंडल, राजदास, प्रेम सरकार, विशाल मंडल, सुब्रत और अर्जुन मल्लिक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। सभी ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

# सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिंद पब्लिक स्कूल के आर्यन सक्सेना ने जीता कांस्य पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा


सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आर्यन सक्सेना ने जीता कांस्य पदक

खटीमा। हिंद पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन सक्सेना ने सीबीएसई क्लस्टर इ्त्रइ्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और खटीमा का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 16 से 18 जुलाई तक ज्वालापुर (हरिद्वार) में आयोजित हुई। आर्यन ने विद्यालय के एथलेटिक्स कोच रंजीत मेहरा के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक नीरज कुमार ने आर्यन को बधाई देते हुए कहा कि उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आर्यन ने विद्यालय के साथ-साथ खटीमा का नाम भी रोशन किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य भुवन चंद्र पांडे ने भी आर्यन को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, कोच रंजीत मेहरा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-घशिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने आर्यन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षेप




### उपजिला चिकित्सालय में हुए सात तबादलों में तीन चिकित्सकों का तबादला निरस्त

**खटीमा जागरण मोर्चा कार्यालय।** उप जिला चिकित्सालय में तैनात सात चिकित्सकों के स्थानांतरण में से तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। इनमें अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. वी.पी. सिंह, फिजीशियन डॉ. सय्यद अब्बास तथा रेडियोलॉजिस्ट डॉ. के.सी. पंत शामिल हैं। इन चिकित्सकों के तबादले के बाद खटीमा क्षेत्र की जनता लगातार उनके स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग कर रही थी। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने शासन से चिकित्सकों को यथावत खटीमा में बनाए रखने की मांग की थी। मामला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में आने के बाद क्षेत्र की जनता की भावनाओं एवं अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए तीनों चिकित्सकों के स्थानांतरण को निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए। चिकित्सकों के तबादले निरस्त होने की खबर मिलते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि इन अनुभवी चिकित्सकों के खटीमा में बने रहने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहेंगी और उन्हें उपचार के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।



### चोरी की बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

**सितारगंज जागरण मोर्चा कार्यालय ।** पुलिस ने चोरी की बाइक को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत खेल लिया है। इससे पूर्वी पुलिस बाइक चोरी का खुलासा कर कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। कोतवाल सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक, एएसआई प्रेम सिंह, कांस्टेबल प्रेम सिंह, कांस्टेबल जगदीश कोठियाल की टीम ने शिवम कुमार गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता निवासी बंगाली कॉलोनी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक ने बताया कि 15 जुलाई की रात को कनफ़ेक्शनरी की दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। निखिल ने मामले में बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### फल, छायादार एवं औषधित पौधों का वितरण दियूरी में आज

**खटीमा जागरण मोर्चा कार्यालय।** बाबा दरियानाथ शिव मंदिर परिसर में सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण जनता को वृहद्र वृक्षारोपण के लिए फल, छायादार एवं औषधिय पौधों का वितरण होगा। भाजपा नेता डॉ. नवीन भट्ट, चंदू मुड़ेला की देखरेख में आयोजित पौध वितरण कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष दियूरी मनोहर सिंह पोखरिया, भागीरथ सिंह राणा ग्राम प्रधान, आसमा बीडीसी दियूरी, प्रधान सबौरा मनजीत सिंह राणा, ग्राम प्रधान दियां नवीन कन्याल, ग्राम प्रधान गांधी निशान सिंह आदि प्रतिभा करेंगे।

### चोरी के ट्रैक्टर और दो ट्राली के साथ दो युवक गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चोरी का एक ट्रैक्टर व दो ट्राली के साथ व दो अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर सवार मोहम्मद शाहिल पुत्र असलम निवासी राजघाट सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी एवं मोहम्मद जहीर पुत्र मुन्ना निवासी सुदौली रामपुर थाना बछरांवा जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से एक ट्रैक्टर व दो ट्राली को बरामद किया गया।

# नौगवांनाथ में 47 लोगों ने सनातन धर्म में की वापसी

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा


धर्म वापसी कर के प्रसाद ग्रहण करते लोग

खटीमा। विकासखंड खटीमा के ग्राम नौगवांनाथ में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ईसाई धर्म अपना चुके 47 लोगों ने स्वेच्छा से पुनः सनातन (हिंदू) धर्म स्वीकार किया। कार्यक्रम गांव में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। धर्म वापसी कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन एवं शुद्धिकरण की प्रक्रिया कराई गई। इसके बाद सभी लोगों ने तिलक लगाकर तथा गंगाजल का आचमन कर सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम में गुलाब सिंह राणा पुत्र गोविंद सिंह, दशरथ सिंह पुत्र रामचंद्र, किरन सिंह पुत्र मेघनाथ, कमल सिंह पुत्र भजन सिंह, रमेश सिंह पुत्र चन्नू सिंह, राजवती देवी पत्नी बांधू सिंह, इंद्राणी सिंह पुत्र छंगा सिंह तथा चंदर सिंह पुत्र दीवान सिंह सहित अन्य लोगों ने पुनः सनातन धर्म अपनाया। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं चकरपुर इकाई के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष जगदीश चंद तथा ग्राम प्रधान माया चंद सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

# उक्रांद की प्रेस वार्ता : वार्ता में उठाए जनसरोकारों के मुद्दे, पत्रकारों का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने पत्रकार वार्ता कर प्रदेश की जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर वार्ता की। वार्ता में जल, जमीन, जंगल संबंधी मामलों के हो रहे दुरुपयोग के मामले उठाएं। इस दौरान सत्ता सीन कंग्रेस और भाजपा को एक सिक्के के दो पहलू बताते हुए कहा कि दोनों राजनीतिक दलों ने प्रदेश को जमकर लूटा है । उत्तराखंड की जनता ने जिस उम्मीद, अपेक्षा एवं भावना से उत्तराखंड राज्य का गठन किया था, उनकी भावनाओं पर कुठाराघात हुआ है। प्रदेश में सरकार बनाने वाली राजनीतिक पार्टियां जन भावनाओं पर खरी नहीं उतर सकीं। राज्य गठन के बाद से प्रदेश की जनता आज स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है। प्रदेश की जनता अब क्षेत्रीय पार्टी उत्तराखंड क्रांति दल की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

सितारगंज रोड़ स्थित युवराज पैलेस के सभागार में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी ने पत्रकारों से होते हुए क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनसरोकारों व आम जनता को वर्तमान समय में हो रही समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा और कंग्रेस की नीतियों व कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी ने कहा कि यूकेडी प्रदेश के मूल मुद्दों और जनता के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यकारिणी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी ने कहा उत्तराखंड का भूऽ कानून यहां रहने वाले हर वर्ग के लोगों की भावनाओं के अनुरूप किया जाएगा। उत्तराखंड क्रांति दल हमेशा प्रदेश के मूल मुद्दों और जनता के हितों की आवाज उठाता रहा है। भाजपा और कंग्रेस जनसमस्याओं का समाधान करने में विफल रही हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उक्रांद जनता के विश्वास और उत्तराखंड के विकास के मुद्दों को लेकर मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगा। उक्रांद ने इस अवसर पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशी रोहित भट्ट को भी पत्रकारों से परिचय कराया। रोहित भट्ट ने पत्रकारों के समक्ष अपने जनसरोकारों और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए जनता के हितों में कार्य करने का संकल्प दोहराया और कहा उत्तराखंड की जनता बदलाव चाहती है और उक्रांद जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। मेरी प्राथमिकता क्षेत्र में रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और किसानों की समस्याओं का समाधान करना है। भाजपा और कंग्रेस ने वर्षों तक जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में निराश किया है। जनता का आशीर्वाद मिला तो पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी राजनीति को आगे बढ़ाया जाएगा।

# खटीमा की डॉ. अनीता चौधरी राष्ट्रीय 'कम्युनिटी सर्विस अवॉर्ड' से सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा


केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सम्मानित होती डॉ. अनीता चौधरी

खटीमा। जनपद ऊधम सिंह नगर के खटीमा स्थित गायत्री हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनोकोलॉजिस्ट) डॉ. अनीता चौधरी को समाज सेवा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा प्रतिष्ठित 'कम्युनिटी सर्विस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित आईएमए के गरिमामय समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट चिकित्सकों की उपस्थिति में प्रदान किया। डॉ. अनीता चौधरी पिछले 25 वर्षों से गायत्री हॉस्पिटल, खटीमा में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वर्ष 2014 से वह विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके परिवारों के कल्याण और जागरूकता के लिए सहयोगी के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. चौधरी की इस उपलब्धि पर खटीमा सहित पूरे ऊधम सिंह नगर के चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

# पुलिस ने 6 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर वास्तविक मालिकों को सौंपे

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज । पुलिस ने गुमशुदा मोबाइलों को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के सराहनीय कार्य से उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। पुलिस द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने 6 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोनों की कीमत लगभग 1,11,000 है। जिनमें दुर्गेश कुमार, धर्मेंद्र जोशी, इमामुद्दीन, भास्कर नेगी, ओमप्रकाश, सतपाल सिंह का मोबाइल फोन शामिल हैं। सीईआईआर पोर्टल पर गुमशुदा मोबाइलों का विवरण अपलोड किए जाने के बाद उनके सक्रिय होने पर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। तत्पश्चात वर्तमान उपयोगकर्ताओं से संपर्क कर मोबाइल फोन को कोतवाली में जमा कराया गया। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि गुमशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों के मालिकों सुपुर्द कर दिया है।

# सीडीओ ने ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना के साथ ही गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने विकास क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत मुख्य विकास परियोजनाओं एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण पाइप पेयजल योजना और गोवंश आश्रय स्थल की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।मुख्य विकास अधिकारी ने 'जल जीवन मिशन' के तहत कपूरीपुर में नवनिर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 की इस स्वीकृत परियोजना की कुल लागत 264.61 लाख रुपया है जिसके अंतर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-गाजा, इंजी0 प्राइवेट लिमिटेड जे0वी0 नोएडा द्वारा शत-प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है।निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ट्यूबवेल व जलाशयः एक नग ट्यूबवेल (पांच सौ एलपीएम) तथा एक नग उच्च जलाशय (एक सौ पचास किलोलीटर / सोलह मीटर स्टेजिंग) का निर्माण कार्य पूरी तरह पूर्ण होकर क्रियाशील है। ग्रामीण क्षेत्र में करीब दस किलोमीटर की वितरण प्रणाली (पाइपलाइन) बिछाई जा चुकी है, जिसके माध्यम से लक्षित चार सौ बारह घरों में क्रियाशील गृह संयोजन सफलतापूर्वक प्रदान कर दिए गए हैं। अधोसंरचना व ऊर्जा स्रोतः परिसर में बाउण्ड्रीवाल, पम्पहाउस तथा 12.5 क्र्र क्षमता की मोटर स्थापित है। साथ ही बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने हेतु 20 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल भी पूर्ण रूप से स्थापित किया जा चुका है।सहायक अभियंता ने बताया कि इस पेयजल परियोजना से क्षेत्र के कुल दो राजस्व ग्रामों के अंतर्गत आने वाले गांव शिवनन्दन का पुरवा, कपूरीपुर, हुसैनगंज, पूरबगांव के निवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल कपूरीपुर के निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल पर सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत स्थापित सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चालू पाये गये। इसके साथ ही मौके पर संरक्षित निराश्रित गोवंशों हेतु हरे चारे, शुद्ध पेयजल एवं भूसे की पर्याप्त व संतोषजनक उपलब्धता सुनिश्चित मिली। मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर को निर्देशित किया कि मौसम के दृष्टिगत गोवंशों की देखभाल, स्वास्थ्य परीक्षण और आश्रय स्थल की समस्त व्यवस्थाओं को निरंतर इसी प्रकार सुदृढ़ बनाए रखें तथा समय-समय पर स्वयं भी इसका पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।

# बारिश भी नहीं रोक सकी गोमती मित्रों का कारवां



सुल्तानपुर। लगातार हो रही बारिश के बीच भी गोमती मित्र मण्डल का सेवा भाव और स्वच्छता के प्रति समर्पण अडिग रहा। माँ गोमती स्वच्छता मिशन के अंतर्गत श्री सीताकुण्ड धाम पर आयोजित 741वें स्वच्छता जागरूकता श्रमदान में कार्यकर्ताओं ने बारिश की परवाह किए बिना नदी तट और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। भीगते हुए श्रमदान कर गोमती मित्रों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और पर्यावरण की सेवा किसी मौसम की मोहताज नहीं होती।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह श्मदनश ने कहा कि माँ गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आस्था की धरोहर है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा, तब तक संगठन का जनजागरण अभियान निरंतर चलता रहेगा। आज का श्रमदान इस बात का प्रमाण है कि सच्चे संकल्प के आगे मौसम की बाधाएँ भी छोटी पड़ जाती हैं। वरिष्ठ पदाधिकारी मुन्ना सोनी ने कहा कि बारिश में भी पूरे उत्साह के साथ श्रमदान करने वाले गोमती मित्र समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में नदी संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और स्वच्छता के प्रति स्थायी जनजागरण करना है।

741वें श्रमदान में प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, राकेश सिंह श्ददूश, रामू सोनी, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, सोनू सिंह, आलोक तिवारी, अरुण अग्रहरि सहित अनेक गोमती मित्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बारिश के बीच हुए इस श्रमदान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति दृढ़ संकल्प रखने वालों के कदम किसी भी परिस्थिति में नहीं रुकते।

## एक नजर

### दहेज की मांग ने उजाड़ा विवाहिता का घर पति समेत कई पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने शुरू की जांच

**पीलीभीत।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में सुनगढ़ी थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर पति समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उगनपुर निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में बेटी की शादी जहानाबाद क्षेत्र के रामपुरा मिश्रा निवासी युवक से की थी। शादी के बाद पति ने कथित तौर पर दहेज का सामान बेच दिया और मायके से नकदी लाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर मारपीट की गई और नवंबर 2024 में दो मासूम बच्चों सहित विवाहिता को घर से निकाल दिया गया। काफी प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ। थाना प्रभारी नरेश त्यागी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जब शिक्षा सवाल बन जाए, तब सड़कों पर संघर्ष की मशाल जलती है

## जंतर-मंतर पर पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा का हुंकार, बोले शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए देशव्यापी जनजागरण जरूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी धरना-प्रदर्शन में रविवार को नया राजनीतिक रंग देखने को मिला। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पीलीभीत के वरिष्ठ नेता हेमराज वर्मा आंदोलन स्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों के बीच मंच से अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का सवाल किसी दल, सरकार या संगठन का नहीं, बल्कि देश के भविष्य का प्रश्न है। यदि आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद छात्रों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमराज वर्मा ने कहा कि आज देश में शिक्षा को लेकर व्यापक संवाद और सुधार की आवश्यकता है। उनका कहना था कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। इसलिए सरकार को इस विषय पर उठ रही आवाजों को गंभीरता से सुनना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जब शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों, तब हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सकारात्मक बदलाव की मांग का समर्थन करे।" पूर्व मंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब जनता किसी बड़े उद्देश्य के लिए एकजुट हुई है, तब-तब परिवर्तन निश्चित हुआ है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे देशवासियों ने आजादी के लिए मिलकर संघर्ष किया था, उसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए भी व्यापक जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर खड़ा हुआ जनस्वर है। हेमराज वर्मा ने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत तथा अनशन पर बैठीं नेहा मनीष सहित सभी युवाओं के धैर्य और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने भविष्य के लिए आवाज उठाते हैं तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को उनकी बात सुननी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि देशभर के विद्यार्थी, अभिभावक और आम नागरिक शिक्षा के मुद्दे पर एकजुट होकर अपनी बात मजबूती से रखें, तो सरकार को जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए आवश्यक निर्णय लेने पड़ेंगे। उनका कहना था कि आने वाला समय शिक्षा सुधार की दिशा में निर्णायक साबित हो सकता है, बशर्ते समाज इस विषय को गंभीरता से उठाए। अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए हेमराज वर्मा ने कहा कि उन्हें विधायक और मंत्री के रूप में जनता की सेवा करने का अवसर मिला है, लेकिन आज वह किसी राजनीतिक मंच से नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में शिक्षा के मुद्दे पर अपनी बात रखने आए हैं।

# पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्त, अब अंतरिम व्यवस्था में काम करेंगे ब्लॉक प्रमुख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश की क्षेत्र पंचायतों में वर्ष 2021 में चुने गए ब्लॉक प्रमुखों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का पांच वर्षीय कार्यकाल रविवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। कार्यकाल खत्म होने के साथ ही प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू कर दी है। अब नई क्षेत्र पंचायतों का गठन होने और उनकी पहली बैठक संपन्न होने तक वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रशासक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रदेश शासन के पंचायती राज अनुभाग-2 द्वारा जारी आदेश में सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नई क्षेत्र पंचायतों के गठन तक वर्तमान प्रमुखों को प्रशासक के रूप में नामित किया जाए। यह व्यवस्था नई पंचायतों के गठन एवं पहली बैठक तक अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक प्रभावी रहेगी। शासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखना है, ताकि चुनावी प्रक्रिया के बीच विकास कार्य प्रभावित न हों। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे वर्तमान ब्लॉक प्रमुखों के अधिकार सीमित रहेंगे। वे केवल नियमित और आवश्यक प्रशासनिक कार्यों का संचालन कर सकेंगे। किसी भी नीतिगत निर्णय, बड़े वित्तीय प्रस्ताव, विशेष विकास परियोजना अथवा महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय से पहले संबंधित जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने के साथ-साथ सरकारी धन और योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रभावी निगरानी भी बनी रहेगी। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा-8 का उल्लेख करते हुए शासन ने कहा है कि सामान्य परिस्थितियों में क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल उसकी पहली बैठक से पांच वर्ष का होता है। यदि किसी कारणवश समय पर नई क्षेत्र पंचायतों का गठन नहीं हो पाता है, तो शासन को प्रशासनिक समिति अथवा प्रशासक नियुक्त करने का अधिकार है। इसी कानूनी प्रावधान के तहत यह अंतरिम व्यवस्था लागू की गई है। शासन का मानना है कि इस निर्णय से ग्रामीण विकास कार्यों की गति प्रभावित नहीं होगी। मनरेगा, सड़क निर्माण, पंचायत भवन, पेयजल, स्वच्छता, कृषि एवं अन्य विकास योजनाओं से जुड़े नियमित कार्य पहले की तरह संचालित होते रहेंगे। हालांकि किसी नई योजना को मंजूरी देने अथवा बड़े वित्तीय निर्णय लेने में जिलाधिकारी की अनुमति आवश्यक होगी। नई क्षेत्र पंचायतों के चुनाव संपन्न होने और निर्वाचित सदस्यों की पहली बैठक आयोजित होने के बाद वर्तमान ब्लॉक प्रमुखों की प्रशासक के रूप में भूमिका स्वतः समाप्त हो जाएगी। इसके बाद नवगठित क्षेत्र पंचायतें विधिक प्रक्रिया के अनुसार अपना कार्यभार संभाल लेंगी। प्रदेश सरकार का कहना है कि यह व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी है, जिसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को बिना किसी व्यवधान के जारी रखना है।

# "गुरु चरणों की वंदना से सजेगा पीलीभीत तीन दिन तक भक्ति, श्रद्धा और सनातन परंपरा का होगा महापर्व"

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जैसे-जैसे निकट आ रहा है, वैसे-वैसे जनपद का धार्मिक वातावरण भी भक्तिमय होता जा रहा है। ईदगाह क्रॉसिंग स्थित श्री बालाजी नीम करोली धाम मंदिर इन दिनों भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है। यहां 27 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाले छठे गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, वहीं पूरे शहर और आसपास के क्षेत्रों में फ्लेक्स, बैनर और निमंत्रण पत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, महोत्सव का प्रथम निमंत्रण परंपरा के अनुरूप गुरुदेव श्री नीम करोली महाराज के श्रीचरणों में अर्पित किया गया। इसके उपरांत जनपद एवं आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं तक निमंत्रण पहुंचाने का अभियान तेज कर दिया गया है। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा, भारतीय संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है।

# बारिश के आगे बिखरे डायवर्जन! माधोटांडा मार्ग पर में दो निर्माणाधीन पुलियों के अस्थायी रास्ते बहे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जनपद में हो रही मूसलाधार बारिश अब जनजीवन पर भारी पड़ने लगी है। सड़कें जलमग्न होने के साथ-साथ निर्माणाधीन पुलियों पर बनाए गए अस्थायी डायवर्जन भी तेज बहाव का सामना नहीं कर सके। जिले के दो प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन बह जाने से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए दोनों मार्गों पर आवाजाही रोक दी है। इससे ग्रामीणों, किसानों, छात्रों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक प्रभावित माधौटांडा–पीलीभीत मार्ग हुआ है। यहां नवदिया सुखदासपुर के पास निर्माणाधीन पुलिया के निकट बनाया गया अस्थायी डायवर्जन तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर करीब 2 से 3 फीट ऊंचाई तक पानी बहने लगा, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल मार्ग बंद करा दिया।उधर माधौटांडा–खटीमा मार्ग पर पिपरिया संतोष के पास निर्माणाधीन पुलिया का डायवर्जन भी भारी बारिश की भेंट चढ़ गया। तेज बहाव में अस्थायी रास्ता बह जाने से इस मार्ग पर भी यातायात पूरी तरह ठप हो गया। दोनों मार्ग बंद होने से क्षेत्र के हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान बनाए गए अस्थायी डायवर्जन पहली ही तेज बारिश में बह गए, जिससे उनकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि मजबूत और सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में दिक्कत हो रही है, छात्र स्कूल-कॉलेज नहीं पहुंच पा रहे हैं और व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

# पारिवारिक कलह ने तोड़ी रिश्तों की मर्यादा, बेटे-बहू और पोते पर बुजुर्ग मां से मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिस मां ने अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी मां को अब अपने ही परिवार से सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ रही है। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव नरायनपुर में पारिवारिक विवाद ने ऐसा रूप ले लिया कि एक बुजुर्ग महिला ने अपने ही बेटे, बहू और पोते पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है। घटना ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। पीड़िता कुंता देवी, पत्नी स्वर्गीय बाबूराम, ने थाना बरखेड़ा में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने छोटे पुत्र प्रेमपाल के साथ रहती हैं। उनका आरोप है कि बड़े पुत्र डोरी लाल को यह संदेह है कि वह उसके पुत्र सोनू की पत्नी जूली को समझाती-बुझाती रहती हैं। इसी बात को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा है और आए दिन उन्हें मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है।तहरीर के अनुसार, बड़ा पुत्र डोरी लाल, बहू सुनीता देवी और पोता सोनू अक्सर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। विरोध करने पर मारपीट के लिए दौड़ पड़ते हैं। इतना ही नहीं, बाहर नौकरी कर रहा एक अन्य पोता भी फोन के माध्यम से आरोपितों को उकसाने का काम करता है, जिससे परिवार का माहौल लगातार तनावपूर्ण बना हुआ है।बुजुर्ग महिला का आरोप है कि हाल ही में तीनों आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों ने यह धमकी भी दी कि यदि उन्होंने पुलिस में शिकायत की तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।घटना के बाद भयभीत बुजुर्ग महिला थाना बरखेड़ा पहुंचीं और पूरी घटना की लिखित तहरीर पुलिस को सौंपते हुए आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि उन्हें अपने ही परिवार से जान का खतरा है और पुलिस ही उन्हें न्याय दिला सकती है।पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती कटुता और घरेलू विवादों के हिंसक रूप लेने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों में सबसे अधिक पीड़ा उन बुजुर्ग माता-पिता को उठानी पड़ती है, जिन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है।

**अभियान** — बरखेड़ा विधानसभा में घर-घर संवाद, समस्याएं सुनने के साथ सरकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी

# गांव-गांव पहुंच रहे स्वामी प्रवक्तानंद, जनसंपर्क अभियान से जोड़ रहे पात्रों को योजनाओं से

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज इन दिनों लगातार गांवों का भ्रमण कर घर-घर जनसंपर्क कर रहे हैं। अभियान के तहत वह ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जनप्रतिनिधि का यह सतत जनसंपर्क क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक का कहना है कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक मानी जाएंगी, जब उनका लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से वह लगातार गांवों में पहुंचकर लोगों से रूबरू हो रहे हैं और योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी समझा रहे हैं।

जनसंपर्क के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कौशल विकास मिशन सहित अनेक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। पात्र लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

अभियान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, वृद्धावस्था, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया जा रहा है। इसके अलावा सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी ग्रामीणों से संवाद किया जा रहा है। गांवों में भ्रमण के दौरान लोगों ने आवास, पेंशन, सड़क, बिजली, पेयजल और राजस्व संबंधी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। कई मामलों में उन्होंने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई, जबकि अन्य मामलों में शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

कई ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद भी उनके घर पहुंचकर यह जानने का प्रयास कर रहा है कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। कुछ लोगों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, राशन और अन्य योजनाओं की जानकारी उन्हें इसी अभियान के दौरान मिली।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बरखेड़ा विधानसभा के प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना उनका संकल्प है। भारतीय जनता पार्टी की 'अंत्योदय' की अवधारणा को आधार बनाकर चलाए जा रहे इस जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार गांव-गांव पहुंचकर संवाद स्थापित करने और समस्याओं के समाधान की पहल से यह अभियान क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संक्षेप समाचार

### पीलीभीत के 'बाघ मित्र' निभाएंगे नई जिम्मेदारी, अब ग्रामीणों तक पहुंचाएंगे सरकारी योजनाओं का लाभ



**पीलीभीत।** मानव–वन्यजीव संघर्ष को रोकने और बाघ संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) के 'बाघ मित्र' अब नई सामाजिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी भी निभाएंगे। वन्यजीव संरक्षण और निगरानी के साथ–साथ वे जंगल से सटे गांवों के लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे तथा पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सेतु की भूमिका निभाएंगे।मुख्य वन संरक्षक बरेली पी.पी. सिंह ने बताया कि पीलीभीत का 'बाघ मित्र मॉडल' देशभर में सराहा जा रहा है और कई राज्य इसे अपनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत के बाघ मित्र अन्य बाघ अभयारण्यों में भी जाकर स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। वर्तमान में पीटीआर में 124 बाघ मित्र कार्यरत हैं, जिनमें 120 पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। सभी स्थानीय ग्रामीण हैं, जिन्हें वन विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। बाघ अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इस नई पहल को प्रभावी बनाने के लिए विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत प्रतिष्ठित संस्था 'हकदर्शक' के माध्यम से बाघ मित्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना की शुरुआत प्रायोगिक रूप से पीलीभीत और उत्तराखंड के नैनीताल से की जा रही है।इसी क्रम में 24 और 25 जुलाई को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, रामनगर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पीलीभीत से आठ सदस्यीय बाघ मित्रों का दल भाग लेगा। प्रशिक्षण के बाद पहले चरण में यह योजना पीटीआर की माला और महोफ रेंज के संवेदनशील गांवों में लागू होगी। इसके सफल होने पर इसे हरिपुर, बरही और दियोरिया रेंज तक विस्तारित किया जाएगा। वन विभाग का मानना है कि इस पहल से बाघ संरक्षण और मानव–वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित करने के साथ–साथ दूरदराज के ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

### अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म, वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी जेल भेजा




**पीलीभीत।** बरखेड़ा पुलिस ने अश्लील फोटो–वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी को शाहीपुर रेलवे स्टेशन के पीछे फिरोजाबाद–गंगूपुरी मार्ग स्थित तिराहे के पास से दबोचा गया।पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरखेड़ा पुलिस ने मुकदमा संख्या 268/2026 में वांछित आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र किशनपाल, निवासी थाना दातागंज, जनपद बदायूँ को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 17 जुलाई को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लगातार मानसिक दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर साक्ष्य जुटाए गए और आरोपी की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अली एवं कांस्टेबल आशीष त्यागी शामिल रहे।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा पुलिस ने युवती को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर टीम ने पतरासा तिराहे स्थित यात्री शेड के पास से आरोपी वीरेश पुत्र कबूतर उर्फ प्रेमपाल, निवासी ग्राम पुन्नापुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को चेतराम ने थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को गांव का ही वीरेश बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। विवेचना के दौरान मामले में दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गईं और आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह और हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रास्ते के विवाद में बवाल, दीवार गिराने, मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के कलीनगर गांव में रास्ते के विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। पैमाइश के बाद बनाई गई दीवार को गिराने, गाली–गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित रामकुमार यादव पुत्र अनोखे लाल, निवासी मोहल्ला बाग गुलरबोझ खां, थाना कोतवाली पीलीभीत ने माधोटांडा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी शांति देवी के नाम ग्राम कलीनगर में सहखातेदारी की भूमि है। इस भूमि के रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। विवाद के निस्तारण के लिए 7 जुलाई 2026 को उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई थी, जिसके बाद सीमांकन के अनुरूप उन्होंने अपने हिस्से में दीवार का निर्माण कराया। आरोप है कि विगत दिवस को दोपहर करीब 12 बजे नामजद आरोपी मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।माधोटांडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य व गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीण क्षेत्र में रास्ते और भूमि सीमांकन को लेकर होने वाले विवाद अक्सर तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन की ओर से पैमाइश और सीमांकन के बाद भी विवाद सामने आना कानून–व्यवस्था के लिए चुनौती माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### समाज को देवत्व की ओर ले जाने का माध्यम है योग, पांच दिवसीय शिविर का प्रेरणादायी समापन

**पीलीभीत।** भारतीय योग संस्थान समिति के तत्वावधान में शहर के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में आयोजित पांच दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का रविवार को उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण के बीच गरिमापूर्ण समापन हुआ। पांच दिनों तक चले इस शिविर में योग को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संस्कारित और सेवा-भाव से परिपूर्ण समाज निर्माण का सशक्त माध्यम बताया गया। समापन समारोह में बड़ी संख्या में योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा "करो योग, रहो निरोग" का संकल्प दोहराया। समारोह की मुख्य अतिथि मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा रहीं। आयोजन समिति की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# युवक की रहस्यमय ढंग से हुई मौत, प्रेमी के लिए पत्नी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप

## पुलिस ने कथित प्रेमी को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**बीसलपुर।** पत्नी से मिलने आए युवक से हुए झगड़े के वाद पति की अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। स्वजनों ने प्रेमी के लिए पत्नी द्वारा युवक को जहर खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। आरोपी प्रेमी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरवाड़ा निवासी रामनारायण के 35 वर्षीय पुत्र रमाकांत मिश्रा नगर की एकता नगर कॉलोनी में अपनी पत्नी रेनू व बच्चों के साथ रहकर मजदूरी का कार्य करते थे। शनिवार को दोपहर 2:30 बजे शाहजहांपुर के मोहल्ला रोशन कोठी निवासी दूर का रिश्तेदार शिवम रेनू से मिलने आया था। परिजनों का आरोप है कि युवक रेनू को अपने साथ चलने को कह रहा था। इसी बात को लेकर रमाकांत व शिवम के बीच मारपीट होने लगी। विवाद बढ़ जाने पर परिजनों ने युवक को घेर कर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस युवक को पकड कर कोतवाली ले गई। रविवार को सुबह 10:00 बजे रमाकांत की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लेने से हालत बिगड़ गई। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। दोपहर बाद उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई बृज गोपाल की पत्नी रचना देवी ने आरोप लगाया कि प्रेमी के चक्कर में रेनू ने चाय में जहर मिलाकर रमाकांत को मार डाला। शिवम रमाकांत की हत्या करने के लिए धारदार चाकू लेकर आया था। कोतवाली जाते समय भी उसने रमाकांत को हत्या करने की धमकी दी थी। एक माह पहले भी रात्रि में 12:00 बजे युवक उनके घर आया था तब भी रमाकांत और रेनू के बीच झगड़ा हुआ था बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई थी। रेनू और उसके प्रेमी के खिलाफ रमाकांत की हत्या करने का मुकदमा दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी जाएगी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि जिस युवक से झगड़ा हुआ था उसे पुलिस ने शनिवार को ही हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ की जा रही है। पत्नी पर जहर देकर युवक की हत्या करने का आरोप लग रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रहे युवक को पकडा

जागरण मोर्चा कार्यालय



जीआरपी पुलिस कि हिरासत में युवक व सामान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** चलती ट्रैन से युवक ने उतरने का प्रयास किया।इस पर लोगों ने उसको पकड लिया। उसके पास से सामान बरामद किया गया। जीआरपी पुलिस पूछताछ कर रही है। सेहरामऊ क्षेत्र के दुधिया खुर्द-कुरैया रेलवे स्टेशन के बीच स्थित हाल्ट पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवक चलती एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रहा था। जिसको ग्रामीणों ने पकड लिया। उसके पास एक बैग थी। मामले की सूचना पर पीआरबी पुलिस पहुंच गई। जिस पर लोगों ने पकडे गए युवक को पीआरबी पुलिस को सौंप दिया। इसको लेकर खलवली मच गई। उसके पास से रेलवे का सामान वरामद किया गया है। पीआरबी पुलिस ने पकडे गए युवक व सामान को जीआरपी पुलिस को सौंप दिया। हिरासत में लिए गए युवक से जीआरपी ने पूछताछ की, इस दौरान उसकी पहचान पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी के रूप में हुई। इसके बाद युवक की बेग की तलाशी ली। उसके पास से रेलवे का सामान बरामद किया गया है। रेलवे पुलिस ने बरामद सामान को अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही युवक से यह जानकारी जुटाई जा रही है कि उसके पास रेलवे का सामान कैसे पहुंचा, वह उसे कहां ले जा रहा था और इस मामले में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। लोगों के अनुसार युवक ने चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की,जिससे उसके साथ बड़ा हादसा भी हो सकता था। समय रहते ग्रामीणों की सतर्कता और पीआरबी पुलिस की सक्रियता से न केवल संभावित दुर्घटना टल गई, बल्कि संदिग्ध गतिविधि का भी खुलासा हो गया। फिलहाल जीआरपी पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# समिति पर जाने वाला संपर्क रोड दलदल में तब्दील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**घुंघचाई/पूरनपुर।** रोड पर दलदल होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पानी निकास ना होने से समस्या वनी रहती है। ग्रामीणों ने समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव दिलावरपुर की बाजार से साधन सहकारी समिति होते हुए मुख्य मार्ग तक जाने वाला संपर्क रोड लगातार हो रही बारिश के चलते पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है।

सड़क पर कीचड़ से ग्रामीणों, किसानों,वाहन चालकों,छात्रों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जिससे रोड पर हर समय दलदल वना रहता है। बारिश होने पर समस्या ओर गंभीर हो जाती है। यह रोड बाजार से होकर साधन सहकारी समिति होते हुए मुख्य सड़क को जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान इसी रास्ते से समिति पर खाद, बीज लेने पहुंचते हैं।

समिति पर आने वाले किसान अपने वाहन को मुख्य रोड पर खडा करना पडता है। गांव के छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से स्कूल और कॉलेज आते-जाते हैं। कीचड़ और फिसलन के कारण उन्हें भी काफी परेशानी होती है। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए पैदल निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। आए दिन वाहन चालक दलदल में फिसलकर गिरते रहते हैं। जिससे उन्हें चोटें भी लग जाती है, यदि किसी बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाना पड़े तो इस मार्ग की बदहाल स्थिति के कारण काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या वर्षों से बनी हुई है। कई बार ग्राम पंचायत, संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत तथा जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। लोगों ने समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

## उपेंद्र शंखधार प्रकरण पर आज सपा प्रतिनिधिमंडल करेगा मुलाकात

**पीलीभीत।** बीसलपुर नगर पालिका के बर्खास्त कर्मचारी उपेंद्र शंखधार की मौत के मामले में सोमवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलेगा। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में पदाधिकारी परिजनों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा देंगे। उधर, जिला प्रशासन की तीन सदस्यीय जांच समिति सुसाइड नोट, बैंक लेनदेन और विभागीय अभिलेखों की जांच कर रही है। मृतक के भाई की तहरीर पर अधिशासी अधिकारी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि विवेचना निष्पक्ष ढंग से की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# फेरी लगाने जा रहे ग्रामीण पर बंदरों के झुंड का हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रविवार को घुंघचाई थाना क्षेत्र के सिकरहना मोड़ के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बर्तनों की फेरी लगाने जा रहे एक ग्रामीण पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर घायल को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जाता है कि ग्रामीण रोज की तरह बर्तनों की फेरी लगाने के लिए अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सिकरहना मोड़ के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बंदरों के झुंड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से ग्रामीण घबरा गया और खुद को बचाने का प्रयास करने लगा, लेकिन बंदरों ने उसे नोचकर घायल कर दिया। ग्रामीण की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शोर मचाकर और डंडों की सहायता से बंदरों को वहां से भगाया। जिसके बाद घायल को सुरक्षित निकाला गया। हमले में उसके हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिकरहना मोड़ और आसपास के इलाके में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदरों के झुंड आए दिन राहगीरों, किसानों और फेरी लगाने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं। जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है।

## संक्षेप समाचार



### बीसलपुर के आधा दर्जन ग्रामों में तेंदुए ने मचाया आतंक, ग्रामीण पर वोला हमला, एक गोवंशीय पशु को बनाने

**बीसलपुर।** क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में भारी दहशत बनी हुई है। क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर में तेंदुए के पद चिन्ह मिले हैं। ग्राम बीरमपुर में खेत में काम कर रहे ग्रामीणों पर तेंदुए ने हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने भाग कर जान बचाई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंच गई। पिछले कई दिनों से एक तेंदुए को देवहा नदी के किनारे स्थित ग्राम हीरापुर दुही क्षेत्र में घूमता हुआ देखा गया। ग्राम बीरमपुर में गन्ने के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों पर तदुए ने हमला करने का प्रयास किया। ग्रामीण खेत से भाग आए। ग्राम अर्जुनपुर के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र ने बताया कि तेंदूए उनके गांव में पिछले कई दिनों से घूम रहा है। ग्राम खानपुर बीरमपुर,महुआ, हीरापुर दुही सहित आधा दर्जन ग्रामों में तेंदुए के डर से ग्रामीण खेतों में नहीं जा रहे हैं।एक गोवंशीय पशु को अपना निवाला भी वना चुका है। सूचना रेंज कार्यालय पर दे दी गई है। वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर तेंदुए की तलाश में काबिंग की। वन क्षेत्र अधिकारी रोहित जोशी ने बताया कि तेंदुआ बरखेड़ा क्षेत्र में चला गया है। निगरानी के लिए विभाग की टीम को लगाया गया है। तेंदुए से सावधान रहने के लिए ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जारहा है।

### टुकटुक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी दीपक सिंह ने वताया कि रविवार को सुबह करीब 11 बजे बाइक से खेत पर खाद लेकर जा रहा था। आटा चक्की के पास पीछे से आ रहे टुकटुक ने वाइक में टक्कर मार दी। जिससे दीपक सिंह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को उठाया। मौका पाकर टुकटुक चालक भाग गया। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। उपचार के लिए घायल को सीएचसी भेजा गया। चालक गांव का ही रहने वाला है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। हादसे में उसकी बाइक भी छतिग्रस्त हो गई।

### "मेधा का हुआ सम्मान, सिविल सेवा का मिला संकल्प पूरनपुर में प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन"



**पीलीभीत।** शिक्षा और प्रतिभा को सम्मान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल, नेकी की दीवार एवं यू.पी. पंजाबी साँझ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पूरनपुर स्थित गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब (गोमती पुल) में कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतिभाओं का सम्मान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सिविल सेवा, प्रशासनिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना भी रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया तथा दिल्ली से आए सिविल सर्विसेज कंसल्टेंट सरदार बलविंदर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने की। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समसामयिक घटनाओं की जानकारी, समाचार पत्रों का अध्ययन तथा आधुनिक तकनीक, गूगल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर होता है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं सीमांत क्षेत्रों की प्रतिभाओं में अपार क्षमता है। उन्होंने संस्था से नियमित रूप से सिविल सेवा मार्गदर्शन कार्यशालाएं आयोजित करने का आग्रह किया, ताकि इच्छुक विद्यार्थियों को सही दिशा और उचित मार्गदर्शन मिल सके। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि तराई क्षेत्र की जनसांख्यिकी में बदलाव का कारण केवल धर्म परिवर्तन नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं का विदेशों की ओर पलायन भी है। उन्होंने कहा कि यदि मेधावी विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, सिविल सर्विसेज एवं अन्य राष्ट्रीय सेवाओं में आगे बढ़ेंगे तो वे समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने घोषणा की कि संस्था भविष्य में सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित मार्गदर्शन शिविर, कार्यशालाएं एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। दिल्ली से आए सिविल सर्विसेज कंसल्टेंट सरदार बलविंदर सिंह ने घोषणा की कि तराई क्षेत्र के 100 सिख मेधावी विद्यार्थियों को संस्था के सहयोग से सिविल सेवा परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि योग्य विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा।

# नीली बत्ती का रुतबा, साहिब नदारद! आखिर किसके इशारे पर शराब भट्टी के पास दौड़ रही थी 'मजिस्ट्रेट' की इनोवा?

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** सरकारी रसूख और लाल-नीली बत्ती का दुरुपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सदर तहसील का है, जहाँ 'मजिस्ट्रेट' लिखी एक सरकारी इनोवा गाड़ी का मर्यादाओं को ताक पर रखकर इस्तेमाल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदर तहसीलदार के लिए अनुबंधित बोलेरो गाड़ी खराब होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लाई गई UP32 GL 2796 नंबर की सफेद रंग की लग्जरी इनोवा अब तीखे सवालों के घेरे में है। वाहन के शीशे पर धौंस जमाता मजिस्ट्रेट का बोर्ड लगा है और छत पर रुतबा चमकाती नीली बत्ती। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस गाड़ी का इस्तेमाल किसी जनता की सेवा या प्रशासनिक काम के लिए नहीं, बल्कि रसूखदारों की 'सैर-सपाटे' के लिए हो रहा था। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो ने प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया है। वीडियो सड़ा गांव स्थित एक शराब भट्टी के पास का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नीली बत्ती जलती हुई मजिस्ट्रेट की यह इनोवा शराब भट्टी के पास आकर रुकती है। उसमें कोई अधिकारी नहीं, बल्कि दो आम युवक ठाट से बैठते दिखाई देते हैं। सरकारी गाड़ी में साहिब की जगह बाहरी युवकों की यह 'रईसी' देख मौके पर मौजूद लोग भी दंग रह गए। सवाल उठने लगा है कि आखिर किसके रसूख पर सरकारी ईंधन फूंका जा रहा था और मर्यादाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं? सड़ा गांव में शराब भट्टी के पास प्रशासनिक मर्यादा को तार-तार करती खड़ी 'मजिस्ट्रेट' इनोवा। गाड़ी में अधिकारी गायब, बाहरी युवकों का कब्ज़ा। बैकफुट पर प्रशासन, तहसीलदार बोले होगी कार्रवाई मामला तूल पकड़ते ही प्रशासनिक अमला बैकफुट पर आ गया है। पूरे मामले पर सफाई देते हुए सदर तहसीलदार विदेह सिंह ने बताया कि उनकी नियमित सरकारी बोलेरो खराब हो गई थी, जिसके कारण यह इनोवा सिर्फ एक दिन के लिए वैकल्पिक तौर पर मंगवाई गई थी। जब उनसे साहिब की गैरमौजूदगी में गाड़ी के इस 'दुरुपयोग' पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यदि चालक उनकी अनुपस्थिति में नीली बत्ती जलाकर गाड़ी को अनाधिकृत जगह पर लेकर गया है, तो मामले की जांच कराकर उसके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे पर मौत का खतरा बनकर घूम रहे बेसहारा पशु

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाईवे पर घूमते आवारा पशुओं का झुंड। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** हाईवों पर घूम रहे बेसहारा पशु परेशानी का सबब बने हुए हैं। हाईवे पर दिनभर घूमने वाले बेसहारा पशु रात के समय सड़क पर ही अपना ठिकाना बना लेते हैं। आए दिन राहगीर आवारा पशुओं से टकराकर काल के गाल में समा रहे है। उसके वावजूद इनको पकडा नही जा रहा है। पूरनपुर-खुटार हाईवे, पूरनपुर-माधोटांडा मार्ग, पूरनपुर-बंडा हाईवे सहित सड़कों पर पशुओं के झुंड के बीच से गुजरना वाहन चालकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। रात के अंधेरे में हाईवे पर बैठे पशु दूर से दिखाई नहीं देते। अचानक सामने आने पर वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय लोगों ने वताया कि हाईवे के कई हिस्सों में रोजाना बड़ी संख्या में आवारा पशु जमा रहते हैं। कभी सड़क के बीचों-बीच बैठे तो कभी झुंड बनाकर घूमते ये पशु यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय दोपहिया वाहन चालकों और दूर-दराज से आने-जाने वाले लोगों को उठानी पड़ती है। इन हाईवे और रोडों पर आवारा पशुओ का झुंड बना रहता है। रात्रि के दौरान आवारा पशु अपना कब्जा कर बैठ जाते है। आए दिन वाहन टकराकर लोग काल के गाल में समा रहे है। लोगों ने बताया कि इनको पकडने का अभियान केवल कागजों में चल रहा है। इनके झुंड खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे है।फसल बचाने के लिए किसान ठंड हो या गर्मी रात दिन रखवाली करने को मजबूर हो रहे है। राहगीरों का कहना है कि हाईवे जैसे व्यस्त मार्गी पर पशुओं का इस तरह घूमना गंभीर चिंता का विषय है। प्रशासन की ओर से समय रहते इंतजाम नहीं किए गए तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने मांग की है कि बेसहारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ ही हाईवे पर निगरानी की व्यवस्था की जाए। जिससे लोगों को समस्या से निजात मिल सके।

**आयोजन** कार्यक्रम में पचास मेधावी छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

# मेधावी छात्रों के सम्मान में आयोजित हुआ भव्य समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के मुख्य आयोजन एवं नेकी की दीवार तथा उत्तर प्रदेश सिख पंजाबी संगत के सहयोग से गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब, गोमती पुल, पूरनपुर में कक्षा दस व 12 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में रविवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 मेधावी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह,एसपी सुकीर्ति माधव मिश्र, एडीशनल एसपी विक्रम दहिया, दिल्ली से विशेष रूप से पधारे सरदार बलविंदर सिंह उपस्थित रहे। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि तराई क्षेत्र की जनसांख्यिकी में परिवर्तन का कारण केवल धर्म परिवर्तन नहीं है,बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं का विदेशों की ओर पलायन भी है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे मेधावी विद्यार्थी सिविल सर्विसेज, प्रशासनिक सेवाओं तथा अन्य राष्ट्रीय सेवाओं में आगे बढ़ेंगे तो वे समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल आने वाले समय में सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए, नियमित मार्गदर्शन शिविर, कार्यशालाएँ एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राणा ने कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक शक्ति है। इस दौरान एडीशनल एसपी विक्रम दहिया ने कहा कि आज अधिकांश युवा विदेश जाने की परीक्षाओं को ही अपना प्रमुख लक्ष्य मानने लगे हैं, जबकि सिविल सर्विसेज में सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करना कहीं अधिक गौरवपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र व डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने भी अपने बिचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब की प्रबंधक कमेटी, विशेष रूप से जथेदार सरदार बलबीर सिंह, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह, ग्रंथी सिंह साहिब तथा समस्त सेवादारों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# दीवार गिराने के मामले में आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

- 18 जुलाई को आरोपियों ने गिरा दी थी खडी दीवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर/पूरनपुर।** दीवार गिरने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में पंजीकृत करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पीलीभीत सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वाग गुलशेर खां निवासी रामकुमार यादव ने बताया कि उसकी पत्नी शांति देवी के नाम कलीनगर में गाटा संख्या 512 रक्वा 0.806 हैक्टेयर सहखातेदारी में दर्ज है। उसका से खातेदारों से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसके निस्तारण के लिए सात जुलाई को उप जिलाधिकारी कलीनगर के द्वारा टीम गठित कर नाप कराई थी। उसके बाद उसने अपने हिस्से पर दीवार वनाई थी। 18 जुलाई को कलीनगर के वार्ड नंबर 7 निवासी विनोद, नरेश कुमार,प्रताप यादव,शीशपाल, प्रियंका यादव व लीलावती ने मिलकर उसकी दीवार गिरा दी थी। जब विरोध किया तो गाली गलौज देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए थे। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। वमुश्किल विवाद शात कराया गया। पीड़ित ने माधोटांडा पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली थी। जिस पर केस दर्ज कर लिया गया है। जिसकी पडताल शुरू कर दी गई है।







## एक नजर



### सफाई कर्मी के ना आने से गांव में गंदगी के अंबार

**खुदागंज।** क्षेत्र के गांव पालिया दरोबस्त में सफाई कर्मी द्वारा साफ सफाई न किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है उन्होंने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है ग्रामीणो का कहना है कि उनका गांव अत्यधिक बड़ा होने के बाद भी गांव में सफाई कर्मी द्वारा साफ सफाई न किए जाने से गांव में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं वहीं नालियां कीचड़ से बज बजा रही हैं परंतु संबंधित अधिकारी द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता उन्होंने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 47 लाख के 201 गुम मोबाइल बरामद, पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

## एसपी ने पुलिस लाइन में स्वामियों को सौंपे मोबाइल, सर्विलांस सेल व साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहाँपुर।** जनपद पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर 201 लोगों को बड़ी राहत दी है। सर्विलांस सेल, एसओजी और विभिन्न थानों की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने करीब 47 लाख रुपये मूल्य के 201 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए।

रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने शाहजहाँपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस



पुलिस लाइन शाहजहांपुर में बरामद चोरी के मोबाइल के साथ मोबाइल स्वामी।

अधिकारियों ने बताया कि गुम मोबाइलों की शिकायत मिलने के बाद सर्विलांस सेल ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की, जिसके बाद विभिन्न स्थानों से मोबाइल बरामद किए गए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर, क्षेत्राधिकारी अपराध तथा प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। बरामदगी में एसओजी, सर्विलांस सेल और जनपद के सभी थानों की साइबर हेल्प डेस्क ने समन्वित रूप से कार्रवाई की।

### मोबाइल गुम होने पर तुरंत करें शिकायत

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल सीईआईआर (CEIR) पोर्टल, नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें, ताकि मोबाइल को ब्लॉक कर उसकी बरामदगी की प्रक्रिया शुरू की जा सके। साथ ही मोबाइल का IMEI नंबर सुरक्षित रखने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई।

# नगर निगम सदन की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में शनिवार को महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता और प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में नगर निगम सदन की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में . के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में संपत्ति कर की चालू मांग पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, ताकि अधिक से अधिक करदाताओं को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा शहर में मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बड़ी फॉगिंग मशीन

### सितंबर के अंत तक मिल सकती है संपत्ति कर में छूट

खरीदने, स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत पौधारोपण अभियान चलाने, जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नए नालों के निर्माण, दृष्टिबाधित नागरिकों के लिए कल्याण केंद्र की स्थापना, सीएम ग्रिड कार्य के लिए स्वैच्छिक सहायक की नियुक्ति तथा रोजा क्षेत्र के बरेली मोड़-मठिया कॉलोनी में विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर स्थापित कराने जैसे प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शहर के विकास से जुड़े सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को सदन में आए सुझावों और प्रस्तावों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के पार्षद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिलहर के छात्र अविरल का संकुल स्तरीय प्रधानमंत्री पद हुआ चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विहारी लाल सरस्वती विद्या मन्दिर में सकुल स्तरीय छात्र संसद के पदाधिकारियो का गठन किया गया जिसमें संजय सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज , राम मनोहर सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जलालाबाद , सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पुवायां सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज तिलहर बिहारी लाल सरस्वती विद्या शाहजहापुर के छात्र ओ ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बीसलपुर के पूर्व प्रधानाचार्य बीरेन्द्र मिश्राः व अन्य अतिथि गणों के द्वारा दीप प्रज्जलन के साथ हुआ!

समारोह में सर्व प्रथम मुख्य



छात्र संसद के पदाधिकारियों के साथ शिक्षक गण। -जागरण मोर्चा

अतिथि मार्ग दर्शन में सकुल प्रधानमंत्री के रुप अविरल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कालेज तिलहर, वंदना प्रमुख आयुष मौर्य सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज तिलहर पुस्तकालय प्रमुख आयुष मान मिश्रा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज तिलहर शारीरिक प्रमुख बिहारी लाल विधा मंदिर के छात्र अनुशासन प्रमुख संजय सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज शाहजहापुर के छात्र संसदीय कार्य मंत्री सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पुवायां के छात्र का चयन किया गया जिसमें सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज तिलहर के आचार्य जितेन्द्र मिश्रा ने छात्र संसद गठन प्रक्रिया एंव मतदान प्रक्रिया एंव दायित्व निर्भान प्रक्रिया से छात्रा को अवगत कराया बिहारी लाल सरस्वती विधा मंदिर शाहजहापुर प्रधानाचार्य सुशील तिवारी छात्र संसद प्रश्नोत्तरी एंव छात्र परिषद के महत्व प्रेरणा दी!

छात्र प्रशिक्षण वर्ग में संजय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज शाहजहापुर के आचार्य अमरीश मिश्रः, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पुवायां के आचार्य ज्ञानेश जी , सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जलालाबाद के आचार्य राहुल पाठक एंव बिहारी लाल सरस्वती विद्या मन्दिर के समस्त आचार्य उपस्थित रहे सुकुल प्रधानमंत्री के रुप में चयनित अवरल सिंह ने कार्यक्रम के उपरान्त अपने कालेज सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज तिलहर के प्रधानाचार्य डा० जितेन्द्र सिंह चौहान से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कालेज प्रधानाचार्य ने कालेज से सकुल गये सभी छात्रा को शानदार प्रदशन कर कालेज गौरव बढाने के लिए बधाई दी !

# देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला धरा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में रोजा थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जांच के दौरान आरोपी की पहचान थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम उदियापुर निवासी पंकज के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक



देवी देवताओं पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

प्रक्रिया अपनाई जा रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा कि किसी भी धर्म, देवी-देवताओं अथवा समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री पोस्ट या साझा करना कानूनन दंडनीय है। ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर जांच के बाद नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### गोरखपुर निवासी शुभम संदिग्ध अवस्था में मिला, चाइल्ड लाइन को सौंपा

**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह आठ वर्षीय बालक अकेला घूमता मिला। स्टेशन मास्टर की सतर्कता से बच्चे को सुरक्षित जीआरपी के माध्यम से चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया। स्टेशन मास्टर अंकित शुक्ला ने बताया कि ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म पर एक बालक संदिग्ध परिस्थितियों में अकेला टहलता दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम और पिता का नाम आदित्य बताया। बालक ने खुद को गोरखपुर का निवासी बताया, लेकिन



रोजा स्टेशन पर मिला गोरखपुर निवासी 8 वर्षीय शुभम स्टेशन मास्टरके साथ। -जागरण मोर्चा

वह अपने घर का पूरा पता नहीं बता सका। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने तत्काल जीआरपी को सूचना देकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया। साथ ही चाइल्ड लाइन को भी सूचना दी गई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालक को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया गया। अब उसके परिजनों का पता लगाकर सुरक्षित उनके सुपुर्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बीएसए का शिक्षकों पर चला चाबुक, 13 का वेतन और मानदेय रोका

**शाहजहांपुर।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान में शिक्षकों की लापरवाही सामने आने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) जयशंकर श्रीवास्तव ने बड़ी कार्रवाई की है। कांट और मदनापुर क्षेत्र से प्राप्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर 13 शिक्षकों और शिक्षामित्रों का वेतन एवं मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है।बीएसए ने सभी संबंधित शिक्षकों और शिक्षामित्रों को तीन दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।कांट क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मीरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिला। जांच में सहायक अध्यापक अरुण सिंह, अंकुर ढाका तथा शिक्षामित्र राघवेंद्र सिंह के विरुद्ध अनियमितताएं पाई गईं। इसी प्रकार मदनापुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक एवं शिक्षामित्र निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करते मिले, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालयों में अनुशासनहीनता और शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमित निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर चमकी शाहजहांपुर की बेटी, मयूराक्षी राय बनीं 'मिस टीन फोटोजेनिक' की फर्स्ट रनर-अप

**शाहजहांपुर।** जिले की होनहार बेटी मयूराक्षी राय ने राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर शाहजहांपुर का नाम रोशन किया है। हरदोई की सांस्कृतिक संस्था अंतर्ध्वनि द्वारा आयोजित 'मिस टीन फोटोजेनिक' नेशनल ऑनलाइन प्रतियोगिता में मयूराक्षी ने फर्स्ट रनर-अप (द्वितीय स्थान) का खिताब अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर जिले में खुशी की लहर है और उन्हें लगातार बधाइयां



मिस टीन फोटोजेनिक ममूराक्षी राय।

मिल रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के संयोजक कुलदीप द्विवेदी के निर्देशन में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच मयूराक्षी ने अपने आकर्षक व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मयूराक्षी राय वर्तमान में जनता आदर्श इंटर कॉलेज, जलालाबाद में विज्ञान वर्ग की 12वीं की छात्रा हैं। उनके पिता अमरदीप राय उत्तर प्रदेश होमगार्ड विभाग में कार्यरत हैं, जबकि माता नंदिनी राय ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिवार के सहयोग और अपनी मेहनत के दम पर मयूराक्षी लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब मयूराक्षी ने किसी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो। इससे पहले वह शाहजहांपुर महोत्सव-2025 में 'मिस यूपी शाइनिंग स्टार' का खिताब जीत चुकी हैं। इसके अलावा हरदोई युवा महोत्सव में भी उन्होंने मिस हरदोई फर्स्ट रनर-अप का सम्मान प्राप्त किया था। लगातार मिल रही सफलताओं ने उन्हें जिले की उभरती हुई प्रतिभाओं में शामिल कर दिया है। अपनी सफलता पर मयूराक्षी राय ने कहा, "राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप बनना मेरे लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। इस उपलब्धि का श्रेय मैं अपने माता-पिता, गुरुजनों और उन सभी शुभचिंतकों को देती हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा हौसला बढ़ाया। आगे भी पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का प्रयास करती रहूंगी।" मयूराक्षी की इस उपलब्धि पर उनके विद्यालय के शिक्षकों, परिवार, मित्रों, शुभचिंतकों और शहरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी सफलता ने जिले की अन्य बेटियों को भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की नई प्रेरणा दी है।

# निर्माण के पंद्रह दिन बाद ही खोद डाली सड़क



पालिका कार्यालय के निकट स्थित बहादुरगंज को जाने वाला मार्ग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद तिलहर में किस प्रकार सरकारी धन के दुरुपयोग के प्रकरण सामने आ रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण नगर पालिका कार्यालय के निकट उमा टॉकीज वाली गली है इसके निर्माण के 15 दिन बाद ही ठेकेदार ने सड़क खोदकर डाल दी जिससे आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह से ठप हो गया है बरसात होने के कारण नाले में मलवा भर जाने से पानी ओवरफ्लो हो रहा है और बहादुरगंज से आवागमन करने वाले नागरिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कुंवरगंज निवासी जयेंद्र शर्मा बहादुरगंज निवासी आदित्य शर्मा आशीष शर्मा राजू गुप्ता। अंकुर गुप्ता आदि ने अधिशासी अधिकारी से उमा टॉकीज वाले मार्ग को तत्काल प्रभाव से ठीक करा कर आवागमन सुचारू कराने की मांग की है ।

# चौक में निकली भगवान जगन्नाथ की शोभा यात्रा

**शाहजहाँपुर।** चौक क्षेत्र से भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि के पावन अवसर पर शुरू हुई इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर परिक्रमा पर निकले। रथयात्रा के मुख्य आकर्षण और आयोजनभक्तिमय माहौलः यात्रा के दौरान पूरा चौक क्षेत्र 'जय जगन्नाथ' और 'हरे कृष्णा' के जयकारों से गुंजायमान रहा।भव्य झांकियांः रथयात्रा में मनमोहक और रंग-बिरंगी धार्मिक झांकियां शामिल की गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं ठंडा भगवान के रथ की रस्सी खींचने और दर्शन करने के लिए सड़कों पर हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु उमड़ पड़े।

# सीएचसी नगरिया में बेहतर चिकिसा ट्रॉमा सेंटर की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जलालाबाद (शाहजहाँपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया, जलालाबाद में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण एक मरीज की असमय मौत का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने और जलालाबाद में एक आधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए सांसद अरुण सागर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के अनुसार, बीती 11 जुलाई 2026 (शनिवार) की रात जलालाबाद (परशुरामपुरी) के मोहल्ला बाबू नगर निवासी स्व. हर्ष परमार को अचानक सांस लेने में गंभीर परेशानी हुई। परिजन उन्हें तुरंत CHC नगरिया लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में मरीज को उतारने के लिए समय पर स्ट्रेचर तक नहीं मिला। गंभीर स्थिति होने के बावजूद डॉक्टर समय पर उपस्थित नहीं थे और अस्पताल में ECG व उचित प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी।

मरीज की बिगड़ती हालत को देख डॉक्टरों ने उन्हें शाहजहाँपुर रेफर कर दिया। आरोप है कि रेफर के दौरान अस्पताल प्रशासन द्वारा जो ऑक्सीजन सिलेंडर दिया गया था, उसने बीच रास्ते में ही काम करना बंद कर दिया। पर्याप्त ऑक्सीजन न मिलने और इलाज में हुई देरी के कारण रास्ते में ही मरीज (हर्ष परमार) का दुखद निधन हो गया। पीड़ित परिवार ने इस पूरी घटना की निष्पक्ष जाँच कराने की मांग की है। उत्कर्ष परमार के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरिया में प्रशिक्षित इमरजेंसी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और फिजिशियन/हृदय रोग विशेषज्ञ की नियमित OPD शुरू की जाए। रेफर करने से पहले मरीज को ECG, ऑक्सीजन, CPR और जरूरी जीवनरक्षक दवाएं दी जाएं। अस्पताल में पर्याप्त स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, ECG मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, कार्डियक मॉनिटर और डिफिब्रिलेटर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही चालू ऑक्सीजन सिलेंडर और प्रशिक्षित स्टाफ युक्त एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए जलालाबाद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए एक आधुनिक ट्रॉमा, न्यूरो-ट्रॉमा एवं क्रिटिकल केयर सेंटर स्थापित किया जाए, जिसमें ICU, वेंटिलेटर, ऑपरेशन थिएटर और ब्लड स्टोरेज यूनिट की सुविधा हो। इस दौरान उत्कर्ष परमार के साथ गौरव प्रताप राघव, अभय परमार, पंकज वर्मा, निर्भय सिंह, अभिषेक कुमार और अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**ज्ञापन** टीईटी से मुक्ति दिलाने की मांग

# बारिश में भीगते शिक्षकों की सांसद की चौखट पर गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मूसलाधार बारिश में क्षेत्रीय भाजपा सांसद अरुण सागर के आवास पर पहुंचकर शिक्षकों ने सांसद से टीईटी से मुक्ति गुहार लगाई है। रविवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय सचिव अर्चना तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं सांसद अरुण कुमार सागर के आवास पहुंचे और टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सांसद से मानसून सत्र में यह मुद्दा उठाने और पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए कानून बनाने की मांग की। शिक्षकों का कहना था कि एनसीटीई के संशोधन के बाद वर्षों से कार्यरत लाखों शिक्षकों की



भाजपा सांसद अरुण सागर के आवास परज्ञापन देते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है। जो शिक्षक 20 से 30 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य कर रहे हैं, उनके लिए बीच सेवा में नई पात्रता लागू करना न्यायसंगत नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 तथा एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी। बाद में हुए संशोधनों और न्यायालय के आदेशों की व्याख्या के चलते सेवा समाप्ति का खतरा पैदा हो गया है। शिक्षकों ने मांग की कि संसद कानून बनाकर पहले से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त करे और नियुक्ति नियमावली की मूल भावना बहाल की जाए। बारिश के बीच बड़ी संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि उनकी पीड़ा को संसद में उठाकर न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

ज्ञापन देने वालों में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, आनंद बिहारी बाजपेई, कांट अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, राकेश रोशन, उमेश चंद्र सक्सेना, डॉ. विमलेश त्रिपाठी, नीरज वर्मा, जुल्फेकार, ओम प्रकाश राजपूत, बृजेश कुमार, विजयकांत शर्मा, सुशील गुप्ता, रुपेश द्विवेदी, सुरेंद्र सिंह, तोताराम, मधुरिमा तिवारी, ममता शर्मा, श्रुति शर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# दुर्गा मंदिर कॉरिडोर निर्माण में अतिक्रमण बना रोड़ा

## 80 लाख की परियोजना अटकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर में विकास की कई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। इनमें दुर्गा मंदिर कॉरिडोर परियोजना भी शामिल है, जो अतिक्रमण के कारण लंबे समय से अधर में लटकी हुई है। करीब 80 लाख रुपये की लागत से सड़क, नाली और फैंसी लाइट लगाने का कार्य कराया जाना है, लेकिन अभी तक यह योजना पूरी नहीं हो सकी है। दुर्गा मंदिर के पीछे बनने वाली सड़क का केवल एक हिस्सा ही तैयार हो पाया है। वहीं, सड़क किनारे लगाई गई फैंसी लाइटें भी उपयोग के बजाय शोपीस बनकर रह गई हैं। अधूरे निर्माण के कारण स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता ने बताया कि परियोजना का कार्य अतिक्रमण के कारण रुका हुआ है। उनका कहना है कि अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर आयुक्त को कई बार लिखित पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन मंडी क्षेत्र के व्यापारी अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं हैं। जब तक अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक शेष निर्माण कार्य पूरा कराना संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों की विकास योजनाएं समय पर पूरी न होने से सरकारी धन का पूरा लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द अतिक्रमण हटाकर दुर्गा मंदिर कॉरिडोर का निर्माण पूरा कराने की मांग की है ।

# 111 मौतों के बाद सीएम योगी का बड़ा फैसला: अब आपदा से पहले मिलेगा अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में खराब मौसम, आकाशीय बिजली और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण 111 लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने का बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब राज्य में आपदा आने से पहले लोगों तक समय पर चेतावनी (अर्ली वार्निंग सिस्टम) पहुंचाने की व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाया जाएगा, ताकि जनहानि को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आधुनिक तकनीक, बेहतर समन्वय और व्यापक जनजागरूकता के माध्यम से लोगों की जान बचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के नए मुख्यालय भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल राहत और बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू समय रहते लोगों को सचेत करना और उन्हें तैयार करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाल के दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में खराब मौसम, बिजली गिरने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण 111 लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने गंभीरता से पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की और एसडीएमए की बैठक बुलाकर अधिकारियों को अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि लोगों को समय रहते मौसम और संभावित खतरे की सही जानकारी मिल जाए तो बड़ी संख्या में जानें बचाई जा सकती हैं। सरकार का उद्देश्य यही है कि हर नागरिक तक समय पर चेतावनी पहुंचे और वह सुरक्षित स्थान पर पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और स्थानीय प्रशासन की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समाज पहले से तैयार रहेगा तो किसी भी आपदा के दौरान नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लोगों को अपनी दिनचर्या में भी आपदा सुरक्षा से जुड़े नियमों को शामिल करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं कभी भी आ सकती हैं, लेकिन तैयारी पहले से होनी चाहिए। यही सफल आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी पहचान है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बचपन से ही परिवार और विद्यालयों में आग लगने, भूकंप, बाढ़, बिजली गिरने और अन्य आपदाओं के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाती रही है। अब समय आ गया है कि इस प्रशिक्षण को और व्यवस्थित तथा व्यावहारिक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जब लोग आपदा के समय घबराते हैं तो नुकसान बढ़ जाता है, जबकि सही जानकारी, संयम और समय पर लिया गया निर्णय कई लोगों की जान बचा सकता है।

## 1.13 करोड़ की नशीली दवाओं का जखीरा बरामद

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में शहर के बड़गांव इलाके में नशीली और नारकोटिक्स दवाओं के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। औषधि विभाग की टीम ने 16 से 18 जुलाई तक तीन अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारकर 107 बोरियों में रखी नारकोटिक्स और एलोपैथिक की दवाएं पकड़ीं। इन दवाओं की कीमत करीब 1.13 करोड़ रुपये है। टीम ने 19 दवाओं के नमूने लिए हैं। पुलिस ने मामले में एक आरोपी शिवम कसौधन को गिरफ्तार किया है। उसके भाई अमन कसौधन की भी मामले में भूमिका सामने आई है। दोनों के खिलाफ कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के निर्देश पर बाराबंकी की औषधि निरीक्षक रजिया बानो के नेतृत्व में गोंडा के औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा, अयोध्या के आलोक त्रिवेदी, बहराइच के विनय कृष्णा, श्रावस्ती के श्रीकांत गुप्ता, सुल्तानपुर के राजू प्रसाद, गोरखपुर के श्रीधेश्वर शुक्ल, बस्ती के मुकेश कुमार व सिद्धार्थनगर के औषधि निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने दवाओं के अवैध कारोबार की जांच शुरू की है।

## संक्षेप समाचार

### बंधक बना खाते में डाले ठगी के 19 हजार, फिर निकाले



**लखनऊ।** वजीरगंज में पांच जुलाई को साइबर ठग ने असम निवासी लेखक प्रदीप खदरिया से 19 हजार रुपये ठग लिए। उसने पीजीआई की वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-7 निवासी ऑटो चालक अर्जुन कुमार के खाते में यह रकम ट्रांसफर कराई थी। ठग ने फिर अर्जुन को बंधक बनाकर उनके खाते से रकम निकलवा ली। पीड़ित अर्जुन की शिकायत पर वजीरगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिलाष चक्रवर्ती है। वह गोरखपुर के सूर्य विहार चौराहे का रहने वाला है और मूलरूप से पश्चिम बंगाल का है। 17 जुलाई को अर्जुन ने खाता फ्रीज होने की तहरीर दी थी। छानबीन में पता चला कि असम की साइबर सेल ने चालक का अकाउंट फ्रीज कराया था। पूछताछ में अर्जुन ने खुद को बंधक बनाए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। अभिलाष के अनुसार, पांच जुलाई को उसने रात में टंडन मार्ग से कैसरबाग चौराहे तक कैब बुकी की। इसके बाद लेखक प्रदीप खदरिया से खुद को रिश्तेदार बताकर 19 हजार रुपये मांगे। उसने ऑटो चालक अर्जुन के मोबाइल से क्यूआर कोड भेजकर रकम ट्रांसफर कराई। फिर अर्जुन को बंधक बनाकर पांच घंटे तक अमीनाबाद, कैसरबाग और वजीरगंज में घुमाता रहा।

### पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि, पति-सास-ननद गिरफ्तार





**लखनऊ।** इटौंजा के तुर्की निवासी नवविवाहिता हिमांशी कश्यप की मौत डूबने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके सिर पर चोट भी मिली है, जो जिंदा नहर में फेंके जाने का संकेत देती है। शनिवार को इटौंजा पुलिस ने हिमांशी के पति प्रदीप, सास सुनीता और ननद राखी को गिरफ्तार किया है। एसीपी बख्शी का तालाब विकास पांडेय ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में 12 जुलाई को हिमांशी के आत्महत्या करने की बात कबूली। परिवार के फंसने के डर से प्रदीप ने शव को कार में रखा और मां सुनीता और बहन राखी को भी बैठाया। उन्होंने शव को चिनहट स्थित इंदिरा नहर में फेंक दिया। पुलिस को हिमांशी का हाथ से लिखा सुसाइड नोट भी मिला, जिसे फोरेंसिक लैब भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद हिमांशी का शव मायके वालों को सौंप दिया गया। एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर विशेषज्ञ की राय ली जाएगी। हिमांशी के ससुर श्रीराम, ननद प्रीति और भांजा शिवा हिरासत में हैं। जेठ संदीप की तलाश जारी है।

### गोमतीनगर में 85 करोड़ से सुधरेगी नालों की सेहत

**लखनऊ।** गोमतीनगर व गोमतीनगर विस्तार की 15 लाख की आबादी को जलभराव से जल्द राहत मिलेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आईआईटी रुड़की की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 85 करोड़ रुपये से नालों का सुधार कार्य शुरू किया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को इनका निरीक्षण किया और दिसंबर तक काम पूरा करने के निर्देश दिए। विनयखंड में 63 करोड़ रुपये से 3 किमी लंबे नाले का सुदृढ़ीकरण हो रहा है। विनीत खंड में 13 करोड़ रुपये से 1.4 किलोमीटर नाले की क्षमता वृद्धि की जा रही है। विराजखंड और विनम्रखंड में भी 2 किमी आरसीसी नाले का निर्माण व क्षमता वृद्धि हो रही है। विभूतिखंड में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 40 लाख रुपये से एक संपवेल विकसित किया गया है। उपाध्यक्ष ने मैक्स हॉस्पिटल के पास डेढ़ लाख वर्गफीट अर्जित भूमि का भी निरीक्षण किया और रेलवे अधिकारियों के साथ प्रस्ताव तैयार करने को कहा। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में पुलिस मुख्यालय के पीछे 45 मीटर चौड़ी क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिए भी टेंडर कराने के निर्देश दिए गए।

# लखनऊ कोचिंग अग्निकांड: 15 मौतों वाली इमारत जल्द होगी ध्वस्त, एलडीए ने तेज की कार्रवाई

## सामान हटाने का काम जारी, अल्टीमेटम खत्म होने में बचे सिर्फ पांच दिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज सेक्टर-डी स्थित उस इमारत को जल्द ध्वस्त किया जाएगा, जहां 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने भवन स्वामी को स्वयं भवन गिराने के लिए 15 दिन का समय दिया था। अब इस अवधि के समाप्त होने में केवल पांच दिन शेष हैं। ऐसे में इमारत से सामान निकालने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। रविवार को भवन के भीतर मौजूद सामान को बाहर निकालने का कार्य जारी रहा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।





एलडीए ने 10 जुलाई को भवन स्वामी को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर स्वयं इमारत ध्वस्त करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों का कहना है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक भवन मालिक कार्रवाई नहीं करता है, तो प्राधिकरण अपने स्तर पर ध्वस्तीकरण की पूरी प्रक्रिया शुरू करेगा। रविवार को भवन से फर्नीचर, मशीनरी और अन्य सामान निकालने का कार्य जारी रहा। भवन के भूतल पर संचालित पेट शॉप से भी सामान हटाया गया, ताकि ध्वस्तीकरण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। 22 जून को अलीगंज सेक्टर-डी स्थित बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि भवन में मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना के बाद पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई थी। राहत और बचाव कार्य कई घंटों तक चला। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था।

# राजधानी में चार वर्ष की मासूम बच्ची से हैवानियत, आरोपी वैन चालक गिरफ्तार





जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नर्सरी की चार वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप स्कूल वैन चालक गिरीश मिश्रा पर लगा है। घटना तालकटोरा थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम स्थित एक निजी स्कूल की है। बताया गया कि बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकीय जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद परिजनों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वैन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी गिरीश मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

# लोकबंधु अस्पताल में इलाज में देरी से मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी के लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में इलाज में कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि मरीज को भर्ती कराने के बाद करीब एक घंटे तक डॉक्टर इलाज के लिए नहीं पहुंचे, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। इस दौरान डॉक्टर और तीमारदारों के बीच धक्कामुक्की भी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, आलमबाग के अलीनगर सुनहरा निवासी जगजीवन (65) को शुक्रवार रात सांस लेने में तकलीफ होने पर उनका बेटा दीपक लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचा। परिजनों का आरोप है कि सबसे पहले पर्चा बनाने में करीब आधा घंटा लग गया। इसके बाद भी



लंबे समय तक कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया। समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। मरीज की मौत से आक्रोशित परिजनों ने इमरजेंसी मेडिकल अफसर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान डॉक्टर और तीमारदारों के बीच कहासुनी हुई, जो धक्कामुक्की तक पहुंच गई। इस पूरी घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। मृतक के बेटे दीपक ने संबंधित डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय पर इलाज मिल जाता तो उनके पिता की जान बच सकती थी। वहीं, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने भी तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि इमरजेंसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी सीधे मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है।

# पॉलीटेक्निक छात्रों को अदाणी स्किल देगी आधुनिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए जल्द होगा एमओयू

## प्राविधिक शिक्षा विभाग की बड़ी पहल, उद्योगों की जरूरत के अनुरूप तैयार होंगे डिप्लोमा छात्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में अब आईटीआई के बाद पॉलीटेक्निक छात्रों को भी आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्राविधिक शिक्षा विभाग जल्द ही अदाणी स्किल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने जा रहा है। इस पहल के माध्यम से डिप्लोमा छात्रों को कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल डिप्लोमा प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को ऐसा व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है जिससे वे पढ़ाई पूरी करते ही



रोजगार के लिए तैयार हों। इसी सोच के तहत प्राविधिक शिक्षा विभाग पहले टाटा समूह के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है और अब अदाणी स्किल के साथ भी साझेदारी करने जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस एमओयू का उद्देश्य छात्रों को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है, ताकि उन्हें नौकरी पाने में कठिनाई न हो और उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। एमओयू के तहत अदाणी स्किल द्वारा पॉलीटेक्निक छात्रों को आधुनिक तकनीकों से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें तकनीकी दक्षता के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, कार्यस्थल पर व्यवहार, टीमवर्क और रोजगार संबंधी आवश्यक कौशल विकसित किए जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि आज के समय में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। कंपनियां ऐसे युवाओं को प्राथमिकता देती हैं जिनके पास तकनीकी योग्यता के साथ व्यावहारिक कौशल और पेशेवर व्यवहार भी हो। यही कारण है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू छात्रों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से जोड़ना है। प्रशिक्षण के बाद छात्रों को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त होगा। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएंगी। विभाग का मानना है कि उद्योगों से सीधा जुड़ाव छात्रों के करियर को नई दिशा देगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

### पासआउट छात्रों को भी मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ केवल वर्तमान छात्रों तक सीमित नहीं रहेगा। प्राविधिक शिक्षा विभाग पिछले दो वर्षों में पासआउट हुए डिप्लोमा छात्रों को भी अदाणी स्किल का उपलब्ध कराएगा, ताकि उन्हें भी प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और रोजगार के अवसर मिल सकें। इससे ऐसे युवाओं को भी लाभ मिलेगा जो डिप्लोमा करने के बाद अभी तक रोजगार नहीं प्राप्त कर सके हैं।

# वाहनों की फिटनेस के लिए एटीएस पर वसूली जा रही एंट्री फीस

**लखनऊ।** वाहनों की फिटनेस के लिए एटीएस (ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन) पर एंट्री फीस वसूली जा रही है। रविवार को बीकेटी स्थित एटीएस भारत एसोसिएट्स में होने वाली इस वसूली का वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद परिवहन विभाग के अधिकारी हरकत में आए। जांच की मांग की जा रही है। राजधानी में दो एटीएस हैं। यह निजी फिटनेस सेंटर हैं। दोनों ही एटीएस बीकेटी में संचालित हैं। इससे पूर्व संबंधित इंस्पेक्शन एंड सर्टिफिकेशन आईएसीसी सेंटर में वाहनों की फिटनेस का काम होता था। यहां 120 वाहनों की फिटनेस का स्लॉट था। लेकिन परिवहन विभाग की ओर से इसे बंद कर निजी फिटनेस सेंटर खोला गया। बीकेटी में एक के बाद एक, दो निजी फिटनेस सेंटर एटीएस खुल चुके हैं। रविवार को बख्शी का तालाब स्थित भारत एसोसिएट्स फिटनेस सेंटर का वीडियो वायरल हुआ। इसमें वाहन संख्या यूपी 32 आरएन 3266 के संचालक निशांत ने एटीएस कर्मियों पर आरोप लगाया कि उनसे पांच सौ रुपये एंट्री फीस मांगी गई।

# सिविल अस्पताल में फर्श पर घिसटता रहा लावारिस मरीज



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** सिविल अस्पताल के लावारिस वार्ड में मरीजों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। शनिवार को इस वार्ड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें एक बुजुर्ग मरीज फर्श पर घिसटता दिखा। मरीज के पास फर्श पर कीड़े रेंग रहे थे। वार्ड में इतनी बदबू थी कि वहां सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। सिविल अस्पताल में लावारिस मरीजों के इलाज के लिए पदश्री डॉ. एससी राय वार्ड बना है। यहां चार बेड हैं। शनिवार को एक बुजुर्ग लावारिस मरीज को यहां भर्ती किया गया। स्टाफ मरीज को बेड पर लिटाकर गया था। चलने-फिरने में असमर्थ मरीज फर्श पर घिसट-घिसट कर बाथरूम की तरफ जा रहा था। वार्ड में भर्ती दो अन्य लावारिस मरीजों ने बताया कि यहां रोजाना डॉक्टर नहीं आते। ऐसे में मरीजों का इलाज भगवान भरोसे है। इस वायरल वीडियो ने कई सवाल खड़े किए हैं। लोग अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। लावारिस मरीजों के प्रति संवेदनशीलता की कमी साफ दिख रही है।

# बीटेक प्रवेश: पहले चरण में 31,958 सीटों का आवंटन

## 52 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को मिला सीट आवंटन, आईईटी लखनऊ सबसे पसंदीदा संस्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीटेक प्रवेश प्रक्रिया के तहत पहले चरण का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। पहले चरण में 52,021 अभ्यर्थियों को विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में 31,958 सीटें आवंटित की गई हैं। इस बार भी छात्रों की पहली पसंद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ, बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीआईईटी) झांसी और कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केएनआईटी) सुल्तानपुर रहे। विश्वविद्यालय के अनुसार, पहले चरण में सरकारी इंजीनियरिंग संस्थानों में सीटों पर बेहतर आवंटन देखने को मिला। आईईटी



लखनऊ की 622 सीटों में से 609, सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (सीएएस) लखनऊ की 233 में से 222, बीआईईटी झांसी की 699 में से 667 तथा केएनआईटी सुल्तानपुर की 510 में से 489 सीटें आवंटित की गई हैं। इसके अलावा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी बड़ी संख्या में सीटें आवंटित हुई हैं। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रतापगढ़ की 303 में से 264, बस्ती की 303 में से 250, मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा की 303 में से 227, अंबेडकर नगर की 207 में से 176, बांदा की 207 में से 170 तथा आजमगढ़ की 201 में से 120 सीटों पर छात्रों का आवंटन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। अभ्यर्थियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सीट स्वीकृत करने, आवश्यक शुल्क जमा करने तथा संबंधित संस्थान में प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। एकेटीयू का मानना है कि इस वर्ष भी सरकारी इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ा है। आगामी चरणों में शेष सीटों का आवंटन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उनकी वरीयता के अनुसार संस्थान उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा-2027 की तैयारी में लापरवाही, 770 में सिर्फ 14 विद्यालयों ने अपलोड किया डाटा

## डीआईओएस ने 16 नोडल प्रभारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2027 के परीक्षा केंद्र निर्धारण की तैयारियों में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिले के 770 विद्यालयों में से अब तक केवल 14 विद्यालयों ने ही अपनी आधारभूत सूचनाएं यूपी बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड की हैं, जबकि 756 विद्यालयों का डाटा अब भी लंबित है। इससे परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) देवेंद्र कुमार पांडेय ने संबंधित 16 नोडल प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया गया कि ये सभी नोडल प्रभारी समीक्षा बैठक में भी अनुपस्थित रहे, जिसे विभाग ने





गंभीर लापरवाही माना है।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों का समयबद्ध निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्यालयों से उनकी आधारभूत सुविधाओं, भवन, कक्षों, फर्नीचर, सीसीटीवी, पेयजल, शौचालय सहित अन्य भौतिक संसाधनों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जीआईसी जुबली, जीजीआईसी यूपी सैनिक स्कूल सहित विभिन्न राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और उप-प्रधानाचार्यों को नोडल प्रभारी बनाया गया है। हालांकि निर्धारित समय के बावजूद अधिकांश विद्यालयों का डाटा अपलोड नहीं हो सका। जिले के कुल 770 विद्यालयों में से केवल 14 विद्यालयों ने ही पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराई है, जो कुल विद्यालयों का दो प्रतिशत भी नहीं है। डीआईओएस ने सभी नोडल प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल संबंधित विद्यालयों का डाटा अपलोड कराएं, ताकि परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि परीक्षा की पारदर्शिता और सुचारु संचालन के लिए समय पर डाटा अपलोड होना बेहद आवश्यक है। ऐसे में सभी विद्यालयों को निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी सूचनाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।



## चैंपियन टीम को पहली बार मिलेगी इतनी मोटी रकम

# 8395 करोड़ की इनामी राशि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कई ऐसे रिकॉर्ड बने जो पहली बार देखने को मिले। वहीं पहली बार टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 48 टीमे खेलीं, सबसे ज्यादा मैच हुए और सबसे लंबा फीफा वर्ल्ड कप भी यही रहा। इस टूर्नामेंट के लिए प्राइज मनी भी ऐतिहासिक है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के इतिहास की सबसे बड़ी प्राइज मनी का इस बार ऐलान किया गया है। इस बार टूर्नामेंट के लिए कुल 871 मिलियन डॉलर (करीब 8,395.65 करोड़ भारतीय रुपये) का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल रखा गया है।




इस बार फीफा विश्व कप 2026 की प्राइज मनी कुल 871 मिलियन डॉलर की राशि में से 703 मिलियन डॉलर (करीब 6775.8 करोड़ भारतीय रुपये) प्रदर्शन के आधार पर बांटे जाएंगे। वहीं 168 मिलियन डॉलर (करीब 1619.2 करोड़ रुपये) सभी क्वालिफाई करने वाली टीमों को भागीदारी शुल्क और तैयारी करने के अनुदान के रूप में मिलेंगे। पिछले संस्करण की बात करें तो विजेता टीम को 348 करोड़ भारतीय रुपये (42 मिलियन डॉलर) मिले थे। रनर अप को 248 करोड़ की राशि दी गई थी। जबकि टूर्नामेंट में शामिल 32 टीमों में कुल 3600 करोड़ रुपए से ज्यादा की इनामी राशि बांटी गई थी।

इस बार फीफा वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने वाली हर टीम को करीब 12.5 मिलियन डॉलर (करीब 120.4 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। वहीं फीफा द्वारा यह ऐलान भी किया गया है कि इस बार विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को एक खास गोल्डन रिंग भी दी जाएगी।

### 2026 की प्राइज मनी

- **चैंपियन टीम :** 51 मिलियन डॉलर (490 करोड़ भारतीय रुपये)
- **रनर अप :** 33 मिलियन डॉलर (317 करोड़ भारतीय रुपये)
- **तीसरे स्थान :** 29 मिलियन डॉलर (279 करोड़ भारतीय रुपये)
- **चौथे स्थान :** 27 मिलियन डॉलर (259 करोड़ भारतीय रुपये)
- **5वें-8वें स्थान :** 182 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **9वें-16वें स्थान :** 144 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **17वें-32वें स्थान :** 105 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **33वें-48वें स्थान :** 86 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम

### अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होगा फाइनल

दूसरी ओर, मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड ने पहले हाफ में बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरे हाफ में एंजो फर्नांडीज ने बराबरी का गोल दागा। इसके बाद इंजरी टाइम में लाउतारो मार्टिनेज ने विजयी गोल कर अर्जेंटीना को फाइनल का टिकट दिला दिया। इस हार के साथ इंग्लैंड का 1966 के बाद पहली बार विश्व कप फाइनल खेलने का सपना टूट गया। वहीं स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 2010 में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला मौका है जब स्पेन की टीम विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।

## 28314 रन, 1043 विकेट

# नहीं रहे महान ऑलराउंडर गैरी सोबर्स

### बर्थडे से 11 दिन पहले ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)** वेस्टइंडीज ही नहीं क्रिकेट जगत के महान ऑलराउंडर गैरफील्ड सोबर्स का शुक्रवार 17 जुलाई को निधन हो गया। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसी महीने 28 जुलाई को वह 90 साल के पूरे हो जाते। मगर अब क्रिकेट इतिहास का यह अनोखा सितारा दुनिया को अलविदा कह गया। सर गैरी सोबर्स के नाम रेड बॉल क्रिकेट में 28 हजार से ज्यादा रन और 1043 विकेट दर्ज हैं। उनके बेटे डैनियल सोबर्स ने इस खबर की पुष्टि की।



गैरी सोबर्स का नाम क्रिकेट जगत के महान ऑलराउंडर्स में गिना जाता है। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 28314 रन बनाए हैं जिसमें से 8032 रन 160 पारियों में उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए बनाए। वहीं गेंदबाजी में उनके नाम रेड बॉल क्रिकेट में 1043 विकेट दर्ज हैं और वेस्टइंडीज के लिए भी उन्होंने 159 पारियों में 235 विकेट झटके थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा भी गैरी सोबर्स के निधन पर दुख जताया गया है। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए शोक व्यक्त किया और खास मैसेज भी लिखा। बीसीसीआई ने लिखा, 'बीसीसीआई सर गैरफील्ड सोबर्स के निधन पर शोक जताता है। वह खेल के एक रियल आइकन थे और क्रिकेट जगत के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर थे। उनकी उपलब्धियां कैरेबियन क्रिकेट के लिए हमेशा यादों का हिस्सा रहेंगी। उनके परिवार, दोस्तों और सभी खेल प्रेमियों के लिए सांत्वना।'

# तीसरे वनडे से पहले भारत को झटका

- मैच विनर खिलाड़ी बाहर आज राहुल-इशान दोनों को मिल सकता मौका!



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोटिल हो गए थे। बल्लेबाजी के दौरान ही उनके पैर में दिक्कत थी और उपचार के तुरंत बाद अगली ही गेंद पर वह आउट भी हो गए थे। इसके बाद ना वह फील्डिंग करने उतरे और एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं की। अब तीसरे वनडे से पहले उनके बाहर होने की जानकारी सामने आ रही है। वाशिंगटन सुंदर को लेकर क्रिकइंफो ने रिपोर्ट दी है कि भारतीय ऑलराउंडर तीसरे वनडे से बाहर हो सकता है। सुंदर के बाहर होने पर कुलदीप यादव को टीम में एंट्री मिल सकती है।

सुंदर ने पहले मैच में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी और छक्का लगाते हुए भारत को जीत तक पहुंचाया था। ऐसे में उनका बाहर होना तीसरे व निर्णायक मैच से पहले टीम इंडिया के लिए एक झटका हो सकता है।

### वाशिंगटन सुंदर के बाहर होने से क्यों बढ़ेगी परेशानी?

दरअसल वाशिंगटन सुंदर ने पहले वनडे में मैच विनिंग अर्धशतकीय पारी खेलते हुए इस बात की उम्मीद फैंस व टीम को दे दी थी कि वह निचले क्रम पर अहम मैच विनिंग पारी बल्ले से खेल सकते हैं। वहीं अक्षर, सुंदर और दुबे तीनों मिलकर 20 ओवर गेंदबाजी का भी कोटा पूरा कर सकते हैं। ऐसे में अब भारत के लिए समस्या यह है कि अगर सुंदर की जगह कुलदीप को मौका मिलता है तब भारत का एक बल्लेबाज कम हो जाएगा। ऐसे में उन्हें एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज अतिरिक्त खिलाना पड़ सकता है। ऐसा करने पर टीम में पांच स्पेशलिस्ट गेंदबाज ही रहे जाएंगे।

# तीसरे ODI का बदलेगा समय

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला जाएगा। इस मुकाबले में फैंस के मन में अब नई उत्सुकता होगी अपने पसंदीदा स्टार रोहित शर्मा को देखने की। आपको बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच कार्डिफ में खेला गया दूसरा वनडे मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे शुरू हुआ था। इस मुकाबले का टॉस शाम 5 बजे हुआ था। जबकि पहला वनडे मैच बर्मिंघम में दोपहर 3.30 बजे से खेला गया था। अब तीसरे वनडे मुकाबले का समय भी बदल चुका है। तीसरा वनडे मैच भी पहले वनडे के समय पर ही खेला जाएगा। अटकलें ऐसी हैं कि रोहित का यह आखिरी मैच भी हो सकता है।

### लॉर्ड्स में कितने बजे शुरू होगा मुकाबला?



### कितने बजे शुरू होगा लॉर्ड्स वनडे?

लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इस मैच का टॉस दोपहर 3 बजे होगा। सीरीज का यह मुकाबला निर्णायक भी होने वाला है। पहला मैच भारत ने जीता था और दूसरा मुकाबला इंग्लैंड ने जीतते हुए सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया था। अब लॉर्ड्स में होने वाला मुकाबला सीरीज का डिसाइडर मैच होगा।

# सचिन-गांगुली टॉप पर, रोहित-विराट नंबर सिक्स

- वनडे में सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी करने वाले शीर्ष 6 बल्लेबाजों की जोड़ी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा बड़ा स्कोर तो नहीं कर पाए थे, लेकिन विराट कोहली अर्धशतकीय पारी खेलने में सफल रहे थे। इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए भारत के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की थी और वनडे प्रारूप में दोनों के बीच ये 38वीं 50 प्लस साझेदारी थी। इस साझेदारी के बाद रोहित और कोहली वनडे में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस रन की अर्धशतकीय साझेदारी करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सातवें नंबर पर आ गए।



**रोहित-कोहली के बीच हुई 38वीं बार 50 प्लस रन की साझेदारी-** रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 26 रन की पारी खेली जबकि विराट कोहली ने 65 रन बनाए। इस मुकाबले में शुभमन गिल जब 31 रन बनाकर आउट हो गए तब तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए कोहली और ओपन कर रहे रोहित शर्मा के बीच दूसरे विकेट के लिए लॉर्ड्स में 61 गेंदों पर 60 रन की अच्छी पार्टनरशिप हुई। इसके बाद रोहित शर्मा आउट हो गए और ये साझेदारी टूट गई।

# शेयर बाजार में तेजी, पांच कंपनियों ने जोड़े 1.54 लाख करोड़

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में तेजी के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच की कुल बाजार पूंजी में 1.54 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा फायदा हुआ।

पिछले हफ्ते बीएसई का सेंसेक्स 582.06 अंक यानी 0.75 फीसदी चढ़ा, जबकि एनएसई का निफ्टी 127.4 अंक यानी 0.52 फीसदी बढ़ा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, भारतीय शेयर बाजार ने पिछले सप्ताह मजबूती के साथ कारोबार समाप्त किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता के बावजूद बाजार में सुधार जारी रहा।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अच्छे नतीजों, टीसीएस के शेयर में सप्ताह के दौरान करीब 10 फीसदी की बढ़त, वित्तीय शेयरों में दोबारा खरीदारी और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती से निवेशकों का भरोसा बना रहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और बजाज फाइनेंस की बाजार पूंजी में बढ़ोतरी हुई। वहीं, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार पूंजी में गिरावट दर्ज की गई।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# बिना अनुमति सर्विस चार्ज वसूलने पर कार्रवाई

## 41 रेस्तरां के खिलाफ CCPA का एक्शन, ग्राहकों को रिफंड का भी आदेश

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** रेस्तरां में ग्राहकों के बिल में बिना पूछे सर्विस चार्ज जोड़ने के मामले में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। सीसीपीए ने कहा कि ग्राहकों की सहमति के बिना सर्विस चार्ज वसूलना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन और अनुचित व्यापारिक व्यवहार है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पर बताया कि सर्विस चार्ज पूरी तरह स्वैच्छिक (वैकल्पिक) है। इसे देना या नहीं देना पूरी तरह ग्राहक की इच्छा पर निर्भर करता है। किसी भी रेस्तरां को इसे बिल में अपने आप जोड़ने का अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले रेस्तरां पर जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें भविष्य में बिल में स्वतः सर्विस चार्ज जोड़ना बंद करने का निर्देश दिया गया है।

सीसीपीए ने चायोस (सनशाइन टीहाउस प्राइवेट लिमिटेड) पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही कंपनी को प्रभावित ग्राहकों को वसूला गया सर्विस चार्ज वापस करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा चायोस को अपने सभी आउटलेट्स के सॉफ्टवेयर आधारित बिलिंग सिस्टम में बदलाव करने का निर्देश दिया गया है, ताकि आगे से बिल में अपने आप सर्विस चार्ज न जुड़ सके।

मंत्रालय ने कहा कि जिन अन्य रेस्तरां के खिलाफ शिकायतें मिली हैं, उनके मामलों की भी जांच जारी है।

यह कार्रवाई राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों के आधार पर की गई। जांच के दौरान ग्राहकों के बिलों से पता चला कि कई रेस्तरां ने बिना किसी स्पष्ट सहमति के सर्विस चार्ज जोड़ दिया था। सीसीपीए ने माना कि यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापारिक व्यवहार है और 2022 में जारी सर्विस चार्ज संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन भी है। मंत्रालय ने बताया कि मार्च 2025 में दिल्ली हाईकोर्ट ने सीसीपीए के दिशा-निर्देशों को सही ठहराया था। अदालत ने स्पष्ट किया था कि रेस्तरां द्वारा अनिवार्य रूप से सर्विस चार्ज वसूलने का कोई कानूनी आधार नहीं है और सभी रेस्तरां को इन नियमों का पालन करना होगा।



**इन रेस्तरां के खिलाफ भी आदेश**

सीसीपीए ने निम्नलिखित रेस्तरां के खिलाफ भी अंतिम आदेश जारी किए हैं:

कैफे ब्लू बॉटल, पटना

चाइना गेट रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड

फिएस्टा बारबेक्यू नेशन (बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड)

FOO अहमदाबाद (पेबल स्ट्रीट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड)

एल'ओपेरा फ्रेंच बेकरी प्राइवेट लिमिटेड

जोरो झ द लक्जरी नाइट क्लब (रुद्र हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड)

## महाराष्ट्र में अमेजन डाटा सेंटर का विरोध, कंपनी बोली- नहीं लेंगे स्थानीय पानी-बिजली

**एजेंसी समाचार**

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के बालकुम इलाके में अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के प्रस्तावित डाटा सेंटर के खिलाफ शनिवार को सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह सेंटर 53 एकड़ में बनेगा। आंदोलनकारियों का दावा है कि यह सेंटर रोजाना 1.2 करोड़ लीटर पानी और असीमित बिजली खर्च करेगा। साथ ही, इसके 24 घंटे चलने वाले भारी-भरकम कूलिंग सिस्टम से भयंकर ध्वनि प्रदूषण होगा, जिससे एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले पांच स्कूलों, तीन अस्पतालों और बड़ी रिहायशी सोसायटियों के हजारों लोगों की सेहत दांव पर लग जाएगी। तनाव बढ़ता देख अमेजन ने मोर्चा संभाला। कंपनी ने साफ किया कि यह अत्याधुनिक फैसिलिटी स्थानीय ग्रिड से बिजली नहीं लेगी, बल्कि इसके लिए खुद का हाई-वोल्टेज सब-स्टेशन बनाया जा रहा है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।